रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 8 मार्च 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 197 मूल्य 3.00 ₹

# राष्ट्रीय सम्मान से पुरस्कृत होंगी खुटेरी की जय माँ दुर्गा महिला स्वसहायता समूह की महिलाएं

## ग्रामीण क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री करेंगे सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दीनदयाल अन्त्योदय योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण आजीविका संभाग एमओआरडी द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में बेहतरीन कार्य करने के लिए राजनांदगांव जिले के ग्राम खुटेरी के जय माँ दुर्गा महिला स्वसहायता समूह को आज सम्मानित किया जाएगा। वर्चुअल मोड में आयोजित इस सम्मान समारोह में केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर जय माँ दुर्गा स्वसहायता समूह की महिलाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित करेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया ने जय माँ दुर्गा स्वसहायता समूह की महिलाओं को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए विशेष पहल की जा रही है। राज्य के गौठानों में महिला समूहों की आर्थिक गतिविधियों के संचालन के लिए इंतजाम किए गए हैं, इससे महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन रही है। जय माँ दुर्गा स्वसहायता समूह की महिलाओं ने आर्थिक आजादी के साथ समाज को जागरूक बनाने का कार्य कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर देश के 30 महिला स्वसहायता समूह तथा 10 ग्राम संगठन को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। जिनमें से राजनांदगांव जिले के जय माँ दुर्गा महिला स्वसहायता समूह को यह गौरव प्राप्त हुआ है। समूह की अध्यक्ष लोकेश्वर साहू हैं और सभी ने मिलकर रेडी टू ईट उत्पाद बनाने का कार्य शुरू किया। इसके लिए बैंक से, ग्राम संगठन से और सखी कलस्टर से ऋण लिया गया। समूह की महिलाओं ने 16 कुपोषित बच्चों को गोद लिया और वहीं उन्हें खिचड़ी, फल, दूध, मुर्रा लड्डू, चना एवं रेडी टू ईट से हलवा बनाकर खिलाया करते थे। जिनमें से 14 बच्चे अभी सुपोषित हो गए हैं। राजनांदगांव परियोजना ग्रामीण-1 के 8 समूहों ने मिलकर ग्राम भरेंगांव में 8 जोड़ों की शादी करवाई। वहीं आंगनबाडियों में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों के वजन त्यौहार में सक्रियता पूर्वक भाग लेते हैं। समूह की महिलाओं की गांव को ओडीएफ बनाने की दिशा में सक्रिय भागीदारी रही है। वे गांव में स्वच्छता, डबरी निर्माण एवं अन्य क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। स्वच्छ ग्राम बनाने के लिए स्वच्छता रैली भी समूह की महिलाओं द्वारा निकाली गई। मतदाता शिक्षा एवं मतदाता सहभागिता (स्वीप) तथा ग्राम के प्रत्येक मतदाता को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए समूह की महिलाओं द्वारा कठिन परिश्रम किया गया। समूह की महिलाओं द्वारा किशोरी बालिकाओं को माहवारी के समय सैनेटरी पैड का उपयोग करने के लिए इसके लाभ बताए गए। इसके साथ ही वे बच्चों की स्वच्छता की महत्ता के लिए भी जनसामान्य में जागरूकता ला रही हैं। समूह में शामिल होने के पहले सभी महिलाएं कृषि एवं श्रम कार्यों से जुड़ी हुई थी। समूह से जुड़कर उनके व्यक्तित्व में आए व्यापक परिवर्तन को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। समूह की महिलाओं द्वारा बचत एवं वित्तीय लेन-देन में भागीदारी से उनकी आर्थिक स्थिति सशक्त हुई है। उन्होंने अपने समाज एवं परिवार में एक विशेष स्थान बनाया है और उनके पारिवारिक सदस्य तथा ग्रामवासी उनकी संभावनाओं पर विश्वास करते हैं। 15 दिन में वे रेडी टू ईट का निर्माण करती हैं और प्रति सदस्य 2 हजार रूपए की आय उन्हें प्राप्त होती है। इसके साथ ही वे विभिन्न आजीविका संबंधी गतिविधियों से जुड़ी हुई हैं।

# जब तक है दम, तब तक मैं किसानों के लिए लड़ूंगी : प्रियंका



वार्ता ◄ मेरठ
www.dailypioneer.com

कांग्रेस महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि जब तक दम है तब तक किसानों के लिये लड़ेंगी, चाहे 100 दिन हों या 100 साल। कांग्रेस महासचिव श्रीमती वाड्रा आज उत्तर प्रदेश में मेरठ के कैली गांव में आयोजित किसान महापंचायत को संबोधित कर रही थी। उन्होंने जय जवान जय किसान से महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि मेरठ की धरती 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की गवाह रही है। अंग्रेजी हुकूमत ने उस समय मेरठ और आस पास के क्षेत्रों के किसानों पर भारी दमन किया था और सैकड़ों किसानों को फांसी पर चढ़ा दिया गया था। प्रियंका गांधी ने कहा कि मेरठ की धरती दमनकारी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह एवं किसानों की हक की लड़ाई को संघर्ष के पसीने से सींचने वाली धरती है। उन्होंने कहा कि भापजा सरकार भी अंग्रेजों की ही तरह सरकार किसानों का शोषण कर रही है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी साम्राज्य किसानों को परेशान कर रहा था और भाजपा सरकार भी किसानों का शोषण कर रही है। तीनों कृषि कानून ऐसे कानून हैं जिससे किसान की खेती बुरी तरह प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि कृषि कानून सिर्फ बड़े उद्योगपतियों को लाभ देने वाले हैं। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका, पाकिस्तान, चीन घूमकर आये लेकिन उनके पास दिल्ली के बार्डर पर बैठे किसनों के लिये समय नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को देश के किसान का आदर करना चाहिए जो देशवासियों को अन्न मुहिया करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने 16 हजार करोड़ के दो हवाई जहाज खरीदे हैं जबकि संसद के सौन्द्रीयकर्ण के लिए 20 हजार करोड़ रखे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश का बकाया 15 हजार करोड़ है और उत्तर प्रदेश का बकाया 10 हजार करोड़ है साथ ही किसान बीमे से 26 हजार करोड़ का क्या हुआ इसका जवाब मोदी जी नहीं दे रहे हैं। प्रियंका वाड्रा आज दिल्ली से सड़क मार्ग से मुरादनगर, मोदीनगर होते हुए दोपहर करीब दो बजे कैली गांव पहुंचीं थीं और ट्रैक्टर पर सवार होकर मंच स्थल पहुंची। उनके साथ कांग्रेस के प्रदेश कांग्रेस अजय कुमार लल्लू, राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक, पूर्व विधायक इमरान मसूद, समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने बिरगांव में 121 करोड़ की लागत के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री बघेल ने बुधवारी बाजार बिरगांव में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र की जनता को 121 करोड़ की लागत के कार्यों की सौगातें दी। जिसमें बिरगांव आवर्धन जल प्रदाय योजना के उन्नयन कार्य हेतु 104 करोड़ 23 लाख, आडवाणी आर्लिकॉन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरगांव के मुख्य द्वार के पास सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 35 लाख, अधोसंरचना मद अंतर्गत समस्त वार्डों में जल प्रदाय व्यवस्था हेतु पीवीसी स्टोरेज टैंक एवं विभिन्न विकास कार्य हेतु 53 लाख 36 हजार, स्वच्छता कार्य के लिए ई-रिक्शा हेतु एक करोड़ 48 लाख 35 हजार, अधोसंरचना मद अंतर्गत सीसी सड़क एवं नाली निर्माण हेतु 69 कार्य के लिए 9 करोड 47 लाख 48 हजार, 14वें वित्त आयोग अंतर्गत सीसी सड़क एवं नाली निर्माण हेतु 42 कार्य के लिए 4 करोड 75 लाख 75 हजार की 83 के कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने क्षेत्रीय विधायक सतनारायण शर्मा के आग्रह पर बिरगांव में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने की घोषणा की वहीं उन्होंने बिरगांव कालेज का नामकरण स्वर्गीय नंदकुमार पटेल के नाम से किए जाने तथा बिरगांव क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने की घोषणा की। कार्यक्रम में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत 148 हितग्राहियों को पट्टा वितरण किया गया तथा 53 लोगों को ई-रिक्शा का भी वितरण किया गया। मुख्यमंत्री बघेल ने कंचन कुर्रे सतरूपा निषाद, सुनिधि देवांगन, दुलारी देवांगन, निलेश वरी साहू, रजनी साहू, नरवादिया यादव, रीना बाई तथा कुमारी दास को पट्टा वितरण किया तथा ज्योति झारिया, अहिल्या जामुलकर, ममता ध्रुव, योगेश एवं लोकेश को ई-रिक्शा की चाबी प्रदान की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार लगातार ➢शेष पेज 8 पर

# सोनार बांग्ला का सपना पूरा किया जायेगा : मोदी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि 'सोनार बांग्ला' का सपना पूरा किया जायेगा। श्री मोदी ने यहां ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड मैदान पर एक बड़ी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, आज मैं यहां आप लोगों को बंगाल के विकास के प्रति आश्वस्त करने आया हूं। यहां निवेश बढ़ाया जायेगा और बंगाल की संस्कृति की रक्षा की जायेगी। यहां वास्तविक परिवर्तन लाया जायेगा। उन्होंने कहा कि मैं आपसे बंगाल में असोल पोरिबोर्तन' का वादा करता हूं। असोल पोरिबर्तन का मतलब बंगाल जहां व्यापार और व्यवसाय फले फूले,जहां अधिक से अधिक निवेश आये, ऐसा बंगाल जहां 21 वीं सदी की आधुनिक संरचनात्मक सुविधायें हों। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा उद्देश्य पश्चिम बंगाल में मात्र सत्ता परिवर्तन ही नहीं है। हम बंगाल की राजनीति को विकास केन्द्रित करना चाहते हैं। इसीलिए हम असोल पोरिबोर्तन की बात कर रहे हैं। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि भ्रष्टाचार और बेरोजगारी पर लगाम लगायें। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले 25 वर्ष बंगाल के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। अगले पांच वर्ष बंगाल के विकास के लिए 25 वर्ष के विकास की नींव रखेंगे।




# मध्य प्रदेश के दमोह में विधायक की बर्थडे पार्टी में चली गोलियां, दो की मौत

एजेंसी ◄ दमोह
www.dailypioneer.com

मध्य प्रदेश के दमोह में जबेरा से विधायक धर्मेंद्र सिंह का जन्मदिन था, इस दौरान उनके समर्थकों ने एक कार्यक्रम रखा था। लेकिन जन्मदिन की कार्यक्रम में हड़कंप उस वक्त मच गया, जब वहां गोली चल गई। गोली चलने से दो लोगों की मौत भी हो गई। बताया जा रहा है कि घटना के समय विधायक वहां मौजूद नहीं थे, वे पहले ही वहां से जा चुके थे। मामले की जानकारी देते हुए नोहटा थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि घटना नोहटा थाना क्षेत्र के वनवार चौकी खेर माता मंदिर के पास की है। बताया जा रहा है कि समर्थकों की तरफ से वहां जबेरा से विधायक धर्मेंद्र सिंह का जन्मदिन की पार्टी आयोजित की गई थी। जिसमे विधायक 7 बजे पहुच गए थे। हालांकि, घटना के समय विधायक वहां नहीं थे, वह रात करीब 8 बजे वहां से जा चुके थे। जबकि यह घटना शुक्रवार रात्रि करीब 10 बजे की है। कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रतिनिधि अरविंद जैन, कल्याण सिंह नाम के शख्स को गालियां बकने लगा। जिसके बाद झगड़े को शांत कराने पड़ोसी मोनू (30) वहां पहुच गया। तभी किसी ने गोली चला दी और मोनू और अरविन्द जैन दोनों लोग घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।



# समाज शिक्षा से नाता जोड़े और कुरीतियों से नाता तोड़े : भूपेश

## मुख्यमंत्री शामिल हुए संत शिरोमणी रविदास जयंती समारोह और मेहर युवक-युवती परिचय सम्मेलन में





- मेहर समाज के भवन के जीर्णोद्धार के लिए 20 लाख रूपए की मंजूरी की घोषणा
- रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर में इस वर्ष खुलेंगे सी-मार्ट

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को संत शिरोमणी रविदास जयंती एवं मेहर युवक युवती परिचय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की उन्नति के लिए शिक्षा जरूरी है। समाज शिक्षा से नाता जोड़े और कुरीतियों से नाता तोड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ब्लॉक स्तर में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रारंभ किए जाएंगे, जिससे समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्राप्त हो सके। राजधानी रायपुर के महादेव घाट में संत शिरोमणी रविदास मंदिर के समीप स्थित छत्तीसगढ़ हरदिया साहू समाज के भवन में मेहर समाज द्वारा इस अवसर पर समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन और आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ने यहां विवाह के बंधन में बंधे जोड़ों को उनके खुशहाल जीवन के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने इसके पहले संत शिरोमणी रविदास जी के मंदिर में पूजा अर्चना कर उनसे प्रदेश की खुशहाली का आशीर्वाद मांगा।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि नवा रायपुर में 200 बेड का अनुसूचित जाति आवासीय कोचिंग सेंटर बनाया जाएगा, नवा रायपुर में खुलने वाले राष्ट्रीय स्तर के स्कूल में दाखिला लेने वाले अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की फीस राज्य सरकार देगी। उन्होंने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए नशा छोड़ना जरूरी है समाज के लोग नशे की बुराइयों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए आगे आएं। मुख्यमंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुए मेहर समाज के जाति प्रमाण पत्र में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया के सरलीकरण का आश्वासन दिया, साथ ही उन्होंने समाज के भवन के जीर्णोद्धार के लिए 20 लाख रूपए की स्वीकृति दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चर्म शिल्प बोर्ड का गठन किया जाएगा। बोर्ड के माध्यम से समाज के लोगों को आधुनिक तरीके से जूता चप्पल बनाने का प्रशिक्षण देने और चर्म शिल्पकारों के लिए ब्लॉक स्तर पर कर्मशाला स्थापना का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न शिल्पकारों, महिला स्व-सहायता समूहों के द्वारा तैयार उत्पादों की बिक्री और कोसा वस्त्र, कृषि उत्पादों सहित विभिन्न उत्पादों की बिक्री के लिए हर जिला मुख्यालय में सी-मार्ट खोले जाएंगे। इस वर्ष रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग में सी-मार्ट खुलेंगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे कि गांव भारत देश की आत्मा हैं। राज्य सरकार ने भी गांव को सशक्त और विकसित बनाने की पहल की है। छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियों के कारण खेती छोड़ चुके लोग बड़ी संख्या में खेतों की ओर लौटे हैं। राजीव गांधी किसान योजना के माध्यम से किसानों को 10 हजार रूपए प्रति एकड़ के मान से आदान सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का काम जनता की सेवा और गरीबों, किसानों, मजदूरों का सहयोग करना है। राज्य सरकार इस दिशा में कार्य कर रही है।


उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना के माध्यम से 2 रूपए प्रति किलो की दर पर खरीदे गए गोबर से वर्मी कंपोस्ट बनाया जा रहा है। प्रदेश के 5 हजार गौठानों में ग्रामीण क्षेत्रों की लगभग 50 हजार महिलाओं को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि गांवों में तेलघानी खोली जाएंगी। मेहर समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री खिलावन बघेल ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कि आज मेहर समाज उन्नति के पथ पर अग्रसर है। समाज के अनेक लोग डी.लिट की उपाधिधारी हैं, अनेक डॉक्टर, वैज्ञानिक, इंजीनियर, वकील और शिक्षक भी हैं। संसदीय सचिव श्री विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार सभी समाजों के उत्थान की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज को ऊपर उठाने का माध्यम है, इसलिए समाज को बच्चों की शिक्षा पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों ने शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। इस अवसर पर मेहर समाज के महासचिव श्री परदेशी राम लहरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री राकेश मेहर, युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री तुलसी डोंडिया, महिला संगठन की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सरोजिनी रात्रे सहित समाज के अनेक पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने मेहर समाज की ओर से दौलत राम कॉलेज कसडोल के प्राचार्य मेजर डॉ. एच.के.एस. गजेंद्र और और पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के तकनीकी अधिकारी डॉ. चैतराम रात्रे को मेहररत्न सम्मान से सम्मानित किया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल अनुसुईया उइके ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों, विशेषकर महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि आज महिलाओं ने अपनी योग्यता, प्रतिभा और क्षमता के बल पर हर क्षेत्र में सफलता के नवीन कीर्तिमान स्थापित किए हैं। महिलाएं आर्थिक उन्नति के साथ ही घर-परिवार को शिक्षित तथा संस्कारवान बनाकर, देश के विकास में योगदान दे रही हैं। हमें चाहिए कि परिवार में बेटियों को शिक्षित करें और प्रगति का हर अवसर प्रदान करें। इसके साथ ही प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं के प्रति नजरिए में सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखें, तभी सच्चे अर्थों में राष्ट्र की प्रगति होगी।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री बघेल ने कहा है कि देश, प्रदेश और समाज में महिलाओं के उत्थान के बिना समग्र विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं को स्वालम्बन से जोड़ने की रणनीति अपनाई गई है, जिसके फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में विकास के हर क्षेत्र में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। बघेल ने कहा है कि एक महिला के समर्थ बनने से पूरा परिवार आगे बढ़ता है परिवार से समाज और समाज से देश प्रदेश की उन्नति प्रभावित होती है इसलिए हमें परिवार की आधारशिला को मजबूत बनाना है जिसका सकारात्मक प्रभाव निश्चित ही आने वाले समय में दिखाई देगा।

# विस अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने महिला दिवस पर मातृ शक्तियों को प्रणाम करते हुए दी बधाई

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समस्त मातृ शक्ति यों को प्रणाम करते हुए बधाई शुभकामनाएं दी। विस अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि, विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्यार प्रकट करते हुए इस दिन को महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। विस अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि, भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान को महत्व दिया गया है, हमारे संस्कृत में एक श्लोक है - 'यस्य पूज्यते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवताः' अर्थात जहां नारी की पूजा होती है। वहाँ देवता निवास करते हैं। डॉ महंत ने कहा कि, हमें प्रत्येक महिला का सम्मान करना चाहिए, अवहेलना, भ्रूण हत्या और नारी की अहमियत न समझने के परिणाम स्वरूप महिलाओं की संख्या, पुरुषों के मुकाबले आधी भी नहीं बची है। इंसान को यह नहीं भूलना चाहिए, कि नारी द्वारा जन्म दिए जाने पर ही वह दुनिया में अस्तित्व बना पाया है और यहां तक पहुंचा है। उसे ठुकराना या अपमान करना सही नहीं है। भारतीय संस्कृति में महिलाओं को देवी, दुर्गा व लक्ष्मी आदि का यथोचित सम्मान दिया गया है अतः उसे उचित सम्मान दिया ही जाना चाहिए। डॉ महंत ने कहा कि, भारत में नारियों को मौलिक अधिकार, मतदान का अधिकार और शिक्षा का अधिकार तो प्राप्त है लेकिन अभी भी स्त्रियां अभावों में जिंदगी बीता रही हैं। हमारे समाज में धीरे-धीरे हालात बदल रहे हैं। आज कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जो नारियों से अछूता हो। आज चाहे फिल्म हो, इंजीनियरिंग हो या मेडिकल, उच्च शिक्षा हो या प्रबंधन हर क्षेत्र में स्त्रियां पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। अब बेटे और बेटी के बीच फर्क घटा है लेकिन अभी भी यह कुछ वर्ग तक ही सीमित है।

### मंत्री भेंड़िया ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की दी शुभकामनाएं



महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाओं को बधाई और शुभकामनाएं दी है। भेंड़िया ने कहा है कि विश्व महिला दिवस महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा और हौसला देता है। नारी शक्ति ने हर क्षेत्र में खुद को साबित किया है और अपनी क्षमता और प्रतिभा के बल पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनायी है। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं काबिल और मेहनती हैं। राज्य सरकार इन महिलाओं को सामाजिक और अर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है।

# एसोसिएशन ऑफ सर्जनस ऑफ इंडिया की स्टेट कॉन्फ्रेंस आयोजित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com






बालको मेडिकल सेंटर के मेडिकल डॉयरेक्टर - प्रोफेसर डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने CG-ASICON 2020 में अपना व्याख्यान दिया 'एसोसिएशन ऑफ सर्जनस ऑफ इंडिया की स्टेट कांफ्रेस जो की 6 व 7 मार्च 2021 को रायपुर में आयोजित की गई, इस कॉन्फ्रेंस में छत्तीसगढ़ के लगभग सभी सर्जन्स ने हिस्सा लिया और राज्य के बाहर से आये सीनियर सर्जन से सर्जरी की बारीकियां समझी। डॉक्टर प्रोफेसर अनुराग श्रीवास्तव ने अपना 31 वर्ष का अनुभव साझा किया व बीच बीच में गीता के श्लोक से साइंस को जोड़कर समझाया डॉ अनुराग ने AIIMS ( आल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस ) नई दिल्ली में सर्जरी विभाग के प्रमुख के तौर पर काम किया व उनके कई स्टूडेंट रायपुर में भी अपनी सेवाएं दे रहे है, डॉ अनुराग का मानना है की लर्निंग कभी नहीं छोड़ना चाहिए , आज साइंस इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है और यदि हम अपनी कुशलता नहीं बढ़ाएंगे तो पीछे रह जायेंगे,

अतः हमें सभी डॉक्टरस को इस तरह के एजुकेशनल प्रोग्राम में हिस्सा लेना चाहिये जिससे एक मज़बूत व स्वास्थ्य समाज बनाने में मदद होगी ।

# करोड़ों का अनुदान खा जाने वाली भाजपा अब गोपालकों और पशुधन के हित के लिए खर्च की जा रही सेस पर सवाल कैसे उठा रही है : त्रिवेदी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



गोधन न्याय योजना को लेकर भाजपा विधायकों द्वारा सीएजी को ज्ञापन दिए जाने पर सवाल खड़ा करते हुए प्रदेश कांग्रेस के संचार प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने पूछा है कि गौशालाओं का करोड़ों का अनुदान खा जाने वाली भाजपा अब गोपालको और पशुधन के हित के लिए खर्च की जा रही सेस पर सवाल कैसे उठा रही है ? रमन शासनकाल में पशुधन गौ माता के नाम से गौशाला खोलकर भाजपा और आर एस एस के नेता फलते फूलते रहे हैं और गौ माता की निर्मम हत्या कर उनके हाड़ मांस को बेचा जाता रहा है । आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार को गोधन न्याय योजना के माध्यम से और राज्य 7 हजार से अधिक गोठानो के माध्यम से गोपालको और पशुधन के संरक्षण के लिए काम कर रही है ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने गोधन न्याय योजना के माध्यम से काम कर रही है ऐसे में भाजपा को पशुपालकों एवं पशुधन के पीछे खर्च होने वाली राशि को लेकर तकलीफ हो रही है। प्रदेश कांग्रेस के संचार प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि कोरोना काल से निपटने बनाई गई पीएम केयर्स फंड को सीएजी ऑडिट आरटीआई के दायरे से बाहर और पब्लिक डोमेन में होने से रोकने वाली भाजपा छत्तीसगढ़ में कोरोना सेस को लेकर राजनीतिक नौटंकी बंद करे। प्रदेश कांग्रेस के संचार प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग भारतीय जनता पार्टी का चरित्र रहा है। पूर्व में भी यूपीए द्वद्ध के समय 2% स्पेक्ट्रम घोटाला, कोल घोटाला के नाम पर तत्कालीन सीएजी प्रमुख विनोद राय के साथ मिलकर काल्पनिक कहानी बनाकर साजिश रचे गए। भाजपाइयों के षडयंत्र में शामिल विनोद राय को सत्ता पाते ही उपकृत किया गया। उन्हे न केवल बैंकों के राष्ट्रीय बोर्ड का अध्यक्ष बनाकर केंद्रीय कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया बल्कि पद्मभूषण पुरस्कार से भी नवाजा गया। सर्वविदित है कि वर्तमान में केंद्र की मोदी सरकार सीबीआई, आईटी, ईडी, निर्वाचन आयोग, राजभवन को अपनी पार्टी कार्यालय की तरह कौन चला रहे हैं। कौन लोग हैं जो न्याय प्रणाली को प्रभावित कर रहे है। सीएजी जैसा संवैधानिक संस्थाओ को दुरुपयोग भाजपा का इतिहास रहा है, अपने पाप भाजपाई हमपर न थोपे। संविधान की रक्षा और संवैधानिक संस्थानों की मजबूती के लिए भूपेश बघेल सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रदेश कांग्रेस के संचार प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि राज्य में संचालित सभी 6200 गौठान स्थानीय ग्राम पंचायतों की ही संपत्ति है। योजना के आरंभ में आवर्ती व अनावर्ती व्यय के रूप में लगभग 357 करोड़ों की राशि सरकार के द्वारा दी गई थी। वर्तमान में गोठानो का संचालन स्व सहायता समूह और गोठान समिति के माध्यम से किया जा रहा है जिसका निर्माण भी संबंधित पंचायतों के द्वारा ही किया गया है। 14 वे और 15वें वित्त आयोग की राशि पंचायत में इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए खर्च करने का प्रावधान है। गोठान में गोबर खरीदी के साथ-साथ वर्मीटांका निर्माण और आजीविका मिशन के तहत शेड बनाने का काम भी किया जा रहा है। रमन सिंह के कुशासन में पंचायतों के मूलभूत मद की राशि भी भाजपा की रैलियों में गाड़ियों के किराए और डीजल पैट्रोल में फूंका जाता रहा रिलायंस के टावर लगाने खर्च किया गया। अब गोठानो के निर्माण और व्यवस्था में यदि पैसा खर्च हो रहा है तो भाजपा को आपत्ति क्यों हो रही है ?

## व्यापारी एकता पैनल की जीत तय

# कांकेर दौरे में योगेश को मिला समर्थन का वादा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज चुनाव- 2021 के मद्देनजर व्यापारी 'एकता पैनल केअध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी व पैनल के अध्यक्ष पद प्रत्याशी योगेश अग्रवाल ने चेंबर चुनाव के प्रचार कार्यक्रम के तहत कांकेर जिले में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया पैनल के सभी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने व्यापारियों से समर्थन व आशीर्वाद माँगा'।

रविवार को कार्यक्रम के दौरान, कांकेर के स्थानीय व्यापारी बलराम आहूजा, राजेश देवनानी, संजय खटवानी राजगोपाल कोठारी, अशोक राठी, राजू माहेश्वरी, अजय जैन, विशाल मोटवानी, मोहम्मद आसिफ गुलाम मुस्तफा, मोहम्मद शरीफ हनीफ शेखानी, दिनेश रजक, आयलदास लच्छानी, राजकुमार लच्छानी सहित सभी स्थानीय व्यापारियों ने व्यापारी एकता पैनल के अध्यक्ष पद प्रत्याशी योगेश अग्रवाल,महामंत्री प्रत्याशी राजेश वासवानी व कोषाध्यक्ष प्रत्याशी निकेश बरड़िया का ढोल-नगाड़े व आतिशबाजी के बीच फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पैनल के अध्यक्ष प्रत्याशी योगेश अग्रवाल ने छोटे व्यापारियों के सामने बड़े-बड़े मॉल और ऑनलाइन बाजार चिंता का विषय बने हुए हैं,







योगेश अग्रवाल द्वारा ÷ अपना चेम्बर बाज़ार÷ नाम से प्रदेशभर के व्यापिरियों के लिए ऑनलाइन व्यापार शुरु करने की बात दोहराई*। अग्रवाल ने कहा कि जहां पूरे देश में छत्तीसगढ़ ऐसा पहला राज्य होगा, जिसमें ऑनलाइन के माध्यम से छोटे दुकानदारों को भी इसका लाभ मिलेगा, मॉल में दी जानी वाली छूट जो केवल कंपनी को दी जाती है छोटे दुकानदारों को भी मुहैया करवाने की बात कही। पैनल के संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विपक्षी पैनल पर जमकर प्रहार किया। इसी बीच, पैनल के अध्यक्ष प्रत्याशी अग्रवाल ने सभी व्यापारियों से आगामी चेम्बर चुनाव में व्यापारी एकता पैनल के प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से जिताने की अपील की। वहीं सभी स्थानीय व्यापारियों ने इस बार भी व्यापारी एकता पैनल के सभी प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से विजयी बनानने का आश्वासन दिया।। कांकेर दौरे में प्रमुख रूप से अध्यक्ष प्रत्याशी योगेश अग्रवाल, महामंत्री प्रत्याशी राजेश वासवानी, कोषाध्यक्ष प्रत्याशी निकेश बरडिया सहित प्रदेश चुनाव संचालक मंडल के विनय बजाज, राधाकिशन सुंदरानी, ललित जैसिंघ, आशीष जैन, रमेश मिरघानी, सालिग्राम नागेलिया, अशोक अग्रवाल, प्रमोद जैन सुमीत गुप्ता, विनोद पाहवा,आशीष लूंकड़, लालचंद गुलवानी, प्रकाश अग्रवाल, सीएम सिंघवी, गुरजीत सिंह संधु, रायपुर संभाग के चुनाव संचालक मंडल के वीरेंद्र सिंह वालिया, युवा चेम्बर के पदाधिकारी किशोर आहूजा सहित व्यापारी एकता पैनल के अन्य गणमान्य सदस्य, सभी पदाधिकारी व स्थानीय व्यापारी विशेष रूप से उपस्थिति रहे।

# महिला दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी के स्थानीय श्रीनगर स्तिथ रिलोडेड डांस एकेडमी द्वारा आज महिला दिवस की पूर्व संध्या पर रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। रक्त दान शिविर में महिलाओं ने बेहद उत्साह के साथ अपना योगदान देते हुए रक्त दान कर मात्रशक्ति का परिचय दिया। रिलोडेड डांस अकेडमी की संचालिका अंजना पिथालिया के अनुसार इस कार्यक्रम में रक्त दाताओं का हौसला बढ़ाने अपने जीवन मे 65 बार रक्तदान कर चुके कांग्रेस नेता एवं पीआईएसएफ संस्था के चैयरमेन नितिन भंसाली, वरिष्ठ समाज सेविका अनीता खण्डेलवाल, अशोक मालू, सुनील गोयल, डॉ.नीता शर्मा आदि वशेष रूप से उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना 254 वर-वधू बंधे परिणयसूत्र में

## महिला बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम बड़ेराजपुर में वृहत सामूहिक विवाह का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला के विश्रामपुरी अंतर्गत ग्राम बड़ेराजपुर में 06 मार्च को ग्राम पंचायत परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह कार्यक्रम में 254 युगल सर्व समाज के रीति-रिवाज के अनुरूप वैवाहिक सूत्र में बंध गये। जिला कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन मे आयोजित उक्त शासकीय कार्यक्रम में, विधायक केशकाल संतराम नेताम, जिला पंचायत सदस्य प्रमिला मरकाम, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सहित अन्य जनप्रतिनिधि गितेश पाण्डे, दसराम नेताम, संतोषी नेताम, प्रेमशीला मण्डावी, आदि उपस्थित थे।

**कार्यक्रम में किया गया सभी वैवाहिक परम्पराओ का निर्वहन :** महिला बाल विकास विभाग एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान मे इस सामुहिक विवाह कार्यक्रम मे बस्तर की सांस्कृतिक लोक परम्परा और आदि काल से चले आ रहे सामाजिक रीति रिवाजो को पूर्णतः ध्यान मे रखकर आयोजन सम्पन्न किया गया। 06 मार्च को कार्यक्रम की शुरूवात मे पुजारी, गायताओ के साथ वर और वधु पक्ष के परिजन और कर्मचारी पूजा अर्चना के पश्चात ''देवतेल'' लेकर विवाह स्थल पंहुचे जहां महिला एंव बाल विकास विभाग के कर्मचारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। साथ ही वर वधु पक्ष के परिजनो द्वारा तेल चढ़ाने की परम्परा भी अदा की गई। विवाह स्थल पर बस्तर की लोक परम्परा के अनुरूप महुआ वृक्ष की डालियो से मण्डपाच्छादन भी किया गया था।



### नव जीवन की शुरूवात शासन की योजनाओ के माध्यम से कर रहें है : कलेक्टर

कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने भी वर वधुओ को शुभकामना देते हुए कहा कि नव दम्पति अपने जीवन नये पड़ाव में शामिल हो रहे है साथ ही वे अपने नव जीवन की शुरूवात शासन की योजनाओ के माध्यम से कर रहें है। अतः इसी प्रकार शासन की अन्य योजनाओ में अधिकाधिक भागीदारी देवें। इस मौके पर जिला कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभागं अन्य विभाग, समाज प्रमुखो को बधाई देते हुए कहा कि सभी के अथक प्रयास एंव संकल्प से आयोजन सफल हुआ और भविष्य मे भी ऐसे आयोजनो मे सभी का सहयोग अपेक्षित रहेगा।

### अपने माता-पिता सहित परिवार की सेवा को प्राथमिकता देवे : सन्तराम

इस अवसर पर बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व केशकाल विधायक संतराम नेताम ने उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि सभी नव युगल चूकिं जीवन की नयी शुरूवात कर रहें है। अतः अपने माता पिता सहित परिवार की सेवा को प्राथमिकता देवे। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर वे उनके प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित हो कर उनके मंगलमय जीवन की कामना करते है। जिस प्रकार निर्धन मॉ बाप को अपने बेटे बेटियों की शादियो के लिए हमेशा चितां बनी रहती है और परिवार को इसी चिन्ता को दूर करने एंव सम्मान के साथ अपने बेटे बेटी का विवाह करने के उद्देश्य से प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक योजना का प्रारभं किया गया है और सामाजिक रीतिरिवाजो के साथ विवाह सम्पन्न करवाना जिला प्रशासन की सबसे बड़ी सफलता हैं इसी प्रकार उन्होने शासन द्वारा विभिन्न योजनाओ की जानकारी देते हुए योजनाओ से भी लाभ लेने की अपील की।

### नवयुगलों को दिए गए विभागों द्वारा उपहार

उक्त सम्पन्न सामुहिक विवाह कार्यक्रम मे नवविवाहित जोड़ो को उपहार स्वरूप सामग्रिया दी गई। इसके तहत् महिला बाल विकास विभाग द्वारा बर्तन आलमारी, पेटी, ज्वेलरी, एंव 1500 रूपये का चेक दिये गये। उक्त कार्यक्रम में एसडीएम घनश्याम मण्डावी, जिला कार्यक्रम अधिकारी वरूण नागेश, सरपंच बड़ेराजपुर रामसाय मरकाम, सहित बड़ी भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पीसीसी चीफ का कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र में दौरा



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम ने कोंडागॉव विधानसभा में धुआंधार कार्यक्रम, विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मसोरा से प्रारंभ हुई दौरा फिर उमरगांव 'ब', मुलमुला पहुंच कई निर्माण कार्यो का किया भूमिपूजन, लोकार्पण के साथ ही निमार्णाधीन कार्यो का लिया जायजा। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत मसोरा में सामुदायिक भवन मावलीगुड़ी व सीसी सड़क 212 मीटर निर्माण कार्य का किया लोकार्पण व सीसी सड़क 300 मीटर विनय घर से फरसु घर तक निर्माण कार्य का भूमिपुजन किया। उसके बाद निर्धारित समय पर ग्राम पंचायत उमरगांव 'ब' आरापारा में पुलिया निर्माण का भूमिपूजन किया गया, उमरगांव से ग्राम पंचायत मुलमुला पहुंच हायर सेकेंडरी स्कूल भवन, सीसी सड़क गेंदलाल घर से बन्नूदास घर तक, सीसी सड़क मेन रोड से पदमदास गली तक का लोकार्पण किया गया, साथ ही महेश घर से चमरू घर तक, गौरवपथ से गागरू घर तक, मेनरोड से बुदमन घर तक मुंडा टीकरा, मेनरोड से जगनाथ घर तक कलीपारा सीसी सड़क निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया गया। क्षेत्रवासियों की मांग पूर्ण होने पर हर्ष जाहिर किया, कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष झुमुकलाल दिवान, कोंडागॉव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भारत देवांगन, विधायक प्रतिनिधि बुधराम नेताम, महिला कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष सुखबति मरकाम, भंगी पटेल, मसोरा सरपंच दिनेश मरकाम, उपसरपंच अनिल कोर्राम के साथ ग्राम सरपंच पंचायत पदाधिकारी कांग्रेसजन व भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# किरंदुल महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष बनी शालिनी कर्मा

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

दंतेवाड़ा भाजपा महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष ओजस्वी मंडावी ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए किरंदुल महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष की दायित्व शालिनी कर्मा को दी है। संगठन में अहम जिम्मेदारी मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए शालिनी ने कहा कि सभी मातृ शक्तियों को साथ लेकर पार्टी को मजबूत करते हुए।

मोदी सरकार की नीतियों को घर-घर पहुंचाने की काम करेगी महिला मोर्चा।शालिनी कर्मा अध्यक्ष बनने पर किरंदुल मंडल



अध्यक्ष सिंगासन गुप्ता मंडल महामंत्री संजीव दास विक्रम नाहक पूर्व महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भावना सक्सेना मंडल उपाध्यक्ष धरमपाल मिश्रा व अनेक कार्यकर्ताओ ने बधाई दी है।

## जिला प्रशासन के आदेशानुसार ग्रामीणों का बनवाया जा रहा है राशन कार्ड

**किरंदुल।** दंतेवाड़ा जिला प्रसाशन के आदेशानुसार ग्राम गुमियापाल, बैमपाल के 170 परिवारों को प्रसाशन की ओर से राशन कार्ड उपलब्ध कराई जाएगी। एसडीएम प्रकाश कुमार भारद्वाज ने बताया गुमियापाल,बैमपाल,पुरेंगल एवं लावा के ग्रामीणों के राशन कार्ड बनाई जा रही है इनमें कुछ लोगों के आधार कार्ड भी नहीं है ऐसे परिवार को भी राशन कार्ड उपलब्ध कराई जाएगी।जिसके लिए ग्रामीणों को राशन कार्ड वाला फॉर्म तत्काल सरपंच सचिव हस्ताक्षर के साथ जनपद में या सीधे फूड इंस्पेक्टर अमित तिवारी को देंगे और एक सप्ताह के भीतर जिले के 100त्न लाभर्थियों को राशन कार्ड प्रदान की जाएगी।

# कलेक्टर ने कोंगेरा के गौठान में संचालित गतिविधियों व उत्पादों का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने जिले के बड़ेराजपुर विकासखण्ड के ग्राम कोंगेरा पहुंचकर आदर्श गौठान में विभिन्न स्वसहायता समूहों द्वारा गौठान परिसर में संचालित बकरीपालन, कुक्कुट पालन, दोना-पत्तल निर्माण केन्द्र, मशरूम प्रोसेसिंग-पैकेजिंग इकाई, गोधन दुग्ध उत्पादन केंद्र सहित समूहों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों व गतिविधियों का निरीक्षण किया। ज्ञातव्य है कि उक्त आदर्श गोठान लगभग आठ एकड़ में विस्तारित है। जहां विभिन्न स्वसहायता समूह द्वारा आजीविका सम्बंधित गतिविधियां संचालित हो रही है साथ ही यहा मुनगा, केला, सहित सब्जियां भी लगायी जा रही है। इससे इन समूहों को आय अर्जन भी हो रहा है। मौके पर कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को विभिन्न निर्देश भी दियें।

# महिला जागरूकता अभियान के तहत किरंदुल में बांटे गए बैनर पोस्टर पाम्पलेट



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ पुलिस जिला दंतेवाडा एवं एसडीओपी देवांश सिंह राठौर के मार्गदर्शन में किरन्दुल पुलिस के द्वारा अभिव्यक्ति महिला जागरूकता कार्यक्रम के तहत साप्ताहिक बाजार किरन्दुल में आज 07 मार्च रविवार को महिला कानूनी जागरूकता पाम्पलेट बांटा गया।बता दें विश्व महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च से 14 मार्च तक महिला जागरूकता कार्यक्रम के तहत महिलाओ से सम्बंधित अपराधों, कानून व अधिकारों, महिला उत्पीड़न,छात्रों के लिए साइबर सुरक्षा, महिलाओं से संबंधित साइबर खतरे, महिलाएं एवम बालिकाओं की सुरक्षा संबंधित महिलाओ के प्रति अपराधों से सम्बंधित कानून की धाराओं, ऑनलाइन खतरे से बचाव के तरीके से संबंधित बैनर पोस्टर पाम्पलेट वितरण कर महिलाओं को जागरूक किया गया।

इस दौरान पुलिस विभाग के डॉली मानकर, शीतला मानकर एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

# अवैध रूप से रेत, गिट्टी डंप किए लोगों पर नगर पालिका ने किया चालान



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

नगर पालिका प्रशासन द्वारा किरंदुल नगर के गली मोहल्ले एवं मुख्य मार्ग में अवैध रूप से पड़े रेती,गिट्टी, ईटा,सीमेंट, रॉड आदि निर्माण संबध सी. एन.डी वेस्ट समान को अवैध रूप से डंप किये जाने के कारण चालानी कार्यवाही किया जा रहा है जिनमे धरमपुर कैम्प, रामपुर कैम्प, व्होरा कैम्प में नगर प्रसाशन अमला पहुंचे इस बीच कुल 09 लोगों को 1800 रु का चालान किया गया।इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी हूंगा राम गोंदे इंजीनियर संतोष नेगी,राजस्व निरीक्षक डी एस साहू,सहायक राजस्व निरीक्षक गौरीशंकर तिवारी मौजूद थे।

# मदाड़ी ओपन कबड्डी प्रतियोगिता कांकेर ने जीता फाइनल का खिताब

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत मदाड़ी में ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का समापन किया गया।बता दें इस तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन संयुक्त पंचायत जनसंघर्ष समिति द्वारा किया गया था।जिसमें बस्तर संभाग के 40 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था।प्रतियोगिता के अंतिम दिन फाइनल मुकाबला मेटापाल बनाम कांकेर के मध्य मैच खेला गया जिसमें कांकेर 21 और मेटापाल ने 11 अंक अर्जित किया इस तरह 10 अंक के बढ़त के साथ कांकेर की टीम ने फाइनल मुकाबला अपने नाम किया ।विजयी टीम कांकेर को प्रथम पुरस्कार 30 हज़ार रु एवं ट्रोफी तथा उपविजेता टीम मेटापाल को द्वितीय पुरस्कार 16 हज़ार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।इस दौरान किरंदुल नपा अध्यक्ष मृणाल राय,एमएमएनएस महाप्रबंधक वाई वी राघवेलु, नपा सीएमओ एच आर गोन्दे,जनपद सदस्य पायके मरकाम,लक्ष्मी लेखाम,जनसंघर्ष समिति अध्यक्ष नंदाराम कुंजाम,सरपंच निक्की कुंजाम,पूर्व सरपंच भीमा कड़ती,चोलनार सरपंच भीमा मण्डावी,निक्की कुंजाम, भीमसेन,मंगल कड़ती सरोज मांझी,सुकालू मुड़ामी,राजू भास्कर,एच आर बेलसरे,नितिन चलम, के के मंडल,हिड़मा कर्मा, मंगल कुंजाम, राज ओयामि, राजू कड़ती एवं ग्रामीण उपस्थित थे।





# जगदलपुर के धरमपुरा से 10 जुआरियों को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

जगदलपुर शहर के धरमपुरा से 10 जुआरियो को कोतवाली पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया बताया जा रहा की कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि शहर के धरमपुरा मे कुछ व्यक्तियों के द्वारा जुआ खेल कर अवैध रुप से धन अजिज़्त किया जा रहा सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस द्वारा धरमपुरा मे रेड कारज़्वाई करते हुए दस जुआरियो को जुआ खेलते हुए रंगे हाथो गिरफ्तार कर लिया गया जुआरियों के पास से 26100 हजार रुपये व 52 पत्ति ताश बरामद किया गया है गिरफ्तार किए गए जुआरियो के नाम बबलु पटवा, बाबु बाजपेयी, आंनद कुमार, अविनाश कुमार, संतोष पटवा, जयशंकर श्रीवास्तव, राहुल गुप्ता, शैलेंद्र श्रीवास्तव, आदित्य कुमार नाग, मन्नु ठाकुर बताए जा रहे हैं पुलिस के द्वारा इन सभी पर जुआ एक्ट के तहत मामला दजज़् किया गया है।



## कलेक्टर समेत अन्य जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में हुए शामिल

# विधायक संतराम के हाथों बांसकोट उप तहसील कार्यालय का हुआ शुभारम्भ

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बांसकोट में नवनिर्मित उपतहसील बाँसकोट कार्यालय का उपाध्यक्ष बस्तर विकास प्राधिकरण सह विधायक संतराम नेताम ने शुभारम्भ किया। इस दौरान कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा एवं अन्य प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक संत नेताम ने कहा कि उपतहसील बन जाने से बाँसकोट के लोगो को अब सारी शासकीय सुविधाओं के लिए उपतहसील का लाभ प्राप्त होगा साथ ही उन्होंने कहा कि लोगो को शासन की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को लेने के लिए सामने आना चाहिए। शासन की योजनाओं के साथ आपकी सभी समस्याओं को शासन तक पहुंचा कर उन्हें हल करने के लिए 'विधायक तुंहर द्वार' एवं 'संत मित्र' जैसे प्रयास किये जा रहे हैं। आप सभी खूबचंद बघेल योजना हाट बाजार क्लीनिक योजना विकलांग पेंशन आदि छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं। बाँसकोट में पंचायत भवन निर्माण एवं बाँसकोट की बाँसकोट प्रीमियर लीग क्रिकेट खिलाड़ियों को 01 लाख रुपये प्रदान करने की घोषणा की साथ ही कहा कि जल्द ही सहकारी बैंक एवं अन्य आवश्यकताओं को पूर्ण किया जाएगा।



इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि राजस्व की संस्थागत इकाइयों के किसी स्थल पर स्थापित होने से विकास का रास्ता अग्रसर होता है, ऐसे में उपतहसील स्थापना के बाद यहां रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और शासन-प्रशासन एवं जनता के बीच एक कड़ी के रूप में यह उपतहसील कार्य करेगा जिससे अब लोगो को अपने प्रशासकीय कार्य जैसे आय-जाति प्रमाण पत्र आदि के लिए एवं अपनी समस्या के निदान हेतु मुख्यालय तक आने की आवश्यकता नहीं है। वे अपनी समस्याओं को उप तहसील कार्यालय के माध्यम से प्रशासन तक पहुंचा सकते है। जहाँ उनका जल्द से जल्द निराकरण किया जाएगा। ज्ञात हो कि 27 जनवरी को कोंगरा में आयोजित आमसभा में राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बाँसकोट को उप तहसील बनाने की घोषणा की है। इस 85 हजार की जनसंख्या वाले इस उप तहसील को 22 हल्कों में विभाजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में अध्यक्ष जनपद पंचायत बडेराजपुर प्रेमशिला मंडावी, उपाध्यक्ष श्यामा साहू, जिला सदस्य प्रमिला मरकाम, सरपंच बाँसकोट डुडीराम मरकाम, उपाध्यक्ष लैम्प्स बाँसकोट रामकुमार कश्यप,नरेंद्र जैन, कमलेश ठाकुर, ज्ञान दास कोर्राम, सोहन राठौर,पूर्व सरपंच शीतल नाग, सियाराम राम मरकाम, राजेश साहू, मनोज नाग, बसंत सार्दुल, बिन्दा मेश्राम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बाँसकोट के निवासी उपस्थित रहे।

# प्रदेश का विकास भाजपा के 15 साल के शासनकाल में हुआ, कांग्रेस सरकार ने जनता को पूरी तरह से किया निराश : अविनाश

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

जगदलपुर मुख्यालय के बास्तानार ब्लॉक मे रविवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा बस्तर जिला के नवनियुक्त अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव का प्रथम बास्तानार आगमन पर कार्यकताओं द्वारा बाईक रैली व आतिशबाजी कर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया।

इन दौरान अविनाश ने कहा कि प्रदेश व क्षेत्र का विकास भाजपा के 15 साल के शासन काल मे हुआ है।कांग्रेस ने झूठे वादों के दम पर सत्ता तो हासिल कर ली लेकिन उन वादों पर खरा न उतर पाने पर कांग्रेस से जनता पूरी तरह से निराश है और ढाई साल बस बाकी है 2023 में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। अविनाश प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर बरसे और चुनावी वायदे को याद दिलाते हुए कहा कि कांग्रेस प्रदेश की जनता को झूठे वादे व सपने दिखाकर जनता को गुमराह किया है, पूरे प्रदेश के किसान परेशान है ,महिलाए सुरक्षित नहीं है, युवाओं को 2500 रुपये बेरोजगारी भत्ता का वादा करने वाली सरकार ने युवाओ के साथ भी छल किया है, किसानों को पुलिस की लाठियां खानी पड़ रही है। गंगा जल की कसम खाकर शराब बंदी का वादा करने वाली कांग्रेस घर-घर शराब की सप्लाई में लगी है इस झूठी सरकार के खिलाफसड़क पर लड़ाई लड़ने का समय आ गया है। नारायण ठाकुर मंडल अध्यक्ष भाजपा बास्तानार,जिला मंत्री बबूल नाग, बुधराम कड़तम, महामंत्री मंडल संतोष ठाकुर बलदेव मंडावी, कमल ठाकुर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रितेश दास जोशी , रोहित कश्यप, अभिषेक साव ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया।



# गर्मी : कूलर देगा तगड़ा झटका

## सीलिंग, टेबल और स्टैंड फैन भी हुए महंगे

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

विदा लेती ठंड के साथ ही गर्मी से निपटने के लिए कूलर बाजार भरपूर झटका देने के लिए तैयार हो चुका है। यह झटका 500 रुपए की तेजी के साथ लगने जा रहा है। इसी तरह टेबल, स्टैंड और सीलिंग फैन भी इस बार झटका दे सकते हैं। एसी भले ही अब हर घर में दिखाई दे रहे हों लेकिन कूलर अपनी मौजूदगी, पूरी मजबूती के साथ बरकरार रखे हुए हैं। गर्मी से राहत देने के लिए विभिन्न क्रय शक्ति वाले कूलर की उपलब्धता ने भले ही इस बाजार में विकल्प के बहुत से रास्ते खोल रखे हैं लेकिन आने वाली गर्मी में कूलर के हर किस्म की खरीदी पर बीते साल की तुलना में 500 से 1000 रुपए का झटका लग सकता है।




### इसलिए झटका

कॉपर और कूलर के लिए जरूरी कच्ची सामग्री की कीमतें इस बार काफी महंगी हो चुकी है। इसलिए कूलर निर्माण करने वाली कंपनियों को लागत पर अधिक पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। इसके अलावा स्टील की कीमतें बढ़ने के असर से जरूरी जाली निर्माण पर भी कूलर में आई तेजी की वजह मानी जा रही है।

### सभी साइज में 500 की तेजी

कूलर बाजार के पास दिए गए ऑर्डर के माल का पहुंचना चालू हो चुका है। तेजी के बाद सबसे ज्यादा बिकने वाला 2 साइज का कूलर अब 3000 रुपए की जगह 35 सौ रुपए और 4000 रुपए वाला कूलर 4500 से 5000 रुपए तक की कीमत में मिलेगा। वहीं प्लास्टिक के फैंसी कूलर की कीमतों में भी तेजी आ चुकी है।

### यह भी हुए महंगे

कूलर के महंगे होने के बाद दिसंबर में दिए गए पंखों के ऑर्डर की सप्लाई भी शुरू हो चुकी है। जैसी कीमत कंपनियों ने उपलब्ध करवाई है उसके मुताबिक इसमें भी तेजी आ चुकी है लेकिन रुझान फिलहाल कूलर की ओर दिखाई दे रहा है। इसलिए कूलर पर ही बाजार कड़ी नजर बनाए हुए हैं। जैसी पूछ परख है और निर्माण इकाइयों में काम चल रहा है उसके बाद संभावना जताई जा रही है कि बाजार इस बार जोरदार जा सकता है।

कूलर निर्माण के लिए जरूरी कॉपर और दूसरी अन्य कच्ची सामग्रियों की कीमतें बढ़ने की वजह से कूलर की कीमतों में वृद्धि हो चुकी है।
**- गौरव अग्रवाल,** संचालक, रायपुर इलेक्ट्रिकल्स, भाटापारा

## बलौदाबाजार भाटापारा जिला कराते संघ एवं सेंसिकई शुतो रियो कराते द्वारा किट वितरण

**बलौदाबाजार-भाटापारा।** जिला कराते संघ एवं सेंसिकई शुतो रियो कराते द्वारा आज किट वितरण का कार्यक्रम दिनांक 07/03/2021 भामाशाह साहू नगर भवन रावणभाटा में रखा गया था। इस कार्यक्रम के अतिथिगण सुनील यदु जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा कुंजराम कोशले मंडल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा खगेंद्र यादव पार्षद लाल बहादूर शास्त्री वार्ड पटपर द्वारा बच्चों को कराते किट वितरण का आयोजन किया गया । कराते सामग्री का वितरण मुख्यातिथियों के द्वारा बच्चों को दिया गया जिससे किट पाकर बच्चे काफी उत्साहित दिखे.... मुख्य अतिथि सुनील यदु भाजपा युवा मोर्चा द्वारा सभी खिलाड़ियों को अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई एवं शुभकामनायें देते अपने उदबोधन कहा कि भविष्य मे अगर क्लब को किसी प्रकार प्रशिक्षण में कुछ कमी होने पर अवगत कराये है जिसे पूर्ण करने का प्रयास करेंगे एवं बच्चों को खूब मन लगाकर खेल व पढ़ाई में अपने शहर समाज राज्य व देश का नाम रौशन करें। जिला कराते संघ सचिव अजय यादव द्वारा इस कार्यक्रम में सभी अतिथियों आभार व्यक्त किया गया व बच्चो द्वारा जोरदार ताली बजाकर स्वागत किया गया। जिसमे इस कार्यक्रम मे गोपाल साहू, रामबिहरी ठाकुर, ऋषभ सिंग चौहान, अमृत साहू, किरण साहू, सुधीर साहू, हरीश साहू देवगन, गिरीश यादव, प्रितेश देवदास, लिवंशी देवदास, हर्ष साहू, गिरिराज साहू मानवीय राजपूत, गोमती साहू, जया देवांगन, अमन व पालकगण उपस्थित रहे!

## करमदा के साप्ताहिक बाजार में लगी फोटो प्रदर्शनी सह सूचना शिविर

- ग्रामीणों को मिली छग शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




जिले के बलौदाबाजार विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत करमदा के साप्ताहिक बाजार में आज जनसम्पर्क विभाग द्वारा आयोजित फोटो प्रदर्शनी सह सूचना शिविर का आयोजन किया गया। हाट बाजार में आए ग्रामीणों ने जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गयी फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। शिविर में छ.ग.शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। प्रदर्शनी में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका जनमन,संबल किसान गाईड लाईन, उन्नति का हर्ष,सहित अन्य प्रचार सामग्री का निःशुल्क वितरण किया गया, जिसकी ग्रामीणों ने काफी सराहना की। साप्ताहिक बाजार में करमदा सहित आसपास के गाँव कोलयारी,पुरैना,नावापारा,धवई, पौसरी,गैतरा के ग्रामीण भी बड़ी सँख्या में आते है। ग्राम के सरपंच सावन बाई बघेल ने हाट बाजार में फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से शासन की जनकल्याण योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाने के कदम की सराहना करते हुए उन्होंने जनसम्पर्क विभाग की प्रशंसा की। इस दौरान उपसरपंच राज कुमार वर्मा एवं रामकुमार वर्मा, रोजगार सहायक सतीश वर्मा,पटवारी शिवकुमार साहू, कोटवार सहित गणमान्य नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। ग्राम सलौनी निवासी 40 वर्षीय किसान संतोष कुमार निषाद ने सरकार द्वारा 25 सौ रुपये में प्रति क्विंटल धान खरीदी को ऐतिहासिक कदम बताया।उन्होंने बताया कि मेरे पास 1.5 एकड़ खेत है पिछले साल मैंने 23 क्विंटल मोटा धान बेचा हु। जिसमें राजीव गाँधी किसान न्याय योजना के माध्यम से तीन किस्तों से करीब 10 हज़ार रुपये का अतिरिक्त राशि मिला है। जिससे मेरे आर्थिक आय में वृद्धि हुई है। इसके साथ ही गौठानो में कार्य, गोबर खरीदी कार्यो की प्रशंसा की। शिविर में आए राधे श्याम वर्मा, गिरधारी लाल साहू,नवीन वर्मा,हेमीन वर्मा,द्रोपती वर्मा एवं अन्य लोगों में शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी शिविर में ली। उल्लेखनीय है कि फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से छ.ग.शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा,घुरूवा एवं बाड़ी के क्रियान्वयन,समर्थन मूल्य पर धान खरीदी,राजीव गांधी न्याय योजना, मनरेगा,मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान सहित कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है।

## अधिवक्ता संघ के नित्यानंद बने अध्यक्ष लोचन बने उपाध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com







न्यायालय परिसर में अधिवक्ता संघ सरायपाली का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें नित्यानंद साहू अध्यक्ष चुने गए वहीं उपाध्यक्ष लोचन प्रसाद साहू ने जीत दर्ज की। दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक चुनाव प्रक्रिया चली तथा 3:30 बजे गिनती शुरु कर परिणाम घोषित किया गया अधिवक्ता संघ चुनाव में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में रेशम लाल पटेल आनंद विलास बारी एवं सा निर्वाचन अधिकारी केबी खान के द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराया गया अध्यक्ष के लिए दो लोगों नित्यानंद साहू व स्वेत कुमार पटेल ने नामांकन दाखिल किया गया था जिसमें नित्यानंद को 4 7 व श्वेत कुमार को 34 मत प्राप्त हुए साहू 13 मतों से विजयी हुए वही उपाध्यक्ष के लिए लोशन प्रसाद साहू व प्रदीप प्रधान ने नामांकन दाखिल किया था लोचन को 52 एवं प्रदीप को 28 मत प्राप्त हुए जिसमें एकमत रिजेक्ट हुआ इस प्रकार लोचन ने 24 मतों से जीत दर्ज की वही सचिव के लिए देवेंद्र शर्मा एवं सह सचिव के लिए भूपेंद्र भोई निर्विरोध चुने गए।

## 360 बेरोजगारों को मेला में रोजगार मिला, सामानों की लगाई गई प्रदर्शनी

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत जनपद पंचायत सराईपाली परिसर में जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया जिसमें महिला समूह के लगभग 1500 से अधिक सदस्य एवं 400 से अधिक बेरोजगारों युवक युवतियां सम्मिलित हुए रोजगार मेला में महिला स्व सहायता समूह द्वारा उत्पादित विभिन्न प्रकार की सामानों की प्रदर्शनी लगाई गई वह उसका विक्रय किया गया वही 360 बेरोजगारों को मेला में रोजगार मिला रोजगार मेला में महिला समूह द्वारा हाथ करघा बुनकर साड़ी मशरूम पापड़ अचार हल्दी मिर्ची गरम मसाला आटा बड़ी धूपबत्ती अगरबत्ती गोबर से बनी टोकरी गोबर के दिए नमकीन अरसा रोटी हैंडबैग एलईडी बल्ब तिल लड्डू मूंगफली लड्डू साबुन डिटर्जेंट फिनाइल मोमबत्ती बात से निर्मित आदि वस्तुएं लाई गई थी और विक्रय भी किया गया विकास खंड के बेरोजगार युवक-युवतियों का कौशल प्रशिक्षण डी डी यू के वाई के बड़ौदा आर सिटी जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र द्वारा किया गया मेले में गणेश स्व सहायता समूह भोथलडीह, मां शाकंभरी स्व सहायता समूह मोहनदा राधा रानी महिला स्व सहायता समूह देहरा पाली विश्वकर्मा महिला स्व सहायता समूह को कड़ी को बैंक लिंकेज स्वीकृति पत्र जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर के द्वारा प्रदान किया गया वैष्णो देवी स्व सहायता समूह कैलेंडा, को सामुदायिक निवेश को से राशि 60 हजार रुपये का डी डी जनपद उपाध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी द्वारा प्रदान किया गया।

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र महासमुंद द्वारा जिले में संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम वह मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की जानकारी उपस्थित सभी लोगों को दी गई नाबार्ड द्वारा महिला स्व सहायता समूह को आजीविका प्रशिक्षण के लिए चिन्हित किया गया बड़ौदा कार सिटी महासमुंद द्वारा महिला स्व सहायता समूह आजीविका प्रशिक्षण एवं युवाओं को निशुल्क कौशल प्रशिक्षण की जानकारी दी गई एवं 80 प्रशिक्षणार्थी का चयन किया गया कौशल विकास हेतु दीनबंधु फाउंडेशन अभनपुर रायपुर द्वारा 75 युवाओं का चयन किया। ओपी बंसल ट्रस्ट द्वारा 70 युवाओं का लाईव्हलीहुड कॉलेज द्वारा 60 ही युवाओं का चयन सेब एडुकेट लर्निंग सेंटर रायपुर द्वारा 75 युवाओं का चयन किया गया रोजगार मेला का सकारात्मक प्रभाव शरीफ पाली क्षेत्र में पड़ेगा जिससे राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान के बारे में जानेंगे जिससे गरीबी सबके की महिला ने समूह से जुड़े की स्वरोजगार को अपनाने तथा अपनी आजीविका संवर्धन के लिए प्रोत्साहित होगी तथा विभिन्न विभाग की जानकारी आम जनता तक पहुंचेगी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला पंचायत महासमुंद कौशल विकास प्राधिकरण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सराईपाली विकास विस्तार अधिकारी एसडीओ बीपीएम एन आर एल एम पीआरपी एल एल सी आर पी आर बी के सक्रिय महिला एवं जनप्रतिनिधियों का विशेष योगदान रहा।

## कार्यकर्ताओं के बल पर ही 2023 में छत्तीसगढ़ में कमल खिलेगा : गौरीशंकर अग्रवाल

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




जिला बलौदाबाजार-भाटापारा भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति की आवश्यक बैठक जिला भाजपा कार्यालय बलौदाबाजार में प्रदेश कोषाध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक व जिला प्रभारी मोतीराम चंद्रवंशी के मुख्य आतिथ्य में व पूर्व विधायक, जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जहाँ मौजूद जिला पदाधिकारियों, मोर्चा, प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों का परिचय जिलाध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े ने उपस्थित नेताओं से करवाया।

इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने जिले के सभी मनोनीत पदाधिकारियों को संगठन के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन पूरी सत्य निष्ठा व ईमानदारी से करने की बात कही और आगामी कार्ययोजना की कुछ जानकारी भी साझा करते हुए अग्रवाल ने कहा कि भाजपा के संगठन को देख विपक्षियों के पसीने छूट जाते है आगे कहा कि किसी भी संगठन को मजबूती देने में सबसे बड़ा योगदान संगठन के कार्यकर्ताओं का होता है वह संगठन लोगों के लिए उतना बेहतर होगा जिस संगठन के लोग संगठन की इमानदारी से कामयाबी के लिए काम करेंगे। इसलिए संगठन को मजबूत करके किसी भी लड़ाई में जीत को आसान किया जा सकता है, साथ ही भाजपा नेता ने कहा कि भाजपा का संगठन दुनिया का सबसे बड़ा संगठन है जिसके कार्यकर्ताओं का उत्साह देख कर ही विपक्षियों व सरकार के पसीने छूट जाते है। संगठन मजबूत होगा तो हम मजबूत होंगे। मजबूत संगठन के बल पर ही 2023 में छत्तीसगढ़ में कमल खिलाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन आधारित दल है। जिला प्रभारी मोतीराम चंद्रवंशी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संगठन के अगामी दिशा निर्देश सरल पोर्टल में समस्त कार्यकर्ताओं की जानकारी व समस्त मंडल के मोर्चा व प्रकोष्ठो की नियुक्ति दिनांक 12 मार्च तक पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया है। साथ ही प्रदेश में निर्मित परिस्थितियों से अवगत कराते हुए उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार में अकंठ डूबी कांग्रेस सरकार से लोग अब तंग चुके है। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा सी गई है। इसके कारण प्रदेश में माफिया राज हावी हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का मूड़ अब पूरी तरह से बदल गया है। प्रदेश की जनता भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए आतुर है। उन्होंने दावा किया कि 2023 में प्रदेश में दो तिहाई बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। पूर्व विधायक व जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने वर्तमान में हुए मोर्चा व प्रकोष्ठों की जिला कार्यसमिति की नियुक्ति के बारे में उपस्थित नेताओं को विस्तार से बताया व समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई ज्ञापित करते हुए। जनहित हेतु एकजुट होकर कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक का संचालन महामंत्री सुभाष जालान व आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. अजय राव, भाजपा नेता योगेश चन्द्राकर, श्यामबाई साहू, बेदराम जांगड़े, बलीराम सांडे, डॉ कुशल वर्मा, धनंजय साहू, द्वारिका प्रसाद साहू, नपा अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, नपं अध्यक्ष यशवर्धन वर्मा, जपं अध्यक्ष गौरी देवी, नीलम सोनी, सेवक वर्मा, कृष्णा अवस्थी, महाबल बघेल, सुनीता वर्मा, राजकुमार जायसवाल, पवन वर्मा, सुलोचना यादव, रितेश श्रीवास्तव, नेतरंजन निर्मकर, डोमन वर्मा, झाडुराम चन्द्रा, झाडुलाल साहू, डबलूसिंह ठाकुर, मनिन्दरसिंह गुम्बर, नंदकुमार वर्मा, कृष्ण कुमार पटेल, विजय यादव, छतराम साहू, रेवती लाल चन्द्रा, सुदीप मानिकपुरी, कौशिल्या वर्मा, चंचला चैबे, योगेश वर्मा, संतोष वैष्णव, रेशम कुर्रे, पुनीतराम यादव, फुलचंद जायसवाल, रामनारायण देवांगन, शंभूयादव, संतराम पटेल, निलेश दुबे, हेतराम साहू, पवनकुमार वर्मा, प्रशांत यादव, पुरूषोश्रम साहू, सन कुमार साहू, राहुल सोनी, भीषम कश्यप, प्रणव अवस्थी, मोनू ध्रुव, महेश कुमार जांगड़े, गंगादास मधुकर, सुन्दरसिंह ध्रुव, गुलपत ध्रुव, नीलकंठ साहू सत्यनारायण चेलक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आपदा पीड़ित परिवारों को 16 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से पीड़ित 4 परिवारों के लिए 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक पीड़ित परिवार को 4-4 लाख रूपये की सहायता मिलेगी। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 में निहित प्रावधानों के अनुसार 5 मार्च को यह राशि स्वीकृत की है। सापं काटने, आग से जलने एवं नहाते समय पानी में डूब जाने के कारण हुई मौत के कारण मृतक के परिवारों के सहायतार्थ यह राशि प्रदान की जा रही है। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में संतोष कुमार साहू ग्राम बेंगपाली तहसील बिलाईगढ़, शीशराम साहू ग्राम धाराशिव तहसील बलौदाबाजार, मूंगाबाई वर्मा ग्राम बगबुड़ा तहसील बलौदाबाजार और रामेश्वर प्रसाद लहरी ग्राम मोपर तहसील भाटापारा शामिल हैं।

### असम गुवाहाटी में कांग्रेस और अन्य पार्टियों का महागठबंधन विधानसभा के बाद असम सरकार बनाएगा

## गोरेलाल बर्मन व विमल साहू प्रत्येक बूथ और मंडल स्तर पर कर रहे हैं प्रचार-प्रसार

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं विशेष मिडिया सलाहकार कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त विनोद वर्मा एवं खनिज निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन , अरुण भद्रा, के निर्देश अनुसार असम गुवाहाटी विधानसभा क्षेत्र के बरपेटा में भाषण शैली और कला में माहिर गोरेलाल बर्मन को लोगों का खूब प्यार और समर्थन चुनाव प्रचार एवं बूथ मैनेजमेंट के दौरान मिल रहा है। गोरेलाल बर्मन विमल साहू और देव यादव की जोड़ी बरपेटा विधानसभा में धूम मचाया हुआ है एवं देव यादव कांग्रेसी नेता 'प्रदेश महासचिव' अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा 'प्रदेश मीडिया' प्रभारी सर्व छत्तीसगढ़िया समाज महासभा महासंघ, गोरेलाल बर्मन छाया विधायक पामगढ़, विमल साहू महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बलौदा बाजार-भाटापारा, सरोज सारथी कांग्रेसी नेता, लव तिवारी वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता, ललित नायक पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, रामायण पटेल युवा कार्यकर्ता एवं सरपंच पति सहित चुनाव प्रचार प्रसार में अपना अहम योगदान दिए असम गुवाहाटी में कांग्रेस और अन्य पार्टियों का महागठबंधन विधानसभा के बाद असम सरकार बनाएगा क्योंकि राज्य के लोगों भाजपा के झूठे वादों से अजीज आ गए हैं बढ़ते हुए महंगाई के खिलाफ कांग्रेस सरकार ने भाजपा के नेता देश भर में घूम-घूम किये गए वादे खोखला साबित हो गया है सीएए लागू करने की बात कर रहे हैं भाजपा असम आने पर चुप्पी साध लिए हैं । वही प्रियंका गांधी ने कहा है कि असम में इसका जिक्र करने में इसमें (भाजपा नेताओं में) साहस नहीं है और असम के लोगों को उन्हें भगवा पार्टी के नेताओं को इस बार में कभी बोलने तक नहीं देना चाहिए उन्होंने भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा है कि 6 महीनों में 25 लाख नौजवानों को रोजगार देने का बात खोखला साबित हुआ भाजपा सरकार के 5 साल बीत चुके हैं लेकिन आज भी असम के नौजवानों बेरोजगार घूम रहे हैं उन्होंने कहा है कि असम में कोविड-19 जैसे बिमारी महामारी से पहले बेरोजगारों की संख्या 17 लाख थी जो बढ़कर अब 27 लाख तक पहुंच चुकी है इसके लिए प्रियंका गांधी ने सभी मतदाताओं से अनुरोध करते हुए कहा है कि अपनी नेताओं से यह झूठे वादों से अजीज आ चुके हैं लोग राज्य में महागठबंधन बनाएगा सरकार आम जनता को ठगने वाली सरकार को इस बार देंगे जवाब देते हुए भाजपा सरकार के वादों पर सवाल उठाया एवं पेट्रोल डीजल गैस की महंगाई फूट-फूटकर नजर आने लगा है आज गुवाहाटी असम में सम्मेलन के दौरान भाजपा सरकार के वादों पर सवाल उठाया गया वहीं हमारे छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल ने बीजेपी सरकार के वादों पर खरे नहीं उतरने का जवाब देने के लिए भाजपा पार्टियों को इस बार उखाड़ फेंकने का समय आ गया है बताया असम में 126 में से 80 से अधिक सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ने एवं विजयी होने की संभावना है वहीं कांग्रेस पार्टी को विजय दिलाने में देव यादव अपने सभी साथियों के साथ बरपेटा विधानसभा के धुर ग्रामीण एवं शहरी अंचल में जाकर मंडल एवं बूथ के अध्यक्षों एवं पंच सरपंच को कांग्रेस पार्टी को पक्ष में विजय दिलाने के लिए भरसक अथक प्रयास कर रहे हैं वही असम के सभी विधानसभा में हमारे छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पर्यवेक्षक के रूप में वही हमारे छत्तीसगढ़ के विभिन्न योजनाओं को असम में लागू करने का भरसक प्रयास करेंगे जैसे कि नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी समर्थन मूल्य में धान खरीदी एवं किसान का कर्जा माफ बिजली बिल, हाफ जैसे योजनाओं को कांग्रेस लागू करेंगे लगातार जनसंपर्क असम विधानसभा में टीम लीडर गोरेलाल बर्मन छाया विधायक पामगढ़ के बरपेटा विधानसभा में निचले स्तर पर ग्रामीण अंचल कुम्हीपारा, मेहिरामरा, हाजीपारा, डब्ल्लीयापारा पहला सुंदरिया परभूसी के केटेकुची हाऊली टाऊन, के ग्रामीण क्षेत्रों बूथ मण्डलो के अध्यक्षों बूथ कार्यकर्ताओं में मिटिंग लेकर कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह किया गया है जिसका परिणाम आने वाले मई को देखने को मिलेंगे ।निश्चित ही गोरेलाल बर्मन का प्रचार प्रसार चुनाव को प्रभावित करेगा क्योंकि गोरेलाल बर्मन छत्तीसगढ़ के प्रख्यात गीतकार, संगीतकार है और आसाम में छत्तीसगढ़ के 20 से 25 लाख लोग रहते हैं ।छत्तीसगढ़ में उनका कांग्रेस के लिए 2018 में गाया हुआ गाना चुनाव का रुख मोड़ दिया था वैसा ही आशा और विश्वास यहां भी है ।

## लगभग 4 हजार 800 सौ अभ्यर्थी आर्मी भर्ती रैली में उपस्थित

**दुर्ग।** जिले में चल रही आर्मी भर्ती रैली में लगभग 4800 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इस मौके पर प्री-हाइट के लिए लगभग 2900 लोगों ने क्वालिफाई किया। साथ ही लगभग 350 अभ्यर्थियों ने दौड़ में क्वालीफाई किया। आर्मी भर्ती रैली में जिला प्रशासन द्वारा प्रतिभागियों के लिए हर संभव सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। चिन्हांकित स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं के अतिरिक्त खाने पीने की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जा रही है। कंट्रोल रूम से प्राप्त किसी भी तरह के फीडबैक पर तुरंत कार्रवाई हो रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उप संचालक जनशक्ति नियोजन राजकुमार कुर्रे ने बताया कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर व्यवस्था की मानिटरिंग लगातार की जा रही है।

## छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह

**दुर्ग।** आपको बता दें विगत दिनों 21 फरवरी 2021 को महासंघ के द्वारा निर्वाचन के माध्यम से पदाधिकारियों का चुनाव किया गया है जिसका शपथ ग्रहण समारोह दिनांक 7 मार्च 2021 को रायपुर के मैग्नेटो मॉल में संपन्न होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद्मश्री फूलबासन बाई यादव, कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा, विशिष्ट अतिथि राजेश चटर्जी, आरके रिछारिया, विजय झा, रामसागर कोसले, एम एस शेख, की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न होगा।

### निधन

## सेवंतीन बाई गेडाम



**भिलाई।** केम्प दो गांधी चौक नहरपार वार्ड 34 निवासी सेवंतीन बाई गेडाम उम्र 101 वर्ष का निधन 5 फरवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे हेमा गेडाम की मां, राजा, राजू व कृष्णा गेडाम की दादी और शालिनी गेडाम की सास थी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गईं।

# 6.62 लाख बच्चों को दी जाएगी कृमिनाशक एलबेंडाजोल की गोली

## मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पहुंचेंगी घर-घर 15 से 22 मार्च तक

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रुप से 15 मार्च से 22 मार्च 2021 तक किया जाएगा। इस दौरान 1 वर्ष से 19 वर्ष तक 6.62 लाख बच्चों एवं किशोर/किशोरियों को पेट के कीड़ों से बचाने के लिए कृमिनाशक एलबेंडाजोल गोली का सेवन कराया जाएगा। इस बार राज्य के 23 जिलों के कुल 87.94 लाख बच्चों को यह दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस वर्ष बच्चों को मितानिन द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से अपने कार्यक्षेत्र के सभी घरों का भृमण कर कृमिनाशक दवा दी जाएगी। 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली (200 एमजी) चूर्ण बनाकर पानी के साथ, 2 से 3 वर्ष तक के बच्चों को 1 गोली पूरी तरह से चूर्ण बनाकर पानी के साथ तथा 4 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एक पूरी गोली (400एमजी) चबाकर के पानी के साथ सेवन कराया जाएगा । एल्बेंडाजोल की गोली बच्चों और बड़ों के लिए सुरक्षित है। दवा खाने के उपरांत यदि कोई प्रतिकूल प्रभाव हो तो प्रबंधन के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर उपचार की व्यवस्था भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा रहेगी। कृमि मुक्ति दिवस पर बीमार बच्चों या पहले से कोई अन्य दवाई ले रहे बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली नहीं दी जाएगी। सीएमएचओ डॉ. गम्भीर सिंह ठाकुर ने बताया, ÷सरकार के निर्देशानुसार साल में 2 बार कृमि मुक्ति कार्यक्रम मनाया जाता है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग की भागीदारी होती है। कोविड-19 संक्रमण की व्यापकता को देखते हुए सितंबर-2020 में हुए कार्यक्रम के अनुसार इस चरण में भी कोविड-19 संबंधित दिशा निर्देशों का पालन किया जाएगा। जिन घरों में कोविड-19 के सक्रिय केस होंगे वहां सामान्य स्थिति होने के उपरांत दवा दी जाएगी। एलबेंडाजोल की गोली खिलाने के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क व सैनिटाइजर का प्रयोग किया जाएगा।

कृमि मुक्ति कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सुदामा चंद्राकर ने बताया, कृमि संक्रमण चक्र की रोकथाम के लिए यह गोली बच्चों को देना आवश्यक है। कृमि बच्चों के स्वास्थ्य शिक्षा और संपूर्ण विकास को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। कृमिनाशक की गोली से बच्चों के संपूर्ण शारीरिक मानसिक विकास में मदद मिलती है। इसलिए कृमिनाशक गोली खिलाना आवश्यक है। जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों द्वारा घर-घर जा कर एलबेंडाजॉल की गोली 15 मार्च से खिलाई जाएगी। कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने के लिए विकासखंड स्तर से प्रभारी अधिकारी सीडीपीओ, सेक्टर एमओ, पर्यवेक्षक, मितानिन समन्वयक, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन को प्रशिक्षित किया गया है।

### कृमि संक्रमण के लक्षण

कृमि संक्रमण पनपने से बच्चे के शरीर में खून की कमी हो जाती है। वे हमेशा थकान महसूस करते हैं उनका शारीरिक व मानसिक विकास भी बाधित होती है। इससे बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है।

#### कृमि संक्रमण से बचाव के उपाय

नाखून साफ और छोटे रखें, हमेशा साफ और स्वच्छ पानी ही पीऐं, खाने को ढककर रखें, साफ पानी में अच्छे से फल व सब्जियां धोएं, घरों के आस-पास साफ. सफाई रखें, खुले में शौच न करें हमेशा शौचालय का प्रयोग करें, अपने हाथ साबुन से धोए विशेष कर खाने से पहले और शौच जाने के बाद।

# वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन द्वारा आज किया जाएगा महिलाओं का सम्मान

## बेमेतरा की नीतू कोठारी भी होगी सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन द्वारा कल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राजधानी रायपुर की समाजसेवी महिलाओं सहित प्रशासनिक सेवा व पत्रकारिता से जुड़ी महिलाओं एवं 26 बार रक्तदान करने वाली बेमेतरा की पार्षद नीतू कोठारी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है, उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री राजकुमार राठी ने बताया कि कल 8 मार्च को सुबह 11 बजे से रामसागरपारा स्थित होटल आई स्टे में महिला शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष योगेश अग्रवाल करेंगे विशेष अतिथि के रूप में भाजपा नेता केदार गुप्ता एवं कान्हा बजारी उपस्थित रहेंगे।




कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिता खंडेलवाल, कविता राठी, जानकी गुप्ता, सविता गुप्ता, रुना शर्मा, ऋचा ठाकुर, सोनल शर्मा द्वारा सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है। राठी ने बताया कि उक्त अवसर पर महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।

## प्रेक्षक संजय दीवान ने दावा-आपत्ति केंद्रों का किया निरीक्षण

**भिलाई नगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभी वार्डों में निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 1 मार्च को किया गया है और 1 मार्च से 9 मार्च तक दावा-आपत्ति लेने का कार्य किया जा रहा है! राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त प्रेक्षक संजय दीवान ने दावा-आपत्ति केंद्रों का जायजा लिया! इस दौरान वह कोहका पहुंचे! उन्होंने प्राधिकृत अधिकारी से प्राप्त होने वाले दावा-आपत्ति की जानकारी प्राप्त की तथा मतदाता सूची का अवलोकन करने आने वाले मतदाताओं की संख्यात्मक जानकारी ली, उन्होंने निर्देश दिए कि प्राधिकृत अधिकारी निर्धारित समय पर दावा-आपत्ति केंद्रों पर उपस्थित रहे! नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में पहुंचकर पूरे निगम क्षेत्र से आए हुए दावा-आपत्ति की वार्डवार जानकारी ली! त्रुटि रहित निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए!

# नगर पालिका के विकास कार्य ने पकड़ी गति 'मिला 150 लाख के विकास कार्यों की स्वीकृति"

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा एवं शकुन्तला मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा के प्रयासों से नगर पालिका बेमेतरा को विकास कार्यो हेतु अधोसंरचना मद में वर्ष 2020-21 के लिए शासन से 150.00 लाख रूपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। अधोसरंचना मद अंतर्गत भक्त माता कर्मा चैक निर्माण हेतु राशि 10.00 लाख रूपये निकाय को प्रदान किया गया एवं शेष राशि 140.00 निकाय से प्रस्ताव चाही गयी है। राशि स्वीकृति होने पर पंचू साहू उपाध्यक्ष हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक एवं अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि शासन से प्राप्त स्वीकृति पत्र को परिषद की आगामी बैठक में रखकर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों से कार्यो की सूची को अनुमोदित कराया जावेगा जिसके पश्चात परिषद के प्रस्ताव संकल्प सहित चेक लिस्ट के साथ शासन को भेजी जावेगी। नगर पालिका बेमेतरा के सभी पार्षदगण लछनी (लक्ष्मी) यशवंत लहरे, जया साहू, रानी डेनिम सेन, विरेन्द्र साहू, शत्रुहन निषाद, सजनी यादव, आशीष राम ठाकुर, साधेलाल बघेल, अखिलेश मिन्टा नामदेव, नीतू कोठारी, मनोज शर्मा, सोमनाथ ध्रुव, देवराम साहू, घनश्याम साहू, प्रवीण नीलू राजपूत, रानी बंटी चांवला, घनश्याम ताम्रकार, रश्मि फणेन्द्र मिश्रा, रेहाना वाहिद रवानी ने हर्ष व्यक्त कर आभार जताया।

नगर पालिका अध्यक्ष शकुन्तला मंगत साहू ने उक्त स्वीकृति मिलने पर भूपेश बघेल मुख्यमंत्री, डॉ. शिव कुमार डहरिया, मंत्री, नगरीय प्रशासन एवं विकास, ताम्रध्वज साहू, मंत्री, लोक निर्माण एवं गृह विभाग एवं आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# डॉक्टर के क्वाटर में एनएचएम के ऑपरेटर को दे दी गई जगह, डॉक्टरों के बीच नाराजगी व्याप्त

## क्वाटर के अभाव में हो रही परेशानी, अस्पताल के नजदीक होने से मिलती राहत

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला अस्पताल पहले डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा था पर शासन ने अब यहां 30 से अधिक डॉक्टरों की नियुक्ति कर दी है, जिससे कमी की समस्या अब दूर हो चुकी है। लेकिन पदस्थापना के अनुरूप डॉक्टरों के ठहरने के लिए क्वाटर की व्यवस्था की कमी रह गई। वहीं कम संसाधन होने के बावजूद जशपुर की पदस्थापना को स्वीकार करने वाले डॉक्टरों को और अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

संसाधनों के मामले में हैरत की बात यह सामने आ रही है कि शासन की ओर से डॉक्टरों के लिए बनाए गए व निर्धारित किए गए क्वाटर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, एनएचएम के ऑपरेटरों को जगह दे दी गई है, जिससे क्वाटर के अभाव में रह रहे डॉक्टरों में भारी नाराजगी है। डॉक्टरों का कहना है कि शासन की ओर से डॉक्टरों के लिए निर्धारित स्थल को अन्य कर्मचारियों को देने से हमें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अगर हमारे स्थान में उन्हें जगह दी गई तो फिर हम कहां जाएंगे।




### ऑपरेटर और डॉक्टर में फर्क

चिकित्सा के क्षेत्र में निश्चित ही एक डाटा एंट्री ऑपरेटर और एक डॉक्टर के पेशे में जमीन आसमान का फर्क होता है। मानव स्थास्थ्य के लिए वक्त पर ऑपरेटर की जगह डॉक्टर की आवश्यकता सर्वप्रथम होती है। यदि अस्पताल के नजदीक बनाए गए डॉक्टर क्वाटर में एनएचएम के ऑपरेटरों की जगह डॉक्टरों को जगह दी जाती है तो जिला अस्पताल में आने वाले आपातकालीन हादसों पर वे अपना 100 प्रतिशत दे सकते हैं। एक ऑपरटेर आपातकालीन के दौरान स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना योगदान देने में असक्षम साबित होगा।

डॉक्टर के लिए बनाए गए क्वाटर में उन्हें ही प्राथमिकता दी जाएगी। मैं इसकी जानकारी लेकर कार्रवाई करता हूं।

**महादेव कावरे**, कलेक्टर जशपुर

# बेरला जनपद में सरपंचों के मानदेय में घोटाला महज 500 रुपये का मानदेय राशि

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेरला जनपद के अंतर्गत आने वाले पंचायतों के सरपंचों को मानदेय के रूप में महज 500 रुपये प्रदाय किये जाने वाले मामले को लेकर जिपं सभापति राहुल योजराज टिकरिहा ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने जनपद के सीईओ को पत्र सौंप 4 बिंदुओं पर अपना उत्तर मांगा है। उन्होंने जनपद बेरला पर आरोप लगाए हुए कहा कि जब अन्य जनपद पंचायतों के सरपंचों को 2 हजार का मानदेय दिया जाता है तो यहां भेद भाव क्यों किया जा रहा है। जबकि जिला पंचायत से निरंतर पूर्ण दर से मानदेय जनपद को भेजा जा रहा है। राहुल ने आग्रह किया है सरपंचों को पूर्ण मानदेय अप्रैल से ही जारी किया जाए व विसंगति मामले को पत्र के माध्यम से बिंदुओं का जवाब देने की मांग किया है।

### छः साल में करोड़ों का झोल अब तक नहीं लौटाए गए बचत राशि

आपको बता दें कि बेरला जनपद में विगत 6 वर्षों से सरपंचों को महज 500 रुपये मानदेय ही भुगतान की जा रही थी बल्कि अन्य जनपद में 2000 मानदेय दी जाती रही है। सभापति राहुल योगराज टिकरिहा ने बताया की लगातार इस विषय को लेकर सरपंचगण से आग्रह आने पर प?ताल किया। और पता चला कि जिला पंचायत से 2000 के हिसाब से ही राशि भेजी जाती है किन्तु इसे जनपद अपने स्तर पर कटौती करते आयी है। इस हिसाब से एक करोड़ से ऊपर की राशि का झोल है जिसे वापस भी नहीं किया गया है। राहुल ने बेरला जनपद सीईओ को पत्र सौंप 4 बिंदुओं पर उत्तर की मांग की जिसमें मुख्य रूप से वेतन में विसंगति का कारण, यदि नियम है तो क्या यह नियम सिर्फ बेरला जनपद में लागू है। लगभग 6 सालों से बचत राशि का क्या उपयोग किया गया, क्योंकि मानदेय राशि तो प्रति सरपंच 2000 का मानदेय जनपद को जिला से प्राप्त हुआ है। बचत राशि जो कि एक करोड़ से अधिक होगा उसका क्या हिसाब है। क्या ऐसी ही विसंगति पंचों के मानदेय में भी हो रही है।

# कसडोल में संसदीय सचिव शकुन्तला साहू ने की जल जीवन मिशन की शुरुआत, हरी झंडी दिखाकर रथ को किया रवाना



पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com

सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत रविवार को छत्तीसगढ़ शासन की संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक शकुन्तला साहू ने जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी मे नगर पंचायत कसडोल से जल जीवन मिशन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जल जीवन मिशन योजना के तहत जागरूकता रथ के द्वारा एक सप्ताह तक जिले के सभी विकासखंड अंतर्गत गांवों में जाकर लोगों को जल को घरों तक पहुचाने एवं जल का संरक्षण करने के तरीकों के बारे में जागरूक किया जाएगा ।जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2024 तक सभी ग्रामीण परिवारों को नल से जल मुहैया कराने का लक्ष्य निर्धारित है। जल जीवन मिशन का उद्देश्य प्रति ब्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर जल उपलब्धता कि योजना बनाना, नए पेय जल स्त्रोतों का विकास एवं मौजूदा स्त्रोतों का सुधार, उचित तकनीकों द्वारा पानी को पीने योग्य बनाना तथा अपशिष्ट जल प्रबंधन करना, योजना के बेहतर संचालन हेतु हितग्रहियों के संख्या में वृद्धि करना, नल जल योजना के संचालन हेतु पेयजल उपसमिति का गठन करने है।जल जीवन मिशन पाइप लाइन की मदद से शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने का अभियान है। इस अभियान के तहत जिले के सभी ब्लॉको में व्यापक प्रचार-प्रसार एवं विभिन्न गतिविधियों के द्वारा जन-जन तक जल जीवन मिशन का संदेश पहुंचाया जाएगा। इसकी शुरूआत जागरूकता रथ की रवानगी के साथ की गई है। इस जागरूकता रथ के माध्यम से 13 मार्च तक ब्लॉक के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर जल जीवन मिशन के विषय में लोगों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही जल जीवन मिशन के अन्य कार्य जल संचयन, भूजलपुनर्भरण, पानी का पुन:चक्रण, जल प्रबंधन, जल गुणवत्ता निगरानी एवं पेयजलापूर्ति योजनाओं के रख-रखाव में समुदाय और विशेष कर महिलाओं, स्वयं सहायता समूह सहभागिता के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा।

# निषाद समाज द्वारा राम मंदिर निर्माण में सहयोग राशि प्राप्त हुई



**तिल्दा नेवरा।** गुहराज निषाद समाज लिमतरा द्वारा 5000? का निधी समपर्ण अभियान राम मंदिर निर्माण में सहयोग प्राप्त हुवा ग्राम पंचायत लिमतरा के निषाद समाज द्वारा राम मंदिर निर्माण के लिए राशि दी गई उस में प्रमुख रूप से मंडल पालक हेम सिंह चौहान जी टेक सिंह राजकुमार निषाद चोवा राम निषाद माधव निषाद चोवा राम साहू रामदयाल संतराम प्रभु निषाद दिलेश्वर निषाद शत्रुघ्न निषाद गौ तरिया निषाद मुरली शर्मा बीरबल कातिक रमेश बंजारे लक्षण टंडन शिवचरण राम निषाद अग्नू समस्त ग्राम के निषाद समाज के सभी प्रबुद्ध जनों ने एवं माताएं बहने सब मिलकर राम मंदिर के लिए समर्पण राशि दिए।

### कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे को रजक समाज में दिया न्यौता

# धोबी समाज का साजा में 14 मार्च को महाअधिवेशन

## रजक कल्याण बोर्ड के गठन की घोषणा पर मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री का आभार जाताया

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिले के साजा परिक्षेत्र धोबी समाज का वार्षिक अधिवेशन समाज के सामुदायिक भवन साजा में 14 मार्च होगा। इस आयोजन के मुख्य अतिथि कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे होंगे।

धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के नेतृत्व में आए समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री रविंद्र चौबे से आज उनके राजधानी स्थित निवास कार्यालय रायपुर में भेंटकर उन्हें महाधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का न्यौता दिया। मंत्री चैबे ने रजक समाज के आमंत्रण को स्वीकार करने के साथ ही उनके आयोजन की सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। मंत्री रविंद्र चौबे ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार समाज के सभी वर्गो की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' के सपने को साकार करने में तेजी से आगे बढ़ रही है। हमारी यह कोशिश है कि छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाने में सभी लोगों की भागीदारी हो। उन्होंने रजक समाज के लोगों के उत्साह और उनकी एकता की सराहना की।

प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने रजक समाज के कल्याण के लिए रजक कल्याण बोर्ड के गठन की घोषणा के प्रति मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कृषि मंत्री रविंद्र चौबे का आभार जताया। अध्यक्ष सूरज निर्मलकर एवं समाज के लोगों ने प्रदेश सरकार द्वारा आम जनता की भलाई विशेषकर समाज के गरीब तबके के लोगों के बेहतरी के लिए किए जा रहे कार्यो की सराहना की और कहा कि इससे पिछड़ों एवं गरीबों के मन में विश्वास जगा है। निर्मलकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है जिसने रजक समाज के कल्याण के लिए बोर्ड का गठन किया है। इससे सिर्फ छत्तीसगढ़ ही नहीं वरन पूरे देश के रजक समाज के लोग उत्साहित हैं।

इस अवसर पर समाज के परिक्षेत्रीय अध्यक्ष सुरेश कन्नौजे, युवा धोबी समाज के प्रादेशिक प्रवक्ता राजेन्द्र निर्मलकर, क्षेत्रीय पदाधिकारी संतोष निर्मलकर, श्यामलाल रजक, होरीलाल कन्नौजे, जिला युवा अध्यक्ष नीरज निर्मलकर, विसहत रजक एवं अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## शिवनाथ तट पर महाआरती के साथ होगा शिव जी का रुद्राभिषेक

**दुर्ग।** महापौर धीरज बाकलीवाल के निर्देशन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवनाथ तट पर हर्षोल्लास के साथ महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। महापौर की मंशा के अनुरुप शिवनाथ तट पर कार्यक्रम के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को करने आयुक्त हरेश मंडावी द्वारा निगम अधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। महापौर के निर्देशानुसार शिवनाथ तट पर श्रद्धालुओं की आस्था के तहत् बर्फ का शिव लिंग स्थापित किया जावेगा। इस संबंध में गत दिनों संस्कृति, पर्यटन विरासत विभाग प्रभारी अनुप चंदानियॉ द्वारा समिति की बैठक लेकर कार्यक्रम की रुप-रेखा तैयार कर प्रेषित किया गया है।

**फुटकर दुकानदारों के लिए बनेगा स्टालः** महापौर धीरज बाकलीवाल ने शिवनाथ तट पर महाशिवरात्रि पर्व के दौरान शहर की आम जनता को बेहतर सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से पर्व को मेला का स्वरुप देने नदी मार्ग में छोटे दुकानदारों के लिए स्टाल बनाने के निर्देश दिये हैं।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजनांदगांव (छ.ग.)**

फोन-07744-224035(O) E-mail-eeraj-phe-cg@gov.in

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना//**

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन राजनांदगांव की ओर से कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन राजनांदगांव द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र ''ए'' में जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजनांतर्गत जिला राजनांदगांव के विभिन्न विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों में पाईप लाईन जोड़ने बिछाने, उच्चस्तरीय जलागार निर्माण, स्वीच रूम, उच्चस्तरीय जलागार के चारों ओर बाउंड्रीवॉल निर्माण, सबमर्सिबल पंप का प्रदाय एवं स्थापना कार्य, विद्युत विभाग (CSEB) से इलेक्ट्रिक कनेक्शन, इलेक्ट्रोक्लोरीनेटर स्थापना, क्लोरीनेटर रूम, घरों एवं शासकीय संस्थानों में कार्यरत नल कनेक्शन प्रदाय आदि एवं अन्य समस्त कार्य, टेस्टिंग, 03 माह का ट्रायल रन, 06 माह तक संचालन संधारण का कार्य। (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित, संलग्न शेड्यूल अनुसार) की मुहरबंद निविदाएं दिनांक 03.03.2021 से ऑन लाईन पर आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त कार्य के निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 10.03.2021 से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदा डाउनलोड करने की अंतिम दिनांक 24.03.2021 (शाम 5.30 बजे) तक है।

| क्र. | निविदा/सिस्टम क्रमांक | ग्राम/विकासखण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 105/72672 | दतरेंगाटोला (छुरिया) | 46.11 |
| 2. | 106/72673 | झिथराटोला (छुरिया) | 49.23 |
| 3. | 107/72674 | भोरमपुरखुर्द (खैरागढ़) | 45.37 |
| 4. | 108/72675 | अचानकपुर (छुईखदान) | 22.42 |

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
राजनांदगांव (छ.ग.)

जी-87617/4

# भ्रष्टाचार की जकड़ में अर्थव्यवस्था

## हमारे देश में भ्रष्टाचार एक बहुत बड़ी समस्या है। चाहे ग्रामीण हो या नगरीय भारत, भ्रष्टाचार ने जीवन के लगभग सभी पहलुओं को आच्छादित कर रखा है।



**मोईन काज़ी**
(लेखक जाने-माने विकास पेशेवर हैं)



ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल (टीआई) द्वारा पिछले साल किए गए एक सर्वेक्षण में पाया गया कि भारत में एशियाई क्षेत्र में रिश्वतखोरी की दर सबसे अधिक है। ग्लोबल करप्शन बैरोमीटर (जीसीबी), एशिया शीर्षक वाले सर्वेक्षण से पता चला है कि सार्वजनिक सेवाओं का उपयोग करने के लिए व्यक्तिगत कनेक्शन का उपयोग करने वाले लोगों में राष्ट्र की दर भी सबसे अधिक है। देश में 39 प्रतिशत रिश्वत की दर है, जबकि 46 प्रतिशत लोग सेवाओं का उपयोग करने के लिए परिचित का उपयोग करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि धीमी और जटिल नौकरशाही प्रक्रिया, अनावश्यक लालफीताशाही और अस्पष्ट नियामक ढांचे नागरिकों को परिचित और क्षुद्र भ्रष्टाचार (भारत में) के नेटवर्क के माध्यम से बुनियादी सेवाओं तक पहुंचने के लिए अन्य समाधान निकालने को मजबूर करते हैं।

देश की आर्थिक गतिशीलता की खोज को गंभीर भ्रष्टाचार द्वारा गंभीर रूप से प्रभावित किया गया है। देश को तत्काल अपने संस्थानों का आधुनिकीकरण करने और किराए पर लेने और काटने के कोनों की संस्कृति को समाप्त करने की आवश्यकता है, अगर वह अपनी अर्थव्यवस्था के चक्र को बिना किसी बाधा के रोल करना चाहता है। भ्रष्टाचार राष्ट्रविरोधी और गरीब विरोधी दोनों है क्योंकि गरीबी उन्मूलन योजनाओं के लिए संसाधनों का मतलब बेईमान राजनेताओं और नौकरशाहों से है। यह सबसे अधिक दुर्बल आर्थिक बीमारियों में से एक है जो दुनिया के बड़े हिस्से को प्रभावित करता है। भारत अब एक ऐसी स्थिति में फंस गया है, जहां कई क्षेत्रों में स्थानिक भ्रष्टाचार हो रहा है, जिसमें वे भी शामिल हैं जिन पर इसे नियंत्रित करने की जिम्मेदारी है - विधायकों से, जो कानून लिखते हैं, न्यायपालिका के लिए जो उन्हें क्रियान्वयन योग्य बनाती है और पुलिस जो उन्हें लागू करती है।

पिछले चार दशकों में, ग्रामीण गरीबों के कल्याण के लिए कई सरकारी कार्यक्रमों के बावजूद, गरीबी व्याप्त है। या तो संजाल व्यापक नहीं थे या उनमें बहुत सारे छिद्र फूटे हुए थे। क्रूर वास्तविकता यह है कि सार्वजनिक खर्च का अधिकांश हिस्सा गरीबों तक नहीं पहुंचता है। यह या तो सलाहकारों, सलाहकारों, उनके उपकरणों और अध्ययनों से युक्त डिलीवरी तंत्र द्वारा हड़प लिया जाता है , या यह जेब में चला जाता है। यह सभी सार्वजनिक वित्त पोषित कार्यक्रमों के लिए एक टचस्टोन बन गया है और अब सभी भारतीय विकास साहित्य में तोता है। निम्न-स्तर का ग्राफ्ट व्याप्त रहता है। पश्चिमी दुनिया की अधिकांश सहायता नौकरशाही व्यवस्था के नीचे चल रही है।

हमारे देश में भ्रष्टाचार एक बहुत बड़ी समस्या है, जिसने जीवन के हर पहलू को खा लिया है। यह सरकार में अविश्वास पैदा कर सकता है, नागरिक संघर्ष, हिंसा और संघर्ष पैदा कर सकता है।

जबकि गरीबों के पास सेवाओं को प्राप्त करने के लिए लोक सेवक को रिश्वत देने के लिए पैसा नहीं है जो उनका अधिकार है, उनके पास एक वोट है जो राजनेता चाहते हैं। राजनेता गरीबों के लिए जीवन को थोड़ा अधिक सहनीय बनाने के लिए कुछ नहीं करता है - भाग्यशाली लोगों के लिए एक अच्छे स्कूल में एक सीट, यहां तक कि भाग्य के लिए एक सरकारी नौकरी, इस अवसर पर ऋण माफी की अप्रत्याशित कमी या, अधिक सामान्यतः एक फोन कॉल जो उन्हें पुलिस केस दर्ज करने में मदद करता है। इस सब के लिए, राजनेता को अपने मतदाताओं का आभार मिलता है। हालांकि, उसके पास तब भी सुधार करने के लिए सिस्टम को सुधारने का बहुत कम कारण है।

मामलों की स्थिति गंभीर है, क्योंकि प्रत्येक गांव के अधिकारी को न केवल विकास योजनाओं के लिए आवेदन पत्र में तेजी लाने के लिए भुगतान किया जाना चाहिए, बल्कि विशेष रूप से इसे बाधित नहीं करना चाहिए। समस्या का कोई आसान हल नहीं है। भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों के पास असहाय नागरिकों की कीमत पर एक कठिन समय होता है। वास्तव में, भ्रष्टाचार और गरीबी के बीच कोई संबंध नहीं है। एक ईमानदार व्यक्ति में एक अधिकारी के बजाय एक भ्रष्ट कॉन्स्टेबल को परिवर्तित करना आसान है। उच्च अधिकारियों

> पिछले चार दशकों में, ग्रामीण गरीबों के कल्याण के लिए कई सरकारी कार्यक्रमों के बावजूद गरीबी व्याप्त है। भरत अब एक ऐसी स्थिति में फंस गया है, जहां कई क्षेत्रों में स्थानिक भ्रष्टाचार हो रहा है, जिसमें वे भी शामिल हैं जिन पर इसे नियंत्रित करने की जिम्मेदारी है। क्रूर वास्तविकता यह है कि सार्वजनिक खर्च का अधिकांश हिस्सा गरीबों तक नहीं पहुंचता है। यह या तो सलाहकारों, सलाहकारों, उनके उपकरणों और अध्ययनों से युक्त डिलीवरी तंत्र द्वारा हड़प लिया जाता है , या यह जेब में चला जाता है।

को अपने साथियों के बीच ग्लैमर और प्रतियोगिता से स्पष्ट रूप से दूर किया जाता है, और उनके परिवारों की आकांक्षाएं, कि दुर्भावना और रिश्वत उनके जीवन का हिस्सा बन जाती हैं। निश्चित रूप से शिक्षा यहाँ एक विफलता है। मतदाता एक परिचित पारिवारिक वंशावली का पक्ष लेते हैं, आंशिक रूप से परिवार के प्रति सांस्कृतिक श्रद्धा के कारण और सदियों से चली आ रही सामंती आदतों के कारण। भारत में व्यक्तिगत गुणों या गुणों की तुलना में राजनीति में ये परंपराएं अधिक महत्वपूर्ण हैं और ये लोकतंत्र के मूल में हैं। जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं और छात्र नेताओं के पास कोई संरक्षण की बात नहीं है, और चुनावों में शामिल भारी धन और बाहुबल को देखते हुए, बाहरी लोग केवल सत्ता का सपना देख सकते हैं। वास्तव में भाई-भतीजावाद का प्रभाव राजनीति से परे है, अधिकांश व्यवसायों में राजवंशों का शासन भी है।

पौराणिक हाइड्रा की तरह, भ्रष्टाचार कई सिरों वाले दुश्मन की तरह है, जो सामाजिक ताने-बाने के हर हिस्से में खुद को प्रविष्ट करता है। इसका काम है राजनीति को कमजोर करना और आर्थिक विकास की संभावनाओं को खतरे में डालना। सिर के कट जाने के बाद ही यह मुरझा सकता है। यह लंबे समय से चली आ रही समस्या है कि लगातार सरकारों ने लड़ाई लड़ी है और ज्यादातर विफल रही है। ईसाई युग से लगभग तीन शताब्दियों पहले लिखे गए अपने मैग्नम ओपस अर्थशास्त्र में, राजकीय कला के शास्त्रीय गुरु कौटिल्य ने देखा, जैसा कि यह जानना असंभव है कि जब पानी में चलती मछली इसे पी रही है, तो यह असंभव है पता करें कि सरकारी कर्मचारी गलत तरीके से धन के उपक्रम के जिम्मेदार हैं।

वाक्यांश, सार्वजनिक जीवन में संभावना, एक विलोम बन गया है। कॉर्क को शुरू करने का समय तब होगा जब भ्रष्ट अधिकारी वास्तव में दोषी और दंडित होंगे। दुर्भाग्य से, हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली का इस मोर्चे पर वास्तव में दयनीय रिकॉर्ड है। जब तक यह सही रहता है, बहुत प्रचारित गिरफ्तारियाँ बहुत कम या बिना किसी उद्देश्य के होती हैं। वे निश्चित रूप से संभावित रिश्वत लेने वालों या रिश्वत देने वालों के लिए प्रभावी निवारक के रूप में कार्य नहीं करते हैं। भ्रष्टाचार को अक्सर एक नैतिक मुद्दे के रूप में देखा जाता है। पर्याप्त लोगों को यह एहसास नहीं है कि आर्थिक कारक कितना भयावह हो सकता है। रिश्वत की लागत स्पष्ट रूप से व्यवसाय मॉडल में और इसलिए लागतों में विभाजित होनी चाहिए। देश की आर्थिक प्रणाली भ्रष्टाचार और संगठित कर चोरी की कई प्रणालियों से जुड़ी हुई है। कॉलेज छात्रवृत्ति, टैक्स रिफंड या राज्य के स्वामित्व वाले बैंक से रियायत प्राप्त करने के लिए रिश्वत दिए जाने के मामले अब आम हो गए हैं। क्षुद्र भ्रष्टाचार में कागजी कार्रवाई करने के लिए पुलिस और अधिकारियों को नोटबंदी शामिल है। व्यवसायियों को लालफीताशाही से बचने के लिए रिश्वत के तौर पर धन देना पड़ता है। लेखक और पूर्व राजनयिक पवन वर्मा सुझाव देते हैं कि भारत में भ्रष्टाचार की दृढ़ता हमारे चरित्र में समानता का एक तनाव भी दर्शाती है : धन और शक्ति की सफल खोज में कोने में कटौती और नियम-तोड़ने को सहन करने की इच्छा। भ्रष्टाचार, निश्चित रूप से भारत के लिए अद्वितीय नहीं है, वह बीइंग इंडियन में लिखते हैं। जो अद्वितीय है वह इसकी स्वीकृति का स्तर है, और रचनात्मक तरीके जिसमें यह निरंतर है। भारतीय लोग परिष्कार की एंटीसेप्टिक परिभाषाओं की सदस्यता नहीं लेते हैं ... सही और गलत की उनकी समझ नैतिकता की पूर्ण धारणाओं की तुलना में प्रभावकारिता से कहीं अधिक संबंधित है।

अधिकांश भारतीय व्यवसाय अघोषित आय को रोक दिए बिना जीवित नहीं रह सकते हैं या प्रतिस्पर्धी नहीं रह सकते हैं। घर बेचने वाले लगभग हर व्यक्ति ने नकद में भुगतान का एक हिस्सा ले लिया है और उस पर कर लगा दिया है। गुप्त धन की विशाल मात्रा अभी भी हमारी प्रणाली का एक हिस्सा है।

समाधान यह सुनिश्चित करने में निहित है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो सरकार के हस्तक्षेप से मुक्त रहे और भ्रष्टाचार के मामलों का खुलासा करने वालों, गवाहों और पत्रकारों को सुरक्षित रखा जाए। निश्चित रूप से सरकार को यह महसूस करना चाहिए कि बढ़ता भ्रष्टाचार भारतीय विकास की कहानी में गतिरोधक साबित हो सकता है। इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने करने के लिए एक मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है। एक मजबूत नागरिक समाज या एक स्वतंत्र न्यायपालिका के बिना सरकारी सत्ता की जांच करने के लिए, राजनीतिक वर्ग जटिल हो सकता है। हमें भ्रष्टाचार से छुटकारा पाने के लिए एक लंबी दूरी तय करनी होगी और इसमें अधिक समय लगने की आवश्यकता हो सकती है क्योंकि समय समाप्त हो रहा है।

# कश्मीर में आतंक का नया चेहरा

## छवि सुधार के लिए प्रयासरत पाकिस्तान भारत-विरोधी अभियान चलाने के लिए स्थानीय लोगों की भर्ती कर इसे सशस्त्र बलों के कथित अत्याचारों के विरोध की तरह पेश कर रहा है।



**अनिल गुप्ता**
(लेखक रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)



इस्लामाबाद ने कश्मीर में प्रासांगिक बने रहने के लिए 5 अगस्त, 2019 के बाद अपनी रणनीतियों में परिवर्तन का प्रयास किया है। लेकिन पाकिस्तान के ज्यादातर कदम या तो विफल हो गए या उनका उल्टा नतीजा निकला। जहां तक पाक-प्रायोजित आतंक का सवाल है, उसने फिर एक बार भारत सरकार द्वारा सामान्य स्थिति बहाल करने और कश्मीर में शांति स्थापना को धक्का देने का प्रयास किया है। यह पाकिस्तान का अंतिम प्रयास है जो विफल हो सकता है, लेकिन निश्चित रूप से इससे स्थिति सामान्य बनाने की प्रक्रिया में थोड़ा विलम्ब होगा।

कश्मीर में आतंक की देशी किस्म की लहर पैदा की जा रही है। दुनिया भर में आतंक के गढ़ तथा सीमापार से आतंक के सबसे बड़े प्रायोजक के रूप में पहचाने जाने के बाद पाकिस्तान अपनी छवि सुधारने के लिए परेशान है। वह भारत के खिलाफ अपनी घृणित योजना की पूर्ति के लिए स्थानीय लोगों की भर्ती कर उनको सरकारी बलों द्वारा किए अत्याचारों के खिलाफ देशी प्रतिरोध के रूप में पेश करना चाहता है। वैश्विक संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्यबल-एफएटीएफ द्वारा आतंकी फंडिंग व फाइनेंसिंग के कारण काली सूची में डाले जाने के भय से इस्लामाबाद सीमापार से आतंक का गोपनीय प्रायोजक बनने को मजबूर है।

कश्मीर में आतंकी संगठन के पहचाने चेहरों, जैसे लश्करे तैयबा, जैशे मुहम्मद व हिज्बुल मुजाहिदीन के स्थान पर नए चेहरे, जैसे द रेसिस्टेंस फोर्स-टीआरएफ, लश्करे मुस्तफा, गजनवी फोर्स व अल बद्र सामने आ रहे हैं। इनमें से अधिकांश समूह नई बोतल में पुरानी शराब की तरह हैं जिनके अधिकांश कार्यकर्ताओं की स्थानीय स्तर पर भर्ती हुई है। लेकिन उनकी कार्यशैली व वित्तीय नियंत्रण पाकिस्तानी आकाओं के पास है। ये नए आतंकी संगठन अपने मूल संगठनों से अच्छी तरह जुड़े हैं तथा अपने संपर्कों के माध्यम से घाटी में हथियारों की स्मगलिंग कर रहे हैं।

जिहाद के नाम पर आतंकी बनने को ललचाए जाने वाले स्थानीय नौजवानों को सोशल मीडिया मंचों तथा भारत-विरोधी नेताओं व मुल्लाओं के भाषणों के माध्यम से उग्र बनाया जाता है। उनका प्रशिक्षण पाक अधिकृत जम्मू कश्मीर या अफगानिस्तान के बजाय दक्षिण कश्मीर के जंगलों में होता है और आतंकवाद में उनका प्रवेश सुरक्षा बलों या भीड़ भरे स्थलों पर हथगोले फेंक कर होता है। ग्रामीण से शहरी विद्रोह की ओर ध्यान दिया जा रहा है। श्रीनगर के आसपास केन्द्रित करने के साथ ही अब जम्मू भी आतंकियों के निशाने पर है। निशानों के चयन में भी बदलाव आया है। सुरक्षा बलों पर बड़े हमलों या उनके शिविरों पर आत्मघाती हमलों के बजाय अब आतंकी लक्षित हत्याओं तथा आईईडी के प्रयोग पर ध्यान देते हैं। आजादी के बजाय अब निजामे मुस्तफा, यानी शरीया कानून स्थापित करने पर जोर है ताकि कश्मीर में स्थानीय आतंकियों को बनाए रखा जा सके। प्रेरित व लक्षित हत्याओं का मुख्य निशाना अब अल्पसंख्यक व पुलिस कर्मी हैं।

पहले आतंकियों से जब्त हथियार पाकिस्तानी संलिप्तता का बड़ा प्रमाण होते थे क्योंकि वे पाकिस्तान या चीन निर्मित होते थे। इससे निपटने के लिए अब इस्लामाबाद कश्मीरी आतंकियों को बिहार से हथियार खरीदने को कह रहा है। बिहार से हथियार लाने पर कानून-व्यवस्था लागू करने वाली एजेंसियों की नजर है जो 'लाल गलियारे' में माओवादियों का भी हथियार प्राप्त करने का स्रोत है। इस कारण सुरंगों व ड्रोन के माध्यम से हथियार स्मगलिंग का प्रयास भी होता है,

> कश्मीर की तरह आईएसआई जम्मू क्षेत्र में भी असुरक्षा पैदा करना चाहती है ताकि भविष्य में निवेश रोका जा सके। आईएसआई इस बात से परेशान है कि जम्मू कश्मीर सरकार नए उद्योगों को जम्मू-कठुआ पट्टी तक सीमित रखने के बजाय निवेशकों को सुदूर जिलों में भी निवेश के लिए प्रेरित कर रही है। जम्मू कश्मीर में आतंक की नई लहर को उभरने से पहले ही कुचलना होगा, नहीं तो यह बहुत हानिकारक हो सकती है।

लेकिन इसके बावजूद आतंकियों को हथियार सप्लाई में कमी आई है। पाकिस्तान कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टकराव का एक बिंदु बनाए रखना चाहता है। वह यहां बाहरी निवेश को रोक कर बेरोजगारी बनाए रखना चाहता है ताकि नोजवानों को उग्रवाद में धकेला जा सके, 1990 दशक की तरह अल्पसंख्यकों में भय का माहौल पैदा किया जाए तथा कश्मीरी पंडितों की वापसी में बाधा डाली जाए। नौजवानों को बेरोजगार और निराश बनाए रख कर पाकिस्तान सुनिश्चित करना चाहता है कि जिहादियों की भर्ती कम न होने पाए। असुरक्षित परिवेश से पर्यटकों को भी कश्मीर से दूर रखा जा सकता है जिससे पर्यटन व दस्तकारी उद्योग की बहाली में बाधा आएगी जो कश्मीरी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। पाकिस्तान जनसंख्या संरचना में परिवर्तन पर विमर्श आगे बढ़ाने में कुछ सफल हुआ है। वह केन्द्र सरकार के समर्थन से आरएसएस-भाजपा के हिंदुत्व एजेंडे को कश्मीर के मुस्लिम-बहुल चरित्र पर खतरा बता रहा है।

दुर्भाग्य से कश्मीर के अनेक तथाकथित राष्ट्रवादी मुख्यधारा के नेता भी मुखर रूप से इस पाकिस्तानी विमर्श को बढ़ावा दे रहे हैं। पाकिस्तानी 'डीप स्टेट' केवल कश्मीर तक सीमित विद्रोह से संतुष्ट नहीं है क्योंकि इससे दुनिया भर में उसका विमर्श कमजोर पड़ता है। अगस्त, 2019 के बाद उसने जम्मू में भी उग्रवाद फैलाने का प्रयास किया है। अनेक स्लीपर सेल बनाए गए हैं तथा आतंकियों को सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने के लिए 'लोन वुल्फ' हमलों के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। आईएसआई द्वारा जम्मू में उग्रवाद फैलाने के प्रयास का एक और कारण है। जम्मू अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट है तथा उसकी मिश्रित जनसंख्या संरचना पंजाब के निकट है जो आईएसआई का एक और निशाना है। आतंकियों द्वारा पाकिस्तानी व स्थानीय कश्मीरी मुसलमानों की हत्याओं से कश्मीरियों में भारी विरोध की स्थिति बनी है।

इनसे नागरिक न केवल आतंकियों के खिलाफ हो गए हैं, बल्कि वे उनकी पहले की तरह सहायता भी नहीं कर रहे हैं। वे आतंकियों की उपस्थिति की सूचना सुरक्षा बलों को देते हैं जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश सर्वोच्च आतंकी कमांडर मारे जा चुके हैं। इस प्रकार आतंकी जम्मू में सुरक्षित स्वर्ग बनाना ज्यादा अच्छा मानते हैं। लेकिन जम्मू कश्मीर पुलिस द्वारा टीआरएफ व लश्करे मुस्तफा के जम्मू में सर्वोच्च कमांडरों की गिरफ्तारी के बाद न केवल इन संगठनों, बल्कि पाकिस्तान में उनके आकाओं में भी घबराहट फैल गई है। भारतीय सेना द्वारा नियंत्रण रेखा पर मजबूत घुसपैठ-रोधी ग्रिड बनाने से आतंकी और उनके आका घुसपैठ के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पसंद कर रहे हैं। इसके साथ ही कश्मीर या पंजाब पहुंचने के लिए भी जम्मू उपयुक्त है। नशीले पदार्थों की तस्करी और उनके वितरण के लिए भी जम्मू को इसी कारण केन्द्र बनाया जा रहा है। इस प्रकार जम्मू नार्को-आतंकवाद के आदर्श स्थान के रूप में उभर रहा है।

कश्मीर की तरह आईएसआई जम्मू क्षेत्र में भी असुरक्षा पैदा करना चाहती है ताकि भविष्य में निवेश रोका जा सके। आईएसआई इस बात से परेशान है कि जम्मू कश्मीर सरकार नए उद्योगों को जम्मू-कठुआ पट्टी तक सीमित रखने के बजाय निवेशकों को सुदूर जिलों में भी निवेश के लिए प्रेरित कर रही है। जम्मू कश्मीर में आतंक की नई लहर को उभरने से पहले ही कुचलना होगा, नहीं तो यह बहुत हानिकारक हो सकती है। निश्चित रूप से हमारे नेताओं, विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं को अतीत से सबक ले कर स्थाई शांति की राह में बाधायें नहीं आने देनी चाहिए।

आतंकवाद चाहे आयातित हो या स्वदेशी, शांति का दुश्मन है तथा जिहादी पूरी मानवता के शत्रु हैं। दुर्भाग्य से भारत में पाकिस्तान के समर्थक खामोश बने हुए हैं और परोक्ष रूप से उसके पागलपन का समर्थन कर रहे हैं। वे पाकिस्तान का नाम लेकर उसकी निन्दा करने से बचते हैं तथा अल्पसंख्यकों की लक्षित हत्याओं के खिलाफ मुखर नहीं हैं। उनकी यह प्रतिक्रिया 1990 के दशक जैसी है। केवल एकजुट होकर ही हम आतंक की विभीषिका समाप्त कर शांति बहाल कर सकते हैं।

## संस्कृति पर्यटक, विरासत प्रभारी ने ली समिति की बैठक

**दुर्ग।** महापौर धीरज बाकलीवाल के मार्गदर्शन में आयोजित महाशिवरात्रि पर्व मेला के संबंध में विभाग प्रभारी अनुप चंदानियॉं ने विभाग समिति की बैठक लेकर सदस्यों को कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंनें कार्यक्रम की रुपरेख तय कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में पार्षद शिवेन्द्र परिहार, अजीत वैद्य, शशी क्षरिका साहू, कमल देवावंगन, बृजलाल पटेल, कांशीराम रात्रे, अरुण सिंह, प्रकाश जोशी, खिलावन मटियारा नोडल अधिकारी राजेश पाण्डेय, नारायण ठाकुर उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि महापौर बाकलीवाल के निर्देशन में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवनाथ तट पर भगवान शिव जी की भव्य पूजा अर्चना किया जाएगा।

## साईं मंदिर पुल के पास मरम्मत का कार्य जारी, सड़क रहेगी बंद वैकल्पिक मार्ग का करें प्रयोग

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग द्वारा सेक्टर-6 के साईं मंदिर पुल के पास मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। सड़क क्रमांक-3 से सांई मंदिर/ए मार्केट, सेक्टर-6 जाने वाली सड़क को इस मरम्मत कार्य को सुरक्षित रूप से सम्पन्न करने हेतु दिनाँक 20 मार्च, 2021 तक बंद रखा जाएगा। अतः नागरिकों से अपील है कि सुरक्षा की दृष्टि से आवागमन हेतु इस सड़क का प्रयोग न करें।

## महिलाएं अपनी काबिलियत के दम पर और हुनर का लहरा रही परचम

# बालोद जिले में कई प्रमुख विभागों में है महिला अधिकारी पदस्थ, अपनी जिम्मेदारियों का कर रही बखूबी ढंग से निर्वाहन

रवि भूतड़ा ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

पायनियर खास

'मैं अबला नादान नहीं हूँ, दबी हुई पहचान नहीं हूँ, मैं स्वाभिमान से जीती हूँ, रखती अंदर खुद्दारी हूँ, मैं आधुनिक नारी हूँ, पुरुष प्रधान जगत में मैंने अपना लोहा मनवाया, जो काम मर्द करते आये, हर काम वो करके दिखलाया, मैं आज स्वर्णिम अतीत सदृश फिर से पुरुषों पर भारी हूँ, मैं आधुनिक नारी हूँ। ये पंक्तियां उन सभी महिलाओं को समर्पित है जो आज अपने नाम का लोहा मनवा रही है, अपनी काबिलियत और हुनर के दम पर विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत हैं। पुरुष प्रधान देश में महिलाओं ने अपनी काबिलियत के दम पर और हुनर का परचम लहराया हैं। जिससे आज महिलाएं पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। समाज के हर क्षेत्र में अपनी कार्य कुशलता का बेहद संजीदगी से परिचय दे रही हैं। अब महिलाएं अबला नही सबला हैं। जिले के कई प्रमुख विभागों में पदस्थ महिला अधिकारी अपने दायित्वों का बखूबी निर्वाहन कर रही हैं। महिला अधिकारियों में प्रमुख रूप से डिप्टी कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, डिप्टी कलेक्टर सिल्ली थॉमस, आदिवासी विकास विभाग में सहायक आयुक्त माया वारियर, बालोद तहसीलदार रश्मि वर्मा, डौंडी तहसीलदार प्रतिमा ठाकरे, नायब तहसीलदार चांदनी देवांगन, राजश्री पांडे, क्रेडा विभाग में पूर्णिमा गुप्ता, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा मिशन में एडीपीओ असीमा चटर्जी, स्वास्थ्य विभाग में डीपीएम डॉ. भूमिका वर्मा, उद्यानिकी विभाग में सहायक संचालक आकांक्षा सिन्हा, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी बालोद सीमा सिंह, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी गुंडरदेहीखिलेश्वरी नेताम, ग्राम तथा नगर निवेश विभाग में सहायके संचालक प्रीति देवांगन, नापतौल विभाग में निरीक्षक योग्यता सम्भरकर टोप्पो पदस्थ हैं। पायनियर ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर जिले की कुछ प्रमुख महिला अधिकारियों से बातचीत की और उनकी प्रतिक्रिया जानी। आदिवासी विकास विभाग की सहायक आयुक्त माया वारियर का कहना है कि महिला दिवस सिर्फ एक दिन मनाकर अपने कर्तव्य से इतिश्री न करें, महिला के मान-सम्मान के प्रति हर दिवस, हर पल सजग रहें ताकि किसी भी घर की बेटी, बहू या और कोई भी हो उसके साथ कुछ भी, कहीं भी गलत न हो सकें। इसके लिए पुरुषों को इस मामले में ठोस कदम उठाना चाहिए, क्योंकि नारी सम्मान की बात घर से ही शुरू की जानी चाहिए ताकि बाकी भी इस सम्मान को बरकरार रखने में पूरी तरह सहयोग दे सकें। आज महिलाएं, युवतियां घर की चहारदीवारी से बाहर







निकलकर हर क्षेत्र में जहां अपना परचम बखूबी लहरा रही हैं, वहीं अगर पुरुष वर्ग भी उनके प्रति अपना नजरिया बदल देंगे तो निश्चित ही देश की हर बेटी-बहू का मान-सम्मान, इज्जत-आबरू की रक्षा होगी। इतना ही नहीं, कोई भी उनके प्रति गलत भावना अपने मन में नहीं ला पाए, ऐसा अपने मन में सौ प्रतिशत निर्णय लेकर ही निश्चय करना होगा ताकि हम इस दिवस को मनाने के योग्य बन सकें। बालोद तहसीलदार रश्मि वर्मा का कहना है कि जब हर साल महिला दिवस पर महिलाओ की लैंगिक समानता की बात की जाती है, सम्मान की बात की जाती है, उनके संवैधानिक अधिकारों की बात की जाती है। लेकिन उसके बावजूद आज कई सालों बाद भी धरातल पर इनका खोखलापन दिखाई देता है तो इस बात को स्वीकार करना आवश्यक हो जाता है। महिला अधिकारों की बात पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं के प्रति पुरुषों की सोच में बदलाव लाए बिना संभव नहीं है। लेकिन सबसे पहले इस बात को भी स्पष्ट किया जाए कि जब महिला अधिकारों की बात होती है तो वे पुरुष विरोधी या फिर उनके अधिकारों के हनन की बात नहीं होती बल्कि यह तो सम्पूर्ण मानवता के, दोनों के ही उन्नत हितों की, एक सभ्य एवं समान समाज की बात होती है। इसलिए इस बार महिला दिवस पर पुरुषों से बात हो ताकि उनका महिलाओं के प्रति उनके नजरिए में बदलाव हो। जिस प्रकार कहा जाता है कि एक ल?की को शिक्षित करने से पूरा परिवार शिक्षित होता है उसी प्रकार एक बालक को महिलाओं के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता की शिक्षा देने से उन पुरुषों का और उस समाज का निर्माण होगा। जो स्त्री के प्रति संवेदनशील होगा। क्योंकि आधी आबादी को अनदेखा करके विकास और आधुनिकता की बातें विश्व में तर्क हीन ही सिद्ध होंगी। जरूरत इस बात को समझने की है कि स्त्री और पुरुष दोनों एक दूसरे के पूरक हैं प्रतिस्पर्धी नहीं और मानव सभ्यता के विकास एवं एक सभ्य समाज के निर्माण के लिए एक दूसरे के प्रति संवेदनशीलता तथा सम्मान का भाव आवश्यक है और भारत की अनेकों नारियों ने समय समय पर यह सिद्ध किया है कि वह अबला नहीं सबला है, केवल जननी नहीं ज्वाला है। डिप्टी कलेक्टर सिल्ली थॉमस ने कहा कि ÷महिला दिवस के अवसर पर मैं सभी महिलाओं का अभिनंदन करती हूं और शुभकामनाएं देती हूं, महिला दिवस पर मेरा संदेश है कि सभी महिलाएं ज्यादा से ज्यादा सजग और जागरूक रहें। जिससे समाज में सुधार आ सके और समाज की बुराइयों को दूर किया जा सके तथा बड़ रहे अपराध पर लगाम लगाया जा सकें। महिलाओं को भी अपना अधिकार समझना होगा। आज हर क्षेत्र में महिलाएं अपने नाम का लोहा मनवा रही है। कहा गया है कि आप किसी पुरुष को शिक्षित करते हैं तो एक पुरुष शिक्षित होता है। आज एक महिला को शिक्षित करते हैं तो पूरी पीढ़ी शिक्षित हो जाती है। तो शिक्षा बहुत जरूरी है, बेटियों को खूब पढ़ाएं और उन्हें उनका अधिकार बताए। रितु चन्द्राकर का मानना है कि महिलाएं अगर चाहे तो क्या नही कर सकती। हम हर सपना देख सकते है और उसे पूरा भी कर सकते है। मैंने भी संस्कारधानी जिले पर शौचमुक्त तथा शौचयुक्त ग्रामों में परिवर्तन का तुलनात्मक अध्ययन पर शोध कर पीएचडी की उपाधि हासिल की। जिसके लिए मुझे कई साल लगे। लेकिन मेरी लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति ने मुझे पीएचडी की उपाधि दिलाई। शोध में मैंने शौचमुक्त ग्रामों में सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन के साथ महिला सशक्तिकरण पर भी प्रकाश डाला है। यह शोध खुले में शौचमुक्त ग्राम को स्थायित्व प्रदान करने में भी सहायक सिद्ध होगा। देश की महिलाएं अब आत्मनिर्भर बन रही हैं। जो समाज में एक नया बदलाव लाएगा। डिप्टी कलेक्टर प्रेमलता चंदेल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देश की सभी महिलाओं को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि बहुत गर्व की बात है कि महिला दिवस मनाया जाता हैं। आज के समय मे महिलाओं को बहुत सम्मान और आगे ब?ाया जाता हैं, इसके लिए मैं गर्व महसूस करती हूं। अभी जो कानूनों का इम्प्लीमेंटेशन हो रहा है, सरकार के द्वारा आगे ब?कर महिलाओं के बारे में सोचा जा रहा है, शुरुआत से लेकर अभी तक चाहे वो आरक्षण हो, नौकरी या इलेक्शन में आरक्षण हो, या उनके लिए नई नई योजनाएं हो इन सबके जरिये हम महिलाओं को एक अच्छा स्थान दिया गया है। इसका हमको सम्मान करना चाहिए और हमको आगे ब?ना चाहिए।

## जिला कलेक्टर ने मामले को भुलवश घटना बताकर चोरी से किया खण्डन

# नवागढ़ के स्वास्थ्य केंद्र से चोरी हुए कोरोना वैक्सीन के 90 डोज आखिरकार मिल ही गयी

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

समूचे जिले सहित प्रशासनिक अमला के बीच बहुचर्चित रहे कोरोना वैक्सीन डोज के चोरी के मामले मे नया और स्पष्ट खुलासा हुआ है।जिससे दिनभर चोरी के नाम से प्रदेशभर में सुर्खियां बटोरने वाले स्वास्थ्य महकमे को कोरोना की खोई 90 डोज की खुराक वापस मिल गयी है।जिसका खुलासा बेमेतरा जिला कलेक्टर शिव अनन्त तायल ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से किया। गौरतलब हो कि जिले अंतर्गत नवागढ़ के विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोविशील्ड की 90 डोज गायब होने की बात सामने आई थी।जिस पर नवागढ़ तहसीलदार द्वारा मौके पर जांच के बाद स्वास्थ्य महकमे द्वारा मामले में चोरी की रिपोर्ट भी दर्ज करा दी गयी थी।इसी दरमियान कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला टीकाकरण अधिकारी को जांच के लिए निर्देशित किया था।जिस पर अधिकारी द्वारा छानबीन के साथ ही कोल्ड चैन पॉइंट नवागढ़ एवं जिला वैक्सीन भंडार बेमेतरा द्वारा स्वतः निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया गया।इस भौतिक सत्यापन में कोविशिल्ड की 9 वायल(90 डोज) जिला वैक्सीन भण्डारण केंद्र में अतिरिक्त पाई गई। जो कि विगत 26 फरवरी को भूलवश जिला वैक्सीन भंडार बेमेतरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ को 9 वायल अर्थात 90 खुराक कम दिया गया था।चूंकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में यही कम मात्रा चोरी व गायब जैसी मामला बनकर दिनभर चर्चित रही।लेकिन इसी बीच अब जिला कलेक्टर द्वारा प्रेस विज्ञप्ति कर इस सम्बंध में कोविशिल्ड वैक्सीन के डोज की चोरी अथवा गायब होने की सूचना व रिपोर्ट को पूर्णत गलत मानकर खण्डन किया गया है।इस जानकारी से अब स्वास्थ्य विभाग सहित प्रशासनिक अमले के बीच मचे हड़कम्प एवं जनता के बीच चल रही सुर्खियां शिथिल होकर थम गई है।

## छ.ग. गृह निर्माण मंडल के 11 प्लेसमेंट कर्मचारियों की बहाली

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल जिला दुर्ग के 11 अनियमित प्लेसमेंट कर्मचारियों को विगत दिनों सेवा से पृथक कर दिया गया था जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का सवाल उठ खड़ा हो गया था इस संबंध में हाउसिंग बोर्ड के अनियमित कर्मचारी और छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के अनिल देवांगन, संयोजक, रवि गड़पाले अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों ने आयुक्त आयाज तंबोली जी से मुलाकात की इसके साथ ही हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा जी और विभागीय मंत्री मोहम्मद अकबर जी से मुलाकात कर कार्य में पुनः रखने हेतु निवेदन किया गया।

# कबीर सत्संग समारोह में तेंदुभाठा पहुँचे-विधायक आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सर्वप्रथम आशीष छाबड़ा एवं उपस्तिथ अतिथिगणों द्वारा सद्गुरु कबीर साहब पंथ हुजूर प्रकाशमुनि नाम साहब जी के चरणों मे नारीयल,पुष्प माला चढ़ाकर पूजा अर्चना कर चरणों को नमन कर क्षेत्रवासियो की खुशहाली की कामना की साथ ही गुरुगोसाई दिलीप साहेब से भी अशीर्वाद लिए इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने उपस्तिथ,स्रोताजनो ग्रामवासियों को संबोधित करते हुये काहा की आज बड़ी खुशी की बात है सद्गुरु कबीर साहब पंथ हुजूर प्रकाशमुनि नाम साहब,के असीम कृपा से ग्राम तेंदुभाठा में त्रि-दिवसीय सद्गुरु कबीर सत्संग समारोह का सफल किया जा रहा है आज द्वितीय दिवस है, सत्संग हमारे मानव जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है,सत्संग के बिना हमारा ये मानव जीवन व्यर्थ है, सद्गुरु कबीर साहब के बताये है,मानव जीवन के पांच सार है,हरि भजन,साधु संगत, दया, दिन,उपकार ये जीवन मे पांच अनमोल र है,हरि भजन करना चाइये,सत्संग साधुओं का जहां भी होता है,जहाँ भी सच्चे साधु मिल जाए,उनसे ज्ञान की बाते सुन्ना चाहिए,दया,दिन उपकार,हर मानव में ये तीनो गुण होना चाहिए,तभी ये हमारा ये मानव जीवन सफल होगा, सद्गुरु कबीर साहब, पंथ हुजूर प्रकाशमुनि नाम साहब, गुरुगोसाई डॉ.भानुप्रताप साहब की असीम कृपा, स्नेह, प्यार, हमारे ग्राम अमोरा में बेमेतरा क्षेत्रवायियो को मिला आ रहा है, हम सभी बेमेतरा क्षेत्रवासीयो के लिए सौभाग्य की बात है, दामाखेड़ा के बाद विशाल सत्संग मेला हमारे लोलेसरा प्रत्येक वर्ष आयोजन होता है, हमारे बेमेतरा क्षेत्र में लगातार धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन आयोजित होता रहता है,आस पास के गांवों से आये सत्संग मण्डलियो द्वारा सदगुरु कबीर साहब के वाणी वचन को अपने भजन, के माध्यम से प्रस्तुति कर रहे है, सुना रहे है, सत्संग समारोह के आयोजन के माध्यम से सदगुरु कबीर साहब के वाणी वचन को सुनने को रस पान करने को मिल रहा है, प्रस्तुत भजन को सुनना बस नही है,साथ ही साथ हमे अपने जीवन मे चरितार्थ भी करना है,अपने जीवन मे उतरना भी है, तभी ये हमारा मानव जीवन सफल होगा साथ ही विधायक आशीष छाबड़ा के द्वारा कबीर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु विधायक निधि से 05 लाख रुपये की घोषणा किये।

# माँ शाकम्भरी जयंती समारोह में भोईनाभाठा पहुचे : आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा ब्लाक के ग्राम भोईनाभाठा खम्हरिया-जेवरी राज के तत्वधान में आयोजित माँ शाकम्भरी जयंती समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा शामिल हुये। समाज एव ग्रामवासियो के द्वारा विधायक एव अतिथिगणों का मेन रोड़ से मंच तक भारी आतिसबाजी कर,रंग गुलाल लगाते हुए, जगह जगह स्वागत कर,फूलो की वर्षा करते हुए, राऊत नृत्य के मनमोहक प्रस्तुति के साथ जोरदार भव्य स्वागत करते हुये ससम्मान मंच तक लाया गया। सर्वप्रथम आशीष छाबड़ा जी एवं उपस्तीथ मंचस्त अतिथिगणों द्वारा माँ शाकम्भरी देवी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किये इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा की ग्राम भोईनाभाठा में खम्हरिया-जेवरी राज तत्वधान में माँ शाकम्भरी जयंती समारोह भव्य कार्यक्रम रखा गया है,जैसे कि हम सभी जानते है पाटिल समाज काफी मेहनती समाज है,निश्चित रूप से पाटिल समाज मेहनत कर के जो साग सब्जी उगाते है,उसे हम सभी खाते है, ग्रहण करते है हम सभी जीवन व्यापन करते है,पाटिल



समाज खाली कृषि के क्षेत्र में नही,बिल्कि हर क्षेत्र में काफी आगे है,पाटिल समाज का हर क्षेत्र में प्रतिनिधित्व सहयोग लगातार मिलता आ रहा है, चाहे विकाश की बात हो,राजनीति का क्षेत्र हो,सामाजिक क्षेत्र हो धर्मिक क्षेत्र कार्य हो पाटिल समाज किसी भी क्षेत्र में कही पीछे नही है,निश्चित रूप से हर क्षेत्र में आप सभी का सहयोग प्रत्यक्ष -अप्रत्यक्ष रूप से हम सभी को मिलता रहता है, साथ ही समाज के विकाश के लिए शिक्षा बहुत अनिवार्य आवस्यकता हो चुका है,शिक्षा के क्षेत्र में हमारे पाटिल मरार समाज कही पीछे नही ,काफी आगे है,लगातार समाज शिक्षित होते जा रहा है,इसी कारण समाज का भी विकास हो रहा है और साथ ही साथ मैं समझता हूं,जिस समाज मे हमारे युवा साथी, भाइयो का प्रतिनिधित्व,हमारे बहनों का प्रतिनिधित्व होता है,वह समाज कभी भी पीछे नही हो सकता निश्चित रूप से वह समाज काफी विकास प्रगति करता हैं,जैसे की हम जानते है पाटिल समाज काफी मेहनती समाज है,पाटिल समाज के भाइयो द्वारा जो काम ठान लेते है उन्हें निश्चित रूप से पूरा करते है,पाटिल समाज के साथ- साथ हम सभी के ऊपर माँ शाक्मभरी माता रानी की कृपा बना रहे समाज के पदाधिकारियों के मांग पर विधायक आशीष छाबड़ा में पाटिल समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 05 लाख रुपये देने की घोषणा किये, इस अवसर पर शशिप्रभा गायकवाड़ सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, शकुंतला मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका बेमेतरा, मोहन पटेल समाज अध्यक्ष,रश्मि मिश्रा पार्षद,रानी सेन पार्षद,,जया साहू पार्षद, मनोज गायकवाड़, ममता पाटिल सरपँच, सुशील पाटिल, मनीष पटेल,शम्भू पाटिल,मंशाराम पाटिल, महेंद्र पाटिल, संतोष पाटिल, लीलाराम पाटिल, रामकुमार पाटिल, मीनाराम पाटिल, भरत पाटिल,रमेश पाटिल सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारीगण,ग्रामवासि उपस्थित रहे।

# जस झांकी से अधर्म पर धर्म और अंधकार पर प्रकाश की जीत का संदेश मिलता है-तिवारी

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेरला ब्लॉक के ग्राम देवसरा में शनिवार को दो दिवसीय जस झांकी प्रतियोगिता के समापन हुआ। इस दौरान किसान नेता योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से गांव में भक्ति भाव का माहौल बनता है। जस झांकी के जरिए एक ओर जहां माता के महिमा का वर्णन किया जाता है, वही अधर्म पर धर्म, पाप पर पूण्य और अंधकार पर प्रकाश की जीत का संदेश मिलता है। जो हमेशा अनैतिक और गलत कामो से दूर रहने सजग करता है। गांवो में आज भी पुरानी परम्पराओ को जीवित रखा गया है। जो सराहनीय है। भावी पीढ़ी पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आज की भाग दौड़ भरी जीवन के कारण लोग आध्यात्म से दूर होते जा रहे हैं। इसलिए इस तरह के आयोजन जरूरी है। इस दौरान संस्था की ओर से भोजराम चक्रधारी, खेलावन चक्रधारी, भूषण वर्मा, नारद निषाद, भूपत चक्रधारी, गजानंद चक्रधारी, रेखराम वर्मा, लखन चक्रधारी समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## सहसपुर मे छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर आयोजित

**बेमेतरा।** प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा आमजनों तक जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से जनसम्पर्क विभाग द्वारा छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर शिव अनंत तायल के मार्गदर्शन मे आज साजा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सहसपुर के हाट बाजार में छायाचित्र प्रदर्शनी लगाया गया और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पत्रिका जनमन, युवा जोश, संबल सहित अन्य प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। शिविर मे ग्राम सहसपुर कि चंद्रकाला यादव, देवकी बाई और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेवती पटेल एवं ग्रामीणजनों ने आज फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया और छ.ग. शासन की योजनओं का जानकारी भी ली। ग्रामीणों ने कहा कि दूरस्थ अंचलों में फोटो प्रदर्शनी और प्रचार सामग्री अच्छा माध्यम है। इससे उन्हें शासन की योजनाओं की जानकारी अच्छे से मिलती है। रविवार 07 मार्च को विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम संबलपुर में फोटो प्रदर्शनी शिविर का आयोजन किया जायेगा। छायाचित्र प्रदर्शनी सह सूचना शिविर आयोजित कर आम जनता को छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी।

## हुमेश्वरी के हौसलों और आगे बढ़ने के जूनून के आगे हारी दिव्यांगता, मंत्री अनिला से लेकर कलेक्टर महोबे तक कर चुके है हुमेश्वरी के हौसलों की सराहना


# एक महिला ऐसी भी जिसने नियति के आगे नही मानी हार, महिलाओं के लिए बनी मिशाल... बेमिशाल और लाजवाब हुमेश्वरी दीदी

## हुमेश्वरी के जज्बे को पायनियर करता है सलाम

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

दुनिया में सिर्फ एक ही विकलांगता हैं और वह हैं नकारात्मक सोच। इस बात को सच साबित कर न सिर्फ अपने लिए बल्कि दूसरों के लिए भी प्रेरणा बन रहे हैं कुछ लोग। इन्होंने अपनी शारीरिक अक्षमता को कमजोरी नहीं बनने दिया। ऐसे ही एक महिला की कहानी हैं जो दिव्यांग होने के बावजूद भी कभी हार नही मानी। आत्मनिर्भर बनने और अपने हौसलों से बैशाखी और ट्राईसाइकिल के जरिये चलकर आज वो सब कुछ कर रही हैं। जो एक नॉर्मल इंसान कर सकता हैं। कहते हैं, 'कदम निरंतर चलते जिनके, श्रम जिनका अविराम हैं, विजय सुनिश्चित होती उनकी, घोषित यह परिणाम हैं' यह पंक्तियां हुमेश्वरी यादव के ऊपर पूर्ण रुप से सटीक बैठती हैं। जो जिले के आखिरी छोर में बसे गुंडरदेही विकासखंड के एक छोटे से गांव तिलोदा में रहती हैं। हुमेश्वरी यादव (23वर्ष) पति इंद्रजीत यादव राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जय माँ शारदा स्व-सहायता समूह की सदस्य हैं। हुमेश्वरी यादव दिव्यांग महिला हैं। जो बहुत ही गरीब और मजदूर परिवार की हैं। जिन्होंने स्व-सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने का उदाहरण प्रस्तुत किया है। छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं से आज प्रदेश की महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं।

इन्हीं योजनाओं से लाभान्वित हुमेश्वरी यादव सरकार के सभी योजनाओं को गांव-गांव की जनता तक पहुचा रही हैं। विषम परिस्थितियों के आगे लोग हार मानकर हाथ पे हाथ रखकर बैठ जाते हैं। पर इस संसार में ऐसे भी दम-खम और उच्चकोटि की सोच रखने वाले लोग हैं। जो अपने हौसलों से हर परिस्थितियों से बखूबी उभरना जानते हैं। ऐसी ही हैं हमारी नायिका। कभी परिस्थितियों के सामने घुटने न टेकने वाली कभी किसी से हार न मानने वाली हुमेश्वरी यादव। अपनी हिम्मत व जुझारूपन से हुमेश्वरी ने अपनी शारीरिक कमजोरी को नजर अंदाज कर अपने स्वाभिमान की रक्षा के खातिर उन्होने वह कदम उठाया। जिसे जो देखता है वो दांतो तले उँगलियाँ दबा लेता हैं।


### रोजाना 12 से 15 किमी का सफर ट्राईसाइकिल से करती हैं तय

हुमेश्वरी यादव राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत 'बैंक सखी' के रूप में कार्यरत हैं। नियमित बचत के साथ-साथ इन्हे शासन की अनुदान राशि का लाभ बैंक सखी हेतु प्रदान किया गया हैं। हुमेश्वरी दीदी 12 ग्राम जिसमें मुंडेरा, हरणसिंघी, पाउवारा, कोसा, सिर्री, तमोरा, मतंग, गुढ़ियारी, तिलोदा और कसौंदा में फील्डवर्क कर शासन की योजनाओं तथा भुगतान, खाता खोलने जैसे सम्बंधित कार्य करती हैं। पैरों से दिव्यांग होने के बावजूद 12 से 15 किलोमीटर ट्राइसाइकिल से यात्रा कर गांव-गांव पहुंचकर मनरेगा, पेंशन, व्यक्ति गत खाता से राशि आहरण, जमा का कार्य एवं घर-घर पहुंचकर लोगों को योजनाओ का लाभ पहुंचा रहीं हैं। आमतौर पर लोग परिस्थितियों के आगे टूट जाते हैं। लेकिन एक महिला ऐसी दिव्यांग अपराजिता हुमेश्वरी यादव राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़कर आज बैंक सखी का कार्य कर रही है। गुंडरदेही विकासखंड के दुरस्त अंचलों में ट्राइसाइकिल में यात्रा कर सितम्बर 2019 से अब तक 2 करोड़ 85 लाख 50 हजार रूपये का भुगतान किया गया हैं। हुमेश्वरी दीदी के जोश और उनके जुझारूपन को देखते हुए कविता की कुछ लाइन उनके जूनून को प्रदर्शित करती हैं।

'महक उठती धरा स्पर्श से, छू लेते गगन जो
चाह ले, लड़खड़ाते कदम गर बड़ गए
समंदर भी इनको राह दे, विकलांग नहीं
दिव्यांग हैं ये झुक जाता पर्वत शिखर भी
मस्तक जिधर ये घुमा दिया
मुड़ जाती नदिया राह से
कदम अगर ये बढ़ा दिया
इनके हिम्मत की देती दाद दुनिया
कुदरत अचंभा माने हैं
विकलांग नहीं दिव्यांग हैं ये'

### जिला प्रशासन द्वारा हुई सम्मानित

हुमेश्वरी यादव को गत 26 जनवरी के अवसर पर कोरोना काल में गांव-गांव पहुंचकर सेवा प्रदान करने के लिए प्रश्शति पत्र जिला प्रशासन द्वारा प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़ियाँ से लेकर कलेक्टर जनमेजय महोबे तक हुमेश्वरी के हौसले व काम की सराहना कर चुके हैं।

### परिवार का भी मिला पूर्ण सहयोग

हुमेश्वरी यादव की शादी हो चुकी हैं और एक 5 साल का बच्चा भी हैं। उनके पति इंद्रजीत यादव मजदूरी का काम करते हैं। पति इंद्रजीत यादव ने उन्हें उनके इस काम में सहयोग देने के साथ-साथ हर मोड़ पर प्रोत्साहित किया है। वे काम के साथ अपने परिवार की सभी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहीं हैं।

**परिवार की आर्थिक स्थिति में भी किया सुधार-** बैंक सखी के कार्य का निर्वाहन करते हुए अपने व अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार करने वाली हुमेश्वरी यादव स्वालंबी होने के साथ-साथ समाज एवं बिहान योजना से जुड़ी महिलाओ में रोल मॉडल के रूप में देखी जा रही हैं एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रयासों को सफल बना रही हैं। दिव्यांग हुमेश्वरी यादव जिसे लोग बैंक दीदी के नाम से जानते हैं। मनरेगा, पेंशन एवं विभिन्न योजनाओं से सम्बंधित भुगतान बैंक दीदी लोगो को घर बैठे प्रदान करवा रही हैं। हुमेश्वरी यादव ने एक दिव्यांग होकर भी कभी हार नही मानी और आज ऐसी कई महिलाओं के लिए मिशाल साबित हो रही हैं।

### महिलाओं को सहयोग करने के लिए निरंतर खड़ी हूं- अनिला भेड़ियाँ

महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़ियाँ ने पायनियर से चर्चा में कहा कि मेरी सब बहनों के लिए हुमेश्वरी एक उदाहरण हैं। वह दिव्यांग होते हुए भी अपने क्षेत्र में घूम कर सखी बैंक का काम कर रही हैं। महिलाओं को सहयोग प्रदान कर रही हैं। जो अच्छी महिला हैं, जब वह अपने आप को कमजोर नहीं समझ रहे हैं तो और महिलाओं को कमजोर नहीं समझना चाहिए। भेड़िया ने आगे कहा कि कोई भी महिला कमजोर नहीं हैं। उसमें हिम्मत और जज्बा होना चाहिए, एक जुनून होना चाहिए। वह हर काम कर सकती हैं। मेरे हिसाब से कोई भी महिला कमजोर नहीं हैं। आज महिला दिवस पर मैं महिलाओं को कहना चाहती हूं कि जो हमारी बहन हुमेश्वरी हैं जो दिव्यांग हैं। कठोर और जिम्मेदारी से जो अपना काम कर रही हैं। उनसे प्रेरणा लेकर हमारी सारी बहनों को बाहर निकलना चाहिए। सबका सहयोग करना चाहिए। मंत्री अनिला भेड़ियाँ ने कहा कि मेरे समाज कल्याण विभाग में हर समय हर पल ऐसी हर महिलाओं को सहयोग करने के लिए निरंतर खड़ी हूं।जहां जिस समय जिस प्रकार से मुझसे सहयोग लगे मैं सहयोग करूंगी।

### हुमेश्वरी को ब्रांड एम्बेसेडर बनाया जाएगा- कलेक्टर

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने पायनियर से कहा कि दिव्यांग हुमेश्वरी बालोद जिले में एक सर्वोत्कृष्ट उदाहरण है। जो सबके लिए प्रेरणादायी है, की किस तरह दिव्यांग महिला समाज की जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रही है। हुमेश्वरी यादव आगे और जो कुछ भो कार्य करना चाहती है, जिला प्रशासन उसका सपोर्ट करेगा। हुमेश्वरी यादव जिले की एक ब्रांड एम्बेसेडर भी हो सकती है और मेरे से जो भी व्यक्ति गत सपोर्ट होगा, जो मदद होगी मैं करूँगा।

### ये पंक्ति यां सभी महिलाओं को समर्पित-

'उतारो मुझे जिस क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कर दिखाउंगी, औरों से अलग हूं दिखने में कुछ अलग कर के ही जाउंगी,
चाह नहीं हैं एक अलग नाम की इसी को महान बनाउंगी,
नारी हूं मैं इस युग की नारी की अलग पहचान बनाउंगी'

# शिवरीनारायण के माघी मेला में उमड़ रहा है जनसैलाब

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में प्रत्येक वर्ष माघ पूर्णिमा से 15 दिवसीय माघी मेले का आयोजन होता है। इस वर्ष यह मेला 27 फरवरी से शुरू हुआ है जो 11 मार्च तक चलेगा। पहले दिन ही हजारों की संख्या में लोगों ने महानदी त्रिवेणी संगम में स्नान किया और भगवान जगन्नाथ स्वामी जी स्वरूप भगवान नर- नारायण का दर्शन कर मेले का आनंद लिया। इसके बाद से हर दिन आसपास के गांव के लोग मेले में पहुंच रहे हैं। आज 7 मार्च को रविवार अवकाश का दिन होने के कारण मेले में काफी भीड़ थी। जांजगीर, चाम्पा, अकलतरा, पामगढ़, बिलासपुर, बलौदाबाजार, सारंगढ़ सहित दूरदराज एवं अन्य प्रांत से लोग मेले में परिवार सहित पहुंचे हुए थे। आज सुबह दर्शनार्थियों के आने का जो क्रम शुरू हुआ वह शाम तक चलता रहा । श्रध्दालु भगवान नर-नारायण की पूजा के बाद मेले का आनंद लिया। मेले में हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ आया है। सर्कस, टूरिंग टॉकिज, मौत का कुआं, कई तरह के झूले और मनोरंजन के साधन तो आए ही हैं साथ ही कपड़ा, मनिहारी, बर्तन, खिलौना, बैग, जुता- चप्पल, चूड़ी, मीना बजार आदि दैनिक जरूरतों के सामानों की दुकानें भी लगी हैं। बच्चों और महिलाऔं की भीड़ झूले और सर्कस की ओर ज्यादा थी। वहीं युवा वर्ग की भीड़ मौत कुआं, आकाश झूला और टूरिंग टॉकिज में देखने को मिली। इस मेले की एक खासियत इसका व्यवस्थित होना भी है। यहां कपड़े, बर्तन, खिलौने, फल, हॉटल इत्यादि की दुकानें कतार से लगी है। मेले में उड़ीसा के प्रसिद्ध खाद्य पदार्थ उखरा की अत्यधिक बिक्री हो रही है। मेले में आने वाला लगभग प्रत्येक दर्शनार्थी मेला के प्रसाद स्वरूप उखरा अवश्य खरीद रहा है। मेला के प्रवेश द्वार पर स्वास्थ्य विभाग के द्वरा लोंगों की कोविड़ 19 की जांच थर्मल स्कैनिंग से करने के बाद ही अंदर प्रवेश दिया जा रहा है।

### मंदिरों की नगरी है शिवरीनारायण

शिवरीनारायण में भगवान नर-नारायण, चंद्रचूड़ महादेव और मां अन्नापूर्णा शक्ति पीठ प्रमुख मंदिर हैं। इसके अलावा हनुमान मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर तथा काली मंदिर भी दर्शनीय हैं। भगवान नर-नारायण के मंदिर में रोहिणी कुंड है, जिसका जल हर क्षण भगवान नारायण का पाद प्रक्षालन करता है। विशेष बात यह है कि इस कुंड का जल न तो कभी सूखता है और न ही खराब होता है। गंगाजल की तरह वर्षों तक इसे सुरक्षित रखा जा सकता है।

## क्विक न्यूज

### अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल महिला सम्मेलन ने किया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



**सक्ती।** अंतराष्ट्रीय अग्रवाल महिला सम्मेलन द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 6 मार्च तालापारा बस्ती में डॉ अनीता अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में स्वास्थ परिक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं, दंत चिकित्सक डॉ दुष्यंत खत्री, मिताली खत्री , नेत्र विशेषज्ञ डॉ संदीप तिवारी की टीम द्वारा लगभग 65 बहनों, 25 बच्चों, 5 भाईयों की दंत और नेत्र जांच निशुल्क की गई साथ साथ माउथ वॉश, टूथ पेस्ट का निशुल्क वितरण किया गया। डॉ अनीता अग्रवाल ने स्वस्थ जीवन दिनचर्या व शैली हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। इस कार्यक्रम में नित्यानंद अग्रवाल, हीरालाल अग्रवाल, हरीकिशन अग्रवाल, ज्योति जालान, पायल लाठ, पिंकी मनीष अग्रवाल, सपना सराफ, संगीता शर्मा, निधि तिवारी, लक्ष्मी सोनी, डी विनीता राव, प्रेम कुमार देवांगन, प्रेमा विश्वकर्मा, हेमंत पटेल, रिनका, लोकेश यादव, उर्वशी, गंगा, मीना सोनी, शकुंतला, साधना, गीता, अंजली, सुधा आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

### 32 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** जूटमिल चौकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापामार कार्रवाई करते हुए ग्रामीण के घर से 32 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक अमित शुक्ला के नेतृत्व में स्टाफ द्वारा डुमरपाली के सेतकुमार सतनामी के घर पर शराब रेड कार्रवाई किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी घर पर अवैध रूप से महुआ शराब की बिक्री करता है। जूटमिल पुलिस को रेड कार्रवाई के दौरान आरोपी सेतकमार सतनामी पिता स्वर्गीय सुख साय सतनामी उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम डुमरपाली चौकी जूटमिल अपने कब्जे में रखी हुई 32.800 लीटर महुआ शराब लाकर पेश किया।

### निधन

### सुमन शर्मा



**सक्ती।** शक्ति शहर के मारवाड़ी रेस्टोरेंट के संचालक एवं भाजयुमो शक्ति नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा गोलू की पूज्य माताजी सुमन देवी शर्मा पति स्व. सीताराम शर्मा का आकस्मिक निधन दिनांक- 6 मार्च को रायपुर में उपचार के दौरान हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार कल दिनांक- 07 मार्च 2021 दिन- रविवार को सुबह 8ः00 बजे स्थानीय मारवाड़ी मुक्तिधाम शक्ति में हुआ।

## चेम्बर ऑफ कामर्स के चुनाव को लेकर सुशील रामदास व शक्ति अग्रवाल ने किया जनसंपर्क

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज चुनाव के व्यापारी एकता पैनल से प्रदेश उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार सुशील रामदास व प्रदेश मंत्री पद के उम्मीदवार शक्ति ने नगर के श्याम टाकिज रोड, स्टेशन रोड, पुरानी हटरी, सुभाष चैक न्यू मार्केट और शनि मंदिर रोड स्थित सभी व्यापारिक संस्थानों में जनसंपर्क किया।इस दौरान नगर के व्यपारियों से मिल रहे समर्थन को सुशील रामदास ने विनम्रता से स्वीकार करते हुए कहा कि एक लम्बे अरसे से, मैं सामाजिक और धार्मिक माध्यमों से योगदान देता आ रहा हूं और देता रहेगा। चूंकि व्यापार हमारे समाज ही नहीं अपितु देश के रीढ़ की हड्डी होती है। इसलिए मेरा मानना है कि व्यापारी अपने समाज और देश की सेवा करते हैं और उनके सम्मान की रक्षा का अवसर यदि मुझे प्राप्त होता है, तो मैं अपना सौ प्रतिशत देकर व्यापारिक हितों और व्यापारियों के सम्मान की रक्षा करूंगा। चाहे वह किसी वर्ग का व्यापारी हो व्यापारी का एक ही वर्ग होता है। उसके सम्मान का रक्षा करना ही चेम्बर का कार्य है और मैं उसके लिए हमेशा अपना सौ प्रतिशत दूंगा,इस जनसम्पर्क के दौरान मुख्य रूप से बजरंग महामिया, सुनील रामदास, संजय कार्ड, आनंद नहाणिया, पंकज गोयल, विनोद बट्टीमार, राजेन्द्र अग्रवाल चेम्बर, राजेश अर्ग्रवाल मंत्री, राज कुमार गोड्म, मनोज बजाणिया, रवि बजाणिया, मनोज कम्यूनिकेशन, गुड्डू मोदी, राहुल अग्रवाल बालाजी, गौरी शंकर नरेड़ी, राकेश अग्रवाल ए आर ग्रुप, मुकेश अग्रवाल ए आर ग्रुप, साहिल बंसल, अजय अग्रवाल के पी, संजय अग्रवाल के पी, पवन अग्रवाल आर बी एल एन, संतोष अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल तुलसी, सहज अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, आशीष मित्तल, सौरभ बट्टीमार, प्रतीक अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, हर्षित मेहता, नितेश शर्मा, सुमित शर्मा, रूषेन कुमार, अनिल गर्ग, अजय खत्री, टिल्लू शर्मा सहित नगर अन्य कई गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## बसपा विधायक केशव चंद्रा का पुतला दहन

■ ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुशल कश्यप के नेतृत्व में किया गया प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के हसौद ब्लाक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधन में आज दिनांक 06 मार्च को ब्लाक मुख्यालय हसौद में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं जैजैपुर विधानसभा विधायक केशव प्रसाद चंद्रा का पुतला दहन किया गया। दरअसल पूरा मामला ग्राम पंचायत भातमाहुल का है जहां सरपंच भगवान लाल चंद्रा का पुत्र विजय चंद्रा है, जिसे जान से मारने के लिए सुपारी किलर को दस लाख रूपये में सौदा कर मारने के लिए रणधीर कश्यप निवासी मल्दा को सौदा कर सुपारी पाच लाख रूपये एडवांस दिये है जिस पर थाना हसौद में अपराध कमांक 20/2021 धारा 120 बी , 387,115,34 भादवि कायम कर विवेचना किया गया था। विवेचना एवं आरोपी रणधीर कश्यप के मेमोरेण्डम कथन के आधार पर आरोपी द्वारा लिये गये सुपारी का रकम 240000 / रू को बरामद किया गया है। प्रकरण सदर में धारा 115,34 भादवि का अपराध घटित होना पाये जाने से मामले में उक्त धारा जोडी गई है । जिस पर पुलिस अधीक्षक जिला जॉजगीर चांपा पारूल माथुर (भापुसे) द्वारा उपरोक्त अपराधों के आरोपीयों की गिरफ्तार कर न्यायालय पेश करने हेतु न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। जिस विषय को लेकर जैजैपुर विधानसभा के विधायक केशव प्रसाद चंद्रा द्वारा विधानसभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर आरोप लगाया था ,कि उनके द्वारा और पुलिस द्वारा जबरन गलत तरीके से ग्राम पंचायत भातमाहुल के उपसरपंच आदि को बचाने का आरोप लगाया है। इसी के विरोध में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के द्वारा हसौद में केशव प्रसाद चंद्रा का पुतला दहन किया है एवं विरोध प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन को हसौद ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुशल कश्यप के नेतृत्व में सम्बोधन करते हुए कहा कि बसपा विधायक द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है हम उनका पूरा विरोध करते हैं। वही कार्यक्रम संचालन राजेश लहरे ने किया। हसौद के कार्यक्रम मुख्य रूप से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी रविशेखर भारद्वाज, गुलाबुद्दीन खान, रामराज्य पाण्डे, सुरेंद्र भार्गव, मधुसूदन साहू, विजय चन्द्रा, भवानी चन्द्रा, नरेन्द्र चद्रा, नारायण प्रसाद मनहर, नंदकुमार चन्द्रा, बलराम चन्द्रा, सम्मेलाल कश्यप, दशरथ कर्ष, भोजराम हरवंश, ओमप्रकाश बर्मन, मोहन धिरहे, संतोष कश्यप, रमेश कश्यप, त्रिदेव राय, इमाइल खान,पूरन किशोर, अनुज बंजारे, महावीर,रामकुमार सोनवानी, अन्नू देव, पवन मानिकपुरी, धन्नू साहू, धीरज महंत, संजय जाटवर, हेमलाल यादव, युगल मिरेन्द्र, नरिहा यादव, महेश नायक, सुरेश चौहान, विकास मल्होत्रा, सरपंच भातमाहूल भगवान लाल चन्द्रा, व बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं एवं कार्यकर्ता उपास्थित थे।

## हसदेव नदी में नया पुल व खोखसा फाटक रेल्वे ओवरब्रीज व बिर्रा फाटक रेल्वे ओवरब्रीज का मुद्दा जोर-शोर से उठाया विधान सभा में विधायक चंदेल ने

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



गत दिवस वर्ष 2021-22 के आम बजट की चर्चा में भाग लेते हुए छ.ग. के विधान सभा में जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र के विधायक नारायण चंदेल ने आम बजट पर चर्चा करते हुए यह मांग किया कि जांजगीर-चाम्पा नगर के बीच स्थित हसदेव नदी में नये पुल का निर्माण षीघ्र किया जाये। उन्होंने कहा कि यह पुल अत्यंत जर्जर व जीर्ण-षीर्ण हो गया है अतः अतिषीघ्र नये पुल के निर्माण किये जाने की मंजूरी शासन द्वारा दिया जाना आवष्यक है। अपने सारगर्भित भाशण में विधायक चंदेल ने जांजगीर-चाम्पा नगर के मध्य बनने वाले खोखसा रेल्वे ओवरब्रिज व बिर्रा फाटक रेल्वे ओवरब्रीज के निर्माण कार्य विगत 7 वर्शों से जारी है, लेकिन अभीतक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने से आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना प? रहा है। इन सभी रेल्वे फाटकों में लम्बे जाम से आम आदमी परेशान व हैरान हो गया है। उन्होंने प्रदेष के मुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री का ध्यान आकर्शित करते हुए कहा कि अतिषीघ्र इस महत्वपूर्ण कार्य का निर्माण किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने जांजगीर-चाम्पा जिले सहित पूरे छ.ग. प्रदेष में बुनकरों को धागा नहीं दिये जाने से उनमें रोजी-रोटी की गंभीर संकट पैदा हो गया है, उन्हें षीघ्र धागा प्रदान किया जाये ताकि वे रोजमर्रा की जीवकोपार्जन से षीघ्र उबर सकें व उनका बकाया कर्ज माफ किया जाय। विधायक चंदेल ने अपनी बात को आज बजट में जोर-षोर से उठाते हुए कहा कि जांजगीर-चाम्पा जिला सहित पुरे प्रदेश के सड़कों की दुर्दषा जीर्ण-शीर्ण हो गई है जिससे चलने लायक नहीं रह गई है, खराब सड़कों को लेकर प्रतिदिन जानलेवा दुर्घटना घटित हो रही है। विधायक श्री चंदेल ने इस बजट को अत्यंत निराषा जनक बताते हुए कहा कि इस आम बजट में कुछ भी नहीं है। यह बजट समाज के सभी वर्गों के लिए हताषा व निराशा से भरा हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रदेष की आर्थिक स्थिति बद से बदत्तर होते जा रही है।

## विदेशों से आयात किया जाने वाला रेशम का ताना अब जिले में ही होगा तैयार

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रेशमी कपड़े बनाने में दो तरह के धागे ताना अर्थात लम्बे धागे व बाना मतलब कपड़े की चौड़ाई में उपयोग होने वाले धागों का प्रयोग होता है। ताना की मजबूती ज्यादा होती है तथा रेशमी कपड़ों की बुनाई में यह आधार का काम करती है। जिले में रेशमी कपड़ों के निर्माण के लिये बाना तो स्थानीय स्तर पर बनाये जाते है। पर ताना के लिये अभी भी निर्भरता बाहर से आयात पर ही है। किन्तु अब कलेक्टर भीम सिंह की पहल ताना निर्माण की मशीन जिले में स्थापित होने जा रही है। इससे रेशमी कपड़े बनाने के लिए जरूरी बाना के साथ ताना भी अब जिले में ही तैयार होगा।

कलेक्टर भीम सिंह ने इसके लिये रेशम विभाग के अधिकारी को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित आजीविका से जुड़े विभागों की बैठक में दी। उन्होंने अधिकारियों को रायगढ़ को रेशम एक्सपोर्ट हब के रूप में तैयार करने के अगले 3 साल का रोडमैप तैयार करने के लिये कहा। जिसमें जिले में रेशम के धागे का निर्माण, उसकी बुनाई कर कपड़े तैयार करने से लेकर उत्पादों की मार्केटिंग व एक्सपोर्ट से जुड़े सभी पहलू शामिल हो। उन्होंने इस कार्य में महिला स्व-सहायता समूह को ज्यादा से ज्यादा संख्या में जोडऩे के निर्देश देते हुये गौठानों में रीलिंग मशीन स्थापित करने के लिए कहा।

**आईल पॉम की खेती में है एक्सपोर्ट की अच्छी संभावनाएं-** बैठक में जिले में आईल पॉम की खेती के संबंध में भी चर्चा की गई। बरगढ़ ओड़िसा में आईल पॉम प्रोसेसिंग की फैक्ट्री स्थापित होने जा रही है।

### लघु वनोपज के समर्थन मूल्य को संग्राहकों के बीच करे प्रचारित

कलेक्टर ने बैठक में लघु वनोपज के खरीदी पर चर्चा की। जिले में महुआ, साल बीज, तेन्दुपत्ता की प्रमुख रूप से खरीदी की जाती है। उन्होंने शासन द्वारा घोषित लघु वनोपज के समर्थन मूल्य व संग्रहण की गाईड लाईन को ग्राम सभा के एजेण्डे में शामिल करने के लिये कहा। जिससे संग्राहकों को शासन द्वारा दिये जाने वाली कीमतों की जानकारी हो तथा यदि व्यापारी द्वारा इससे कम दाम दिये जाये तो उन्हें पता हो कि समर्थन मूल्य पर वे वनोपज वन विभाग को बेच सकते है। उन्होंने प्रत्येक पंचायत में लघु वनोपज के समर्थन मूल्य की सूची भी अनिवार्य रूप से चस्पा करवाने के लिये कहा। तमनार में वन विभाग द्वारा तैयार किये जा रहे हर्बल उत्पाद निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये। वन विभाग द्वारा संचालित आजीविका मूलक गतिविधियों की वनधन केन्द्रवार जानकारी तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## गौ माता की सेवा सम्मान का कार्य : डॉ महंत

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि पशुपालक किसान सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर आर्थिक समृद्धि की राह पर आगे बढ़ रहे है। राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में उनके आर्थिक विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को धान की सही कीमत दिलाने के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना प्रारंभ की गई है। इसके अलावा पशुपालक किसानों की आय बढ़ाने के लिए गोधन न्याय योजना के माध्यम 2 रूपये प्रति किलो की दर से गोबर खरीदी भी की जा रही है। इससे पशुपालक किसानों को दूध के अलावा गोबर से भी अतिरिक्त आय होने लगी है। गौपालन का कार्य सम्मान का कार्य है,यह कार्य धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व का कार्य भी है। नगर पालिका सक्ती के नंदेली भाठा में आयोजित पशुधन एवं कुक्कुट प्रदर्शनी के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में ये बातें कही। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ सरकार के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता और छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ राम सुंदर दास के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के दौरान पशुपालक किसानों को मवेशियों की नस्ल सुधार, अंडा, मांस उत्पादन मवेशियों की देखरेख आदि के बारे में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई। विधानसभा अध्यक्ष, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष, राजस्व मंत्री ने कार्यक्रम का शुभारंभ 12 दिन की नन्हीं बछिया का विधिवत पूजा अर्चना कर किया। विधानसभा अध्यक्ष सहित अतिथियों ने प्रदर्शनी में लगाए गए स्टाल का निरीक्षण किया।

## पेज 1 के शेष...

### मुख्यमंत्री ने बिरगांव में 121 करोड़ की लागत ...

गांव, गरीबों, किसानों तथा जरूरतमंदों के हितों की रक्षा के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सबसे स्वच्छ प्रदेश का पुरस्कार लगातार द्वितीय वर्ष हमारे राज्य को मिला है यह गर्व का विषय है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता दीदी का मानदेय 5 हजार से बढ़ाकर 6 हजार रूपए कर दिया गया है। श्री बघेल ने कहा कि नगर निगम बिरगांव के अंतर्गत मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 8000 से अधिक व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा चुका है। दो मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा क्षेत्र की जनता की निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा सुविधा हेतु उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में भी गौठानों की व्यवस्था की जा रही है आज गोधन या योजना के तहत लोग गोबर बेचकर मोटर साइकिल और टाटा एस भी खरीद रहे हैं। एक तरफ गंदगी समाप्त हो रही है वहीं यह आय का जरिया भी बन रहा है। कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि भूपेश बघेल के नेतृत्व में हमारी सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कोरोना संकट में सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नगरी प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में हमारी सरकार द्वारा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है तथा क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेयजल आवर्धन योजना मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय, दाई दीदी क्लीनिक योजना, शहरी स्वास्थ्य स्लम योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं निकाय के लोगों की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई है। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सत्यनारायण शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पंकज शर्मा, कलेक्टर एवं बिरगांव नगर पालिका निगम के प्रशासक डॉ. एस. भारती दासन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय यादव, आयुक्त नगर पालिका निगम बिरगांव, श्रीकांत वर्मा सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर संतोषी यादव का होगा सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



8 मार्च अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पूरी दुनिया में नारी सशक्तिकरण और समाज में सम्मानजनक बराबरी के मौलिक आधार के लिए बहुत उत्साह के साथ मनाया जाता है। महिलाएं लगातार अपने अधिकारों के प्रति सजग होते हुए प्रत्येक क्षेत्र में हस्तक्षेप कर रही है और पुरे मान सम्मान के साथ आगे बढ़ रही है। बिलासपुर डिविजन इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन यूनिट रायगढ़ द्वारा प्रतिवर्ष अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का पूरी वैचारिकता के साथ गरिमामयआयोजन करता रहा है। इस वर्ष आठ मार्च 2021 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाज के लिए प्रेरणा, आदर्श व अविस्मरणीय कार्य करने वाली महिला को नारी शक्तिसम्मान, अनाथ और असहाय मूक, बघिर और दिव्यांग बच्चों के लिए अद्वितीय सेवा कार्य के लिए कुमारी संतोषी यादव को प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान संतोषी यादव को 08 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बिलासपुर डिविजन इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन यूनिट रायगढ़ द्वार संध्या साढ़े चार बजे भारतीय जीवन बीमा निगम सभाकक्ष सत्तीगुडी चौक रायगढ़ में प्रदान किया जाएगा। कुमारी संतोषी यादव उम्र 23 वर्ष, शिक्षा बी ए। अभी और पढ़ने लिखने की उम्र में रायगढ़ जिले में कोसमनारा के पास गांव में ही अनाथ और असहाय मूक, बघिर और दिव्यांग बच्चों के लिए बूढ़ी माई समाज सेवी संस्था कोसमनारा के नाम से एक सेल्टर होम बनाकर उनकी देखभाल, शिक्षा, भोजन, चिकित्सा आदि की व्यवस्था कर सेवा भाव में अपने जीवन को समर्पित कर एक अद्वितीय कार्य कर रही है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार केशकाल के न्यायालय के मामला**

202103200100001/202103200100001

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

विषय-अ-21 सन-2020-2021

बेड़मा प.ह.नं. 00022 [(हे.)]

पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार-**श्रीमती सुमति, विजय, चन्द्रप्रकाश**

अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1. श्रीमती सुमति पति लखन 2. विजय पिता लखन 3. चन्द्रप्रकाश पिता लखन जाति कलार निवासी ग्राम बेड़मा तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव छ.ग. द्वारा न्यायालय कलेक्टर जिला कोण्डागांव में आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम बेड़मा प.ह.नं. 22 बेड़मा तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव स्थित भूमि स्वामित्व की परिवर्तित भूमि खसरा नं. 51/11 कुल ख.नंबर-01 कुल रकबा 0.202 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को व्यवसाय हेतु हक ग्रहिता महावीर पिता लखन जाति कलार निवासी ग्राम-बेड़मा तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव के पक्ष में हक त्याग की अनुमति चाहता है। भूमि हक त्याग की अनुमति बाबत् आवेदन पत्र जांच हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो प्रकरण सुनवाई 22.03.2021 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 06.03.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा के अधिन जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.03.2021 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
केशकाल

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, रायपुर संभाग-रायपुर (छ.ग.)**

**आनलाईन द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-346**

क्रमांक 485/निविदा/ग्रा.यां.सेवा/2020-21 रायपुर, दिनांक 24.02.2021

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) ''द'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र-'अ' पर दर्शित सिविल कार्य हेतु निविदा दर प्राप्त करने आनलाईन ई-निविदा दिनांक 16.03.2021 तक आमंत्रित की जाती है-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि (रु. लाख में) |
| --- | --- |
| शा.मा.वि.तुलसी, बाराडेरा में कम्प्यूटर कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष एवं शा.उ.मा.वि., दोन्देकला में कम्प्यूटर कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष निर्माण कार्य, वि.खं.-धरसींवा, जिला-रायपुर (ग्रुप-1) | 26.00 |
| शा.उ.मा.वि. देवरी में अतिरिक्त कक्ष, पुस्तकालय कक्ष, प्रयोग शाला कक्ष एवं कला एवं संस्कृति कक्ष निर्माण कार्य वि.खं.-धरसींवा, जिला-रायपुर (ग्रुप-2) | 37.35 |
| शा.उ.मा.वि. सारागांव एवं सिलयारी में अतिरिक्त कक्ष, निर्माण कार्य वि.खं.-धरसींवा, जिला-रायपुर (ग्रुप-3) | 29.31 |
| शा.उ.मा.वि. मोहंदी में अतिरिक्त कक्ष, निर्माण कार्य वि.खं.- धरसींवा, जिला-रायपुर (ग्रुप-4) | 7.33 |
| शा.उ.मा.वि. गुमा में प्रयोगशाला कक्ष एवं शा.मा.वि. दतरेंगा में प्रयोगशाला कक्ष, कला एवं संस्कृति कक्ष एवं पुस्तकालय कक्ष निर्माण कार्य, वि.खं.-धरसींवा, जिला-रायपुर (ग्रुप-5) | 30.02 |
| शा.उ.मा.वि. सरोरा एवं तरपोंगी में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, वि.खं.-तिल्दा, जिला-रायपुर (ग्रुप-1) | 26.53 |
| शा.उ.मा.वि. नेवरा एवं टण्डवा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, वि.खं.-तिल्दा, (ग्रुप-2) | 26.53 |
| शा.उ.मा.वि. कनकी में कम्प्यूटर कक्ष निर्माण कार्य, वि.खं.-तिल्दा (ग्रुप-3) | 6.05 |
| शा.उ.मा.वि. टोहड़ा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, वि.खं.-तिल्दा, जिला-रायपुर (ग्रुप-4) | 6.68 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 05.03.2021 से देखी जा सकती है।

**टीपः**-मैन्युअल दस्तावजे की अंतिम तिथि 18.03.2021 सायं 5.30 तक कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां.सेवा संभाग रायपुर में पहुंचना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा रायपुर संभाग-रायपुर (छ.ग.)

जी-87668/4

# महिलाओं एवं बच्चों की बेहतरी के लिए आपसी तालमेल से काम करने की जरूरत : कलेक्टर

## एनीमिया एवं कुपोषण से मुक्ति दिलाने समन्वित कार्य-योजना बनाने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग को आपसी तालमेल एवं मिल जुलकर काम करने को कहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों को सुपोषित एवं स्वस्थ बनाये रखना दोनों विभाग की संयुक्त जिम्मेदारी है। लिहाजा ग्रामीण स्तर पर आपसी समन्वय के साथ काम करने की सख्त जरूरत है। जैन आज यहां जिला पंचायत के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के काम-काज की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने दो पालियों में दोनों विभाग के जिलास्तरीय, विकासखण्ड एवं सेक्टर स्तर के अधिकारियों की बैठक में योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. फरिहा आलम सिद्धिकी, संयुक्त कलेक्टर एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी टेकचन्द्र अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ.खेमराज सोनवानी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एल.आर.कच्छप, सिविल सर्जन डॉ.राजेश अवस्थी उपस्थित थे।

कलेक्टर जैन ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं में कुपोषण एक बड़ी समस्या है। इसे दूर करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने अगले दो महीने में इसका विस्तृत सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा है। रिपोर्ट में इसे दूर करने के लिए प्रभावी डाईट चार्ट भी सुझाएं ताकि मुख्यमंत्री सुपोषण चैपाल के जरिये उन्हें सुपोषित किया जा सके। पहले चरण में अभियान के अंतर्गत अच्छे परिणाम आये हैं। कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण के विरूद्ध चैतरफा हमले की जरूरत है। जिला पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) का भी भरपूर उपयोग किया जाएगा। कोरोना काल में ये केन्द्र अधिकांश खाली हो गई थी। फिलहाल पलारी एवं कसडोल में एनआरसी केन्द्र संचालित हैं। दोनों केन्द्र मिलाकर मात्र 20 बेड की सुविधा है। कलेक्टर ने प्रत्येक विकासखण्ड के लिए अलग से एनआरसी केन्द्र खोलने के लिए प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि जिले में फिलहाल 5 हजार 852 बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित पाये गये हैं। कलेक्टर जैन ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर रिक्त पदों की भर्ती जल्द करने के निर्देश दिए हैं। बताया गया कि जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 110 और सहायिका के 223 पद फिलहाल रिक्त हैं। इनमें भर्ती की प्रक्रिया जारी है। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी एल.आर कच्छप ने बताया कि 289 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए शौचालय निर्माण की स्वीकृति मिली है। प्रति शौचालय 30 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। ग्राम पंचायत के जरिये इनका निर्माण कराया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत प्रथम प्रसव पर महिलाओं को तीन किश्तों में 5 हजार रूपये की राशि प्रदान की जाती है। मुख्य रूप से यह शिशुवती माताओं के संतुलित भोजन के लिए होता है। उन्होंने कहा कि मैदानी कार्यकर्ता एवं मितानीन देखें कि इनका सही इस्तेमाल होने चाहिए। उन्होंने सेक्टर एवं ग्रामीण स्तर तक स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के योजनाओं की गहन समीक्षा की। बेहतर काम करने वाले कर्मचारियों को शाबाशी देने के साथ लापरवाह किस्म के कर्मचारियों को फटकार भी लगाई। उन्होंने लापरवाह किस्म के अधिकारी-कर्मचारियों को 15 दिवस में अपने काम में सुधार लाने की सख्त हिदायत भी दी। कलेक्टर ने गर्भवती माताओं के शतप्रतिशत पंजीयन एवं संस्थागत प्रसव पर जोर दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में 2 लाख से ज्यादा कोरोना की जांच हो चुकी है। इनमें 9845 पॉजीटिव प्रकरण सामने आये हैं।

### जल जीवन मिशन को गांव-गांव,घर-घर पहुचाने को लेकर जनपद पंचायत ने किया रवाना



**कुरुद।** जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत रविवार जनपद पंचायत कुरूद से अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष राजकुमारी दीवान के मुख्यतिय में जल मिशन के जन जागरण रथ को हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया गया...इस अवसर पर सुश्री दीवान विकासखंड के समस्त ग्रामवासियों समेत पूरे प्रदेशवासियों से जल जीवन मिशन अभियान 2024 से जुड़कर इसका लाभ लेने की बात कही..इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष जानसिंह यादव,जनपद सभापति रविन्द्र साहू,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष शर्म,महामंत्री कृष्ण कुमार साह,वरिष्ठ कांग्रेसी घनश्याम चंद्राकर,सरपंच संघ अध्यक्ष डिलन चंद्राकर,पीएस गजेंद्र एसडीओ पीएचई सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# 1 करोड़ 16 लाख 60 हजार की लागत से होगा विकास कार्य, विधायक ने किया भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर निगम भिलाई के जोन 1 कार्यालय क्षेत्र में करोड़ों का विकास कार्य किया जाएगा। भिलाई नगर विधायक व महापौर देवेंद्र यादव ने शनिवार को हुडकोवासियों को बड़ी सौगात दी है। हुडकों क्षेत्र में 1 करोड़ 16 लाख 60 लाख की लागत से वार्ड 69 और वार्ड 70 में विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे। जिसका आज विधायक देवेंद्र यादव ने भूमिपूजन किया। सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र की जनता इस भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। 6 मार्च सुबह करीब 10 भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में महापौर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव उपस्थित रहे। जिन्होंने पूरे विधिविधान से भूमिपूजन किया। भूमि पूजन में क्षेत्र के वरिष्ठ जनों पहुंचे जिनके हाथों से भी भूमिपूजन कराया गया। क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्य से क्षेत्र की जनता में काफी उत्साह का माहौल देखने को मिला। हुडको श्रीराम चौक से रेल्वे लाइन तरफ में हुडको, श्री राम चौक और हुडको मार्केट के पास मिलन चौक में किया जाएगा। वार्डवासियों की उपस्थिति में भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कुल 6 विकास कार्य का भूमिपूजन होना है। जिसमें वार्ड 70 में हुडको श्री राम चौक से सियान सदन चौक के रोड के किराने पाथवे निर्माण कार्य। दूसरा वार्ड 70 में हुडको सियान सदन चौक से ओवर ब्रिज रोड तक पाथवे निर्माण कार्य।

### गृहक्षेत्र कुरुद प्रवास पर रही अनुसूचित जनजाति आयोग की उपाध्यक्ष राजकुमारी दीवान



**कुरुद।** रविवार को कुरुद प्रवास पर रही अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त राजकुमारी दीवान कुरुद गृहक्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी टीकम लाल साहू के नवनिर्मित प्रतिष्ठान श्री दुर्गा वस्त्र भंडार का फीता काटकर शुभारंभ किया एवं उन्हें बधाई दिया वही प्रतिष्ठान में केक काँटकर पूजा में सम्मलित हुई...नवीन प्रतिष्ठान उत्तरोत्तर व्यपार में कामयाबी प्राप्त करने शुभकामनाएं प्रेषित किया... इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष शर्मा, पार्षद राखी तपन चंद्राकर, महामंत्री कृष्ण कुमार साहू नगरवासी कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कुम्हारी में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में शामिल हुई संसदीय सचिव शकुन्तला साहू

पायनियर संवाददाता ◀ लवन
www.dailypioneer.com



कुम्हारी में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिवस छत्तीसगढ़ शासन की संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक शकुन्तला साहू पहुँची एवं भगवान की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख समृद्धि विकास हेतु आशीर्वाद माँगा।उन्होंने तुलसिवर्षा तथा तर्पण सहस्त्रधारा में भाग लिया साथ ही ब्यासपीठ में विराजमान कथावाचक पंडित कुलभूषण तिवारी के चरण छूकर आशीर्वाद लिया।उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए विधायक जी ने कहा कि मानव जीवन में श्रीमद्भागवत कथा का बड़ा ही महत्व है। संसार में जो भी इस कथा का श्रवण करता है, उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा भगवान के श्रीमुख से कही गई कथा है। कथा के समय स्वयं भगवान कथास्थल में विराजमान रहते हैं। अतः इस कथा का श्रवण शुद्ध मन से पूरे भक्ति और श्रद्धा से करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य केवल खुद के कल्याण के बारे में सोचता है, यदि वह समाज हित के बारे में सोचे तो संसार स्वर्ग बन जाए।

श्रीमद्भागवत कथा में बताई गई बातें यदि मनुष्य आचरण में उतारे तो वह समाज का कल्याण कर सकता है। मनुष्य व्यर्थ ही चिंता करता है। उसे केवल कर्म करना चाहिए। कर्म के अनुरूप ही उसे फल की प्राप्ति होगी। इस मौके पर गुरुदयाल यादव अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन, वीरेंद्र बहादुर कुर्रे सरपंच खैन्दा एवं नवनियुक्त संयुक्त सचिव जिला कांग्रेस बलौदाबाजार, पुनाराम लोधी पूर्व उपसरपंच ,डॉक्टर विमलेश वर्मा पूर्व सरपंच ,महेश साहू पवन पांडेय चंपाबाई छत्रिय चंद्रिका ठाकुर गीता बंजारे ,रामलाल छत्रिय, खिख राम पैकरा, शिव निषाद नोखराम पांडेय विजय लोधी हीरालाल साहु ,ओम शंकर पैकरा, सनातन लोधी , महेंद्र लोधी, रोशनी लोधी, श्रद्धालुगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# विपरीत परिस्थितियों में संभाला घर, बच्चों को शिक्षा देना ही मेरा लक्ष्य हैं साधना पवार

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। यह उन महिलाओ की प्रशंसा करने का दिन है जो व्यक्तिगत और पेशेवर लक्ष्यों को पूरा करने के लिए हर दिन कड़ी मेहनत करती हैं। इंसान में यदि कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो विपरीत परिर्स्थितयां भी उसका रास्ता नहीं रोक सकतीं । इसका जीता जागता उदाहरण है अनमोल ज्वेलरी एवं बर्तन दुकान पलारी की प्रोपाइटर साधना पवार जिन्होने शादी के कुछ साल बाद ही पति की तबियत खराब रहने के बाद रोज नई चुनौतियों का सामना किया ,लेकिन हार नही मानी और आज घर के साथ ही अपने तीनो बच्चों को भी काबिल बनाने में जुटी हुई हैं। श्री मती साधना पवार ने बताया कि 1998 में शादी हुई । सभी नवविवाहिताओं की तरह मेरे मन में भी उमंगे थी। लेकिन शादी के कुछ महीनों बाद ही पति की तबियत खराब रहने लगी। हाथ पैरों ने काम करना बंद कर दिया। उन्हे मानसिक रोग हो गया था। मेरे सभी सपने टूट गए। मुझे समझ नहीं आ रही थी कि मैं क्या करूं । जैसे तैसे मैने शुरू में सिलाई करने की ठानी एवं परिवार खर्चा चलाया।

### कम पैसे मिले, लेकिन हिम्मत नहीं हारी

साधना पवार ने बताया कि शुरूआत बहुत कम पैसे के साथ हुई, लेकिन मैंने हौसला नही खोया। अगर हौसला खो देती, तो पति और बच्चों को कैसे पालती। मैंने अनमोल बर्तन दुकान एवं ज्वेलरी के रूप में काम कर अपना घर चलाया और बच्चों का पालन पोषण किया।

### किसी की परवाह नहीं की

नाते रिश्तेदार घर से बाहर` निकलकर मेरे दुकान में काम करने के खिलाफ थे लेकिन जब इलाज के लिए पैंसो की बात आती तो सब कन्नी काट लेते । वह बड़ा मुश्किल दौर था। ऐसे में मैने सभी का विरोध किया और वर्ष 2005 में मात्र 10,000 रूपये महीने से काम की शुरूआत की।

### लोगो ने सुनाया बहुत कुछ

जब मैने घर से बाहर निकलकर काम करना शुरू किया तो लोगो ने मुझे बहुत सुनाया। समाज की नजरें मुझ पर रहने लगीं लेकिन मैंनं परवाह नहीं की ,मै जुटी रही। अभी बच्चों को पढ़ाकर काबिल बनाना मेरा लक्ष्य है। मै दुकान जाने के पहले पति को तैयार करती हूं घर की जिम्मेदारी निभाने के लिए सुबह 5 बजे उठती हूं और रात 11 बजे सोती हूं और बलौदाबाजार से 15 किमी दूर व्यवसाय करने पलारी जाती हूं मैने यही सिखा है कि हार नहीं माननी , चाहे जो हो जाए मै, जुटी रहूंगी अपने घर पति और बच्चो के लिए।

**हौसला यह:** अगर हालात यह कहें कि आगे बढ़ना है तो किसी की परवाह न करें।

### कलेक्टर ने कुंजारा के लोकसेवा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया



**जशपुरनगर।** कलेक्टर महादेव कावरे ने फरसाबहार विकास के गांव कुंजारा के लोक सेवा केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बालाजी राव जिला पंचायत सीईओ के एस मंडावी उपस्थित थे। कलेक्टर ने लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से ग्रामीणजनों का आयुष्मान कार्ड बनाने के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने लोगों का प्राथमिकता से कार्ड बनाने के निर्देश दिए।

# बाजार में प्लास्टिक बेचते तीन दुकानदार पकड़ाये



पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग का तीन टीम अलग-अलग जगहों पर मास्क नहीं पहनने वाले 18 और प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय करने वाले 03 लोगों पर कार्यवाही कर 1350 रु0 का जुर्माना वसूल कियें। स्वास्थ्य टीम ने मास्क नहीं पहनने वालों को चेतावनी देते हुये कहा कोरोना का प्रभाव खत्म नहीं हुआ है अतः मास्क पहनें और सेनेटाईजर का उपयोग करें। उन्होनें प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय करने वालों को हिदायत देते हुये कहा कि दोबारा विक्रय करते पाये जाने पर दोगुना राशि वसूल की जावेगा एवं कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### इंदिरा मार्केट और पोटिया चौक में किया गया प्लास्टिक जप्त

आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार स्वच्छता निरीक्षक जसवीर सिंह भुवाल, राजेन्द्र सराटे, सफाई दरोगा सुरेश भारती ने अपने-अपने क्षेत्रों में मास्क नहीं पहनने वालों पर कार्यवाही किये। इसके अलावा प्रतिबंधित प्लास्टिक विक्रय करने वाले जैन प्लास्टिक को 1000 रु0, अरहम टोस्ट को 150 रु0, तथा अनाज भंडार पोटिया चौक को 200 रु0 का जुर्माना लगाया गया।

## छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पलारीराज के चुनाव को राजनीतिक रंग न दे संतोष वर्मा कोसमंदा

**पलारी।** पहली बार छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पलारीराज में महिला राजप्रधान के लिए आरक्षित हुए हैं।राजप्रधान पद के लिए इस बार समाज में तीन महिला प्रत्याशीयो ने नामांकन किया है। भुनेश्वरी/तिलक वर्मा, परमेश्वरी वर्मा, दुर्गा वर्मा तीनों प्रत्याशी योग्य और दमदार है। परन्तु समाज में ही कुछ लोगो द्वारा सामाजिक चुनाव को राजनीतिक रुप देने की मंशा पाल समाज की गरिमा धुमिल करने में लगे हैं। क्योंकि समाज की मंशा थीं की पहली बार महिला राजप्रधान के लिए आरक्षित हुआ हैं। तो क्यो ना सर्वसहमति से किए एक को चुनलिया जाऐ पर तीनों ही दावेदारो में आपसी सहमति नहीं बन पाई।पर कुछ लोगों द्वारा समाचार पत्र के माध्यम से केवल व्यक्तिगत प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने और चुनाव को प्रभावित करने की मंशा से आपसी सहमति न बनने और मनमानी करने का अप्रत्यक्ष मिथ्या आरोप गढ़ रहे हैं कि भुनेश्वरी/ तिलक वर्मा के कारण ही पलारी राज का चुनाव हों रहा है जबकि ऐसी भ्रांति तनिक भी सत्य नहीं है।जब भी चुनाव में आपसी सहमति के लिए चर्चा करने बैठके रखीं गई तब- तब भुनेश्वरी तिलक वर्मा ने आपसी सहमति रखीं हैं यहां तक तीनों प्रत्याशी का भुनेश्वरी तिलक वर्मा के घर बैठक भी हो चुका है। यहां तक भुनेश्वरी तिलक वर्मा ने पलारीराज समाज के सभी कार्यकारिणी की सहमति से राजप्रधान चुने पर भी सहमत थी। लेकिन सर्वसहमति नहीं बनीं तभी नामांकन भरा गया। पर कुछ समाज के आड़ मे राजनीति करने वाले लोगों द्वारा समाज के पद पर रहते हुए अपने सामाजिक दायित्व को भुलकर व्यक्तिगत राजनैतिक दायित्व निर्वाह करके समाज में आपसी भाईचारे को धुमिल कर दरार डालने का प्रयास किया जा रहा है जो अत्यंत ही अक्षित और अशोभनीय कार्य प्रतीत होता है। साथ ही समाज के नियमों के स्वरुप आचार संहिता का भी एक तरह से उल्लंघन है। जिस पर पलारीराज के चुनाव प्रभारियों व केन्द्रीय पदाधिकारियों को संग्यान में लेना चाहिए साथ ही ऐसा किसी भी कथन का जिसपर किसी भी प्रत्याशी को जिताने के लिए जो दोषी नहीं उसे इस तरह समाचार पत्रों के माध्यम से दोषी करार देकर उसकी छवि धुमिल नहीं करने की बात कहकर कड़ी निन्दा प्रगट करनी चाहिए।

## जिले में 60 वर्ष से उपर के व्यक्तियों का कोरोना टीकाकरण प्रारंभ



**कोण्डागांव।** राज्य में कोविड 19 वैक्सीन का टीकाकरण 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को शुरू हो गया है। इसके साथ ही 45 वर्ष से 59 वर्ष तक के आयु वाले व्यक्तियों जिन्हे कोई दूसरी गंभीर बीमारी भी है, उनको भी वैक्सीन लगना प्रारंभ हो गया है। इसी के तहत् जिले में 100 वर्षीय यशोदा यादव के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र केशकाल में पहुंचकर कोविड-19 टीका का पहला डोज लगवाया गया, तत्पश्चात् उन्हे 30 मिनट तक नियमानुसार आब्जर्वेशन में रखा गया। टीकाकरण उपरान्त वे पूर्णतः स्वस्थ्य महसूस कर रही हैं साथ ही किसी भी प्रकार की स्वास्थ्यगत परेशानी होने पर अस्पताल प्रबंधन को सूचित करने कहा गया। इसके पश्चात् उन्हें दूसरी डोज का समय भी बताया गया साथ ही उन्हें बताया गया कि वैक्सीन लगने के बाद भी कोविड अनुकूल व्यवहार करना अनिवार्य है, जिसमें मास्क लगाना, दूसरों से दो गज की दूरी रखना और हाथों की सफाई शामिल है। चिकित्सकों के अनुसार दूसरा डोज लगने के दो सप्ताह बाद ही शरीर में एंटी बाडी बनते हैं इसलिए कोरोना संकमण के उपाय करना आवश्यक है।

### मानव तस्करी की शिकायत आती है तो तत्काल संज्ञान में लेकर कार्यवाही करें

# फरसाबहार के साजबहार में ग्रामीणजनों को मानव तस्करी, महिलाओं व बाल अपराध को रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





पुलिस विभाग के द्वारा फरसाबहार विकासखंड ग्राम साजबहार में ग्रामीणजन को मानव तस्करी से बचाने महिलाओं और बाल अपराध को रोकने के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा आर. पी. साय, कलेक्टर महादेव कावरे, पुलिस अधीक्षक बालाजी राव और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कें एस मंडावी सिस्टर ऐनी सरपंच पंच पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी और ग्रामवासी उपस्थित थे। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा आर. पी. साय ने जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सामुदायिक भावनाओं को जोड़ने के लिए और लोगों के मन में से पुलिस के प्रति भय को दूर करने के लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने शौख से पुलिस थाना नहीं आता कोई न कोई परेशानी लेकर ही आता है। पुलिस विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। फरियाद करने वाली की बात कहा को तन्मयता से सुनने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जशपुर जिले में मानव तस्करी की शिकायत मिलती है। इसलिए ग्रामवासियों को इसके प्रति जागरूक करना बेहद जरुरी है। उन्होंने कहा कि गांव के आस पास घूमने वाले दलाल लोग गांव की महिलाओं युवतियों और बालिकाओं को बहला फुसलाकर करके और बड़े शहरों में नौकरी का लालच देकर मानव तस्करी करते और महिलाओं को गलत कार्य में लगा देते हैं। जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो जाता है । उन्होंने लोगों को ऐसे दलाल से बचने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि अपने आस पास होने वाले अपराधों की तत्काल सूचना पुलिस को दें । उन्होंने कहा कि अपराध को बढ़ावा न दें और समय रहते सूचना देने पर अपराध को तत्काल रोक लगाया जा सकता है। उन्होंने पंचायत स्तर पर सुरक्षा समिति बनाने के निर्देश दिए हैं। साथ कौशल विकास के बच्चों के द्वारा आगजनी से बचाने के लिए अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। कलेक्टर महादेव कावरे ने आज पुलिस विभाग के जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जशपुर जिले के ग्रामीणजनों को मानव तस्करी से बचाने के लिए जागरूक करने की विशेष आवश्यकता है कि वे दलालों के झांसे में न आ और उन्हें सचेत रहने की भी सलाह दी गई।

उन्होंने कहा कि ऐसे दलालों के झांसे में न आए और बाहर जाने से पहले ग्राम पंचायत के पलायन पंजी में अपना नाम पता जगह, किसके साथ जा रहे है किस कार्य से जा रहे है, यह सभी की जानकारी पलायन पंजी में लिखने के निर्देश दिए है ताकि विषम परिस्थिति में पुलिस और प्रशासन आपकी मदद की जा सके। उन्होंने कहा कि आज सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को शराब सेवन से होने वाले हानियां दूषप्रभाव के बारे में जानकारी दी गई और लोगों को संचेत रहने के लिए कहा गया। उन्होंने आयुषमान कार्ड का भी लाभ उठाने की बात कही। पुलिस अधीक्षक बालाजी राव ने जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अधिकतर गांवों में दलाल लोग मानव तस्करी के लिए महिलाओं एवं युवतियों और बालिकाओं को चिन्हांकित करते हैं वे ऐसे परिवार को ढूंढते है जो आर्थिक रूप से कमजोर रहते है और उन्हें महानगरों में लेजाकर गलत कार्यों में लगाकर उनका जीवन खराब कर देते है। उन्होंने ऐसे लोगों से बचने के लिए कहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मोबाईल अपराधों के माध्यम से भी बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों को शिकार बनाया जाता है।

## पुलिस महानिरीक्षक ने साजबहार के पंचायत भवन का शुभारंभ किया



पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा आर पी साय ने आज फरसाबहार विकासखंड के साजबहार के ग्राम पंचायत भवन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर महादेव कावरे, पुलिस अधीक्षक बालाजी राव और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के. एस. मंडावी, साजबहार सरपंच सोनम लकडा उपस्थित थे। सोनम लकडा ने बताया कि ग्राम पंचायत भवन को आकर्षक रूप दिया गया है परिसर में सुन्दर पौधे लगाया गया है टाईल्स से भवन को सुव्यवस्थित किया गया। साथ ही पंचायत भवन में सरपंच के लिए अलग बैठने हेतु कक्ष भी बनाया गया है ताकि लोगों की समस्या का तत्परता से निराकरण किया जा सके।

# 'लगता है जैसे वाजिद आस-पास ही है'



**ज़ी टीवी** पिछले तीन दशक से टेलीविज़न पर आने वाले धारावाहिकों की विषय सामग्री निर्धारित करने के संबंध में अग्रणी रहा है। इस बार भी वो गैर-कहानी वर्ग में संगीत से जुड़ा एक रियलिटी शो इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग (आईपीएमएल) लाकर इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस प्रकार ज़ी टीवी विगत 26 फ़रवरी से विश्व की सर्वप्रथम म्यूज़िक लीग चैंपियनशिप लॉन्च कर ऐसी ही उपलब्धि हासिल कर चुका है। वैसे खेल के क्षेत्र में ऐसी लीग पहले भी खेली जाती रही हैं लेकिन इस म्यूज़िक लीग में देश के छः क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रही हैं छः टीमें इस चैंपियनशिप में एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करेंगी। इन सभी छः टीमों को बॉलिवुड और खेल से जुड़ी सिलेब्रिटीज़ का समर्थन प्राप्त होगा और इनका नेतृत्व देश के शीर्ष छः गायक करेंगे जिन्हें इन टीमों का कप्तान कहा जाएगा। इन टीमों में एक रियलिटी शो स्टार तथा एक देश का नया स्वर होगा।

इसमें मीका सिंह, कैलाश खेर, साजिद खान, शान, अंकित तिवारी, जावेद अली, असीस कौर, भूमि त्रिवेदी, आकृति काकर, पायल देव, नेहा भसीन, शिल्पा राव आदि को छः क्षेत्रीय टीमों के कप्तान के रूप में अनुबंधित कर लिया गया है।

इसके भव्य प्रीमियर की शूटिंग के दौरान हर कोई शो के प्रारंभ होने को लेकर अत्यंत उत्साहित था। इस ग्रैंड इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग के लॉन्च के अवसर पर सभी सिलेब्रिटीज़ ने अद्भुत प्रदर्शन से सभी को अचंभित कर दिया। लेकिन बॉलिवुड संगीत निर्देशक साजिद खान के इस अवसर पर कहे गए शब्दों ने सभी की आंखों में आंसू ला दिये। साजिद, उनका परिवार और समस्त बॉलिवुड को पिछले साल तब एक झटका लगा था जब उनके भाई वाजिद खान अचानक काल कवलित हो गए। इस इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग में प्रतिभाग करने का सपना वाजिद ने ही देखा था और आज जब वो इस दुनिया में नहीं हैं, इस बात से साजिद का भावुक होना स्वाभाविक ही था क्योंकि ये पहला ही रियलिटी शो था जिसमें साजिद बिना वाजिद के प्रतिभाग कर रहे हैं। मंच से जब साजिद ने जब वाजिद के बारे कहा, कि वो अपने भाई का बहुत अभाव अनुभव कर रहे हैं लेकिन साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि वो स्टेज पर उनकी उपस्थिति को भी अनुभव कर रहे हैं और यही कारण है कि वो इस शो को पूरी तरह से सफ्ल देखना चाहते हैं। चैंपियनशिप की एक टीम दिल्ली जैमर्स के कप्तान साजिद खान ने बताया, 'जब वाजिद अस्पताल में भर्ती था, वो शो को लेकर चिंतित रहता था। जब भी मैं उसे देखने जाता था वो कहा करता था कि हम सभी को इंडियन प्रो म्यूज़िक लीग को सफ्ल बनाने के लिए कठिन परिश्रम करना होगा। आज तक मैंने वाजिद के बिना कोई शो नहीं किया लेकिन ये पहला अवसर है जब मैं इतने बड़े मंच पर इतने सारे सितारों और गायकों के सामने उसके बिना भाग ले रहा हूं। लेकिन मुझे उसकी उपस्थिति अनुभूति हो रही है। मुझे तो लगता है कि वो सदैव मेरे साथ ही रहता है और यही कारण है कि मैं इतना सहज़ हूं। मुझे लगता है कि मैं उसके बिना कुछ भी नहीं हूं और मैं इस चैंपियनश्पि में कड़ा संघर्ष करूंगा ताकि उसे गर्व हो।'

## एंड टीवी पर मस्ती का तड़का



एंड टीवी पर चल रहे धारावाहिक अब और रोचक हो चले हैं। इसके एक हास्य शो 'भाबी जी घर पर हैं' के अगले अंकों में आप शो के एक चरित्र मनमोहन तिवारी (रोहिताश्व गौर) को अनीता भाबी (नेहा फेडसे) के साथ कोर्ट में संघर्ष करते देखेंगे। अब मनमोहन तिवारी को दो दोनों ही परिस्थितियों में हानि होनी तय है! इसी चैनल के एक दूसरे धारावाहिक 'हप्पू की उलटन पल्टन' में राजेश (कामना पाठक) अपने पति हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) तथा बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) के बीच में दरार पैदा करने का प्रयास करती दिखाई देंगी। तो क्या हप्पू परिस्थिति को संभाल लेगा या फ्रि स्थितियां उनके हाथ से निकलने वाली है? चैनल के एक दूसरे शो 'गुड़िया हमारी सभी पे भारी' में पप्पू (मनमोहन तिवारी) के अतिथिगृह में इस घोषणा से तूफान मच जाता है कि हवेली में सोने से भरा एक कलश छिपा है। इसके बाद तो खजाने को ढूंढने के लिए भगदड़ मच जाती है। संतोषी मां सुनाएं व्रत कथाएं, में समयचक्र के चलते इंद्रेश (आशीष कादियान) पुनर्जीवित हो जाता है और स्वाति (तन्वी डोगरा) को उसके किये का प्रतिफ्ल। लेकिन क्या असुर रानी पालोमा (सारा खान) हार स्वीकार कर पाएगी? इन एपिसोड्स की कहानियों के बारे में अधिक जानकारी साझा करते हुए अनीता भाबी बनीं नेहा फेंडसे बताती हैं, 'यदि दुनिया में कोई एक स्त्री है जो अनीता की तरह से विभूति नारायन मिश्रा (आसिफ शेख) को प्रभावित कर सकती है तो वो है अंगूरी भाबी (शुभांगी अत्रे) जब तिवारी पंडित जी के आदेश से टिल्लू (सैय्यद ज़ैदी) को प्रताड़िता करते हैं तो अनीता आगे बबूला हो जाती है और उनके विरुद्ध वाद पंजीकृत करा देती है। जब अंगूरी विभूति को अनीता के विरुद्ध जाकर तिवारी जी का केस लड़ने के लिए तैयार कर लेती है तो बात बिगड़ने की स्थिति आ जाती है।' हप्पू वाले शो में राजेश का चरित्र निभा रही कामना पाठक बताती हैं, 'बेनी और हप्पू की मित्रता पक्की है लेकिन राजेश दोनों के बीच ऐसी आग लगाती है कि दोनों के बीच बात संघर्ष तक आ जाती है। वे दोनों एक दूसरे से जलने लगते हैं और बात करना भी बंद कर देते हैं।' अब इस दरार के बीच क्या राजेश और कमलेश (संजय चौधरी) क्या इन दोनो मित्रों के बीच सुलह करा पाते हैं? सरला बनी समता सागर बताती हैं, 'गुप्ता परिवार तो गुड़िया के चमत्कारों से परिचित है। इस बार वो घ्र के पूर्व मालिक को वापस ले आती है जो वहां से काफी समय पहले जा चुके थे। वे बताते हैं कि उन्होंने घर में ही कहीं सोने से भरे एक बर्तन को छिपाया था। खजाने के बारे में जानकर सरला उसे पाने का हर जतन करती है।'

असुर रानी पालोमी बनी सारा खान ने बताया, 'संतोषी मां (ग्रेसी सिंह) की मदद से स्वाति ने सदैव अपनी लड़ाई लड़ी है। लेकिन क्या अपने पिता सिंहासन सिंह (सुशील सिन्हां) द्वारा भावनात्मक स्तर पर ब्लैकमेल किये जाने पर भी क्या इंद्रेश उसका समर्थन करेंगे? असुर रानी पालोमी संतोषी मां को जीतने नहीं देगी और वो ये कैसे करेगी, जानने के लिए आपको ये शोज़ देखने होंगे।

## हास्य से भरपूर है नया शो 'सरगम की साढ़े साती'

तनाव कम करने के लिए हंसने से अधिक प्रभावी कुछ नहीं होता और सोनी इंटरटेन्मेंट टेलीविज़न इसका पूरा ध्यान रखता है कि दर्शकों को ये पर्याप्त मात्रा में मिलती रहे। इसी क्रम में नया शो 'सरगम की साढ़ेसाती' लॉन्च किया गया है। चैनल शीघ्र ही एक सिटकॉम लॉन्च करने वाला है जिसमें पूरे परिवार के लिए मनोरंजन होगा। इसका निर्माण किया है ऑप्टीमिस्टिक्स इंटरटेन्मेंट के विपुल शाह द्वारा और इसके कथानक में अवस्थी परिवार की बहू, और उसकी अनूठी ससुराल जहां पुरुषों के बीच केवल वही अकेली स्त्री होती है। कुछ सामाजिक परिस्थितियों के बीच गाज़ियाबाद के अवस्थी परिवार की हरकतें आपको हंसते हसते लोटपोट कर देंगी।

कुल मिलाकर अवस्थी परिवार को कुछ सामाजिक परिस्थितियों के बीच सामंजस्य स्थापित करते देख आप भी उनसे जुड़ाव स्थापित कर पाएंगे। इसमे चरित्रों को निभाने के लिए मंझे अभिनेताओं की एक पूरी टीम है जिसमें मेरे डैड की दुल्हन की अभिनेत्री अंजली तत्रारी सरगम बनी हैं और कुणाल सलूजा अपारशक्ति अवस्थी। शेष कलाकारों में दर्शन जरीवाला, सनत व्यास, ओजस रावल, यश सहगल, विष्णु भोलवानी, आकाश मखीजा तथा कृश चुघ आदि प्रमुख हैं। सरगम अवस्थी अत्यंत दयालु, विवेकी, बुद्धिमान तथा निस्वार्थ व्यक्ति हैं लेकिन जब वो गृहस्थ बन जाती है तो उसके सामने दो प्रमुख चुनौतियां होती हैं। एक तो उसे खाना पकाना नहीं आता जो किसी भी पारंपरिक बहू को आना चाहिये। स्वयं को हर स्थिति के बीच संतुलित करने के क्रम में उससे कई गड़बड़ियां होती हैं। कहानी में हास्य तब पैदा होता है जब सरगम घर के मर्दों के बीच सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास करती है। घर के दादाजी आनंदीलाल अवस्थी जिन्हें कदम कदम पर सहानुभूति चाहिये होती है क्योंकि वो बीमार न होकर भी बीमार होने का नाटक करते हैं। वो घर के वरिष्ठतम सदस्य होते हैं लेकिन वो हमेशा जोश में रहते हैं। उनका प्रिय विषय पेट साफ होने के बारे में बात करना होता है।

**मौका-ए-वारदात**

# मनोज तिवारी, रवि किशन और सपना चौधरी करेंगी एण्डटीवी की सबसे दिलचस्प क्राइम सीरीज में सबसे बड़े रहस्यमयी अपराधों का खुलासा








**अपराध की** दुनिया में और हमारे बीच सिर्फ एक ही फर्क है और वह है मुमकिन और नामुमकिन का। हम जिन चीजों को नामुमकिन समझते हैं, वो अपराध की दुनिया में मुमकिन हैं, और जब हम नामुमकिन अपराधों की कहानियों के बारे में सुनते हैं तो ये हमें सोचने पर मजबूर कर देती हैं कि आखिर ऐसा कैसे हो सकता है। आपकी कल्पना को चुनौती देने और आपको चौंकाने के लिए ऐसी ही नामुमकिन अपराधों की असाधारण कहानियों को प्रस्तुत कर रहा हैं एण्डटीवी का नया शो मौका-ए-वारदात जो एक दिलचस्प वीकडे क्राइम सीरीज है। मौका.ए.वारदात रहस्यमयी अपराधों के ऐसे मामलों को सामने लेकर आएगा जो दर्शकों के दिमाग को झझकोर कर रख देंगे। निश्चित रूप से ये लोगों को इस बात पर विश्वास करने के लिए मजबूर कर देंगे कि वास्तविकता कल्पना से एकदम अलग होती है। इस शो में मनोज तिवारी, रवि किशन और सपना चौधरी हैरान कर देने वाले अपराधों की झलक दिखाते हुए नजर आएंगे। रविराज क्रिएशंस, हेमंत प्रभु स्टूडियोज, एएंडआई प्रोडक्शंस और स्पेसवॉकर फ्लि स द्वारा निर्मित मौका.ए.वारदात का प्रीमियर एण्डटीवी पर 9 मार्च 2021 को शाम 7 बजे होगा और इसका प्रसारण हर सोमवार से शुक्रवार किया जाएगा।

# गुजरात में दो वर्षों में 313 शेरों की हुई मौत

**गांधीनगर।** गुजरात के वन मंत्री गणपत वसावा ने शुक्रवार को विधानसभा में बताया कि राज्य में 2019 और 2020 में 152 शावकों समेत कुल 313 शेरों की मौत हुई है। इनमें से 23 की मौत अप्राकृतिक कारणों से हुई। कांग्रेस विधायक वीरजी ठुम्मर के सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि 2019 में 154 और 2020 में 159 शेरों की मौत हुई। इनमें 90 शेरनी, 71 शेर और 152 शावक शामिल हैं। उन्होंने कहा, 313 में से 23 की मौत खुले कुओं में गिरने या वाहनों के टक्कर मारने जैसे अप्राकृतिक कारणों से हुई। ठुम्मर ने दावा किया कि कुछ शेर वन विभाग द्वारा दिए जा रहे मांस को खाकर विभिन्न वायरस से संक्रमित हो रहे हैं। कांग्रेस विधायक के दावे के बाद मंत्री ने कड़ी कार्वाई का वादा किया। वसावा ने कहा कि गिर अभयारण्य के निकट 43 हजार कुओं के आसपास दीवारें बनाई गई हैं ताकि शेर इनमें न गिरें। उन्होंने कहा कि संरक्षण के ऐसे ही कई प्रयास किए जाने की वजह से शेरों की आबादी 2015 की 523 से बढ़कर 2020 में 674 हो गई।

### कतर्नियाघाट सेंचुरी में मिला हाथी का शव

**बहराइच (उत्तर प्रदेश)।** बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव अभ्यारण्य में गेरूआ नदी के किनारे शुक्रवार को एक जंगली हाथी का शव मिला। सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे दुधवा नेशनल पार्क के फील्ड निदेशक संजय पाठक ने पत्रकारों को बताया कि सुबह जंगल में वन कर्मियों को गश्त के दौरान दुर्गंध का एहसास हुआ और नजदीक जाने पर हाथी का शव दिखा। उन्होंने बताया कि मृत नर हाथी की उम्र तकरीबन 50 वर्ष होने का अनुमान है और शव देख कर पहली नजर में ऐसा लगता है कि उसकी मौत तीन-चार दिन पहले हुई होगी।




# फिल्म फास्ट एंड फ्यूरियस 9 अब 25 जून को होगी रिलीज

**लॉस एंजिलिस।** फास्ट एंड फ्यूरियस सीरिज की नौंवी फिल्म अब 25 जून को बड़े पर्दे पर प्रदर्शित की जाएगी। फिल्म के अभिनता एवं निर्माता विन डीज़ल ने इंस्टाग्राम पर एक टीज़र जारी कर फिल्म के प्रदर्शन की नई तारीख की जानकारी दी। उन्होंने टीज़र साझा करते हुए लिखा, आखिरकार, सौभाग्यशाली और कृतज्ञ। निर्देशक जस्टिन लिन की इस फिल्म में डब्ल्यूडब्ल्यूई रेस्लर एवं अभिनेता जॉन सीना, अदाकारा मिशेल रोड्रिग्ज़, जोर्डाना ब्रियुस्टर, नताली इमानुएल, हेलेन मिरेन, चार्लीज़ थेरॉन, अभिनेता सुंग कांग, गायक एवं अभिनेता टायरिस गिब्सन और रैपर एवं अभिनेता क्रिस लुडाक्रिस ब्रिजेस नजर आएंगे। फिल्म फास्ट एंड फ्यूरियस9 पहले मई 2020 में प्रदर्शित होनी थी, लेकिन कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के कारण इसकी रिलीज तारीख पहले दो अप्रैल 2021 और फिर 28 मई 2021 की गई थी।

# मैं सलमान खान की शादी के बाद ही करूंगा शादी: मिका सिंह



**ज़ी टीवी** पिछले तीन दशकों से टेलीविजन पर नए और अनोखे कार्यक्रम दिखाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और अब एक बार फिर अपने नए नॉन फिक्शन शो इंडियन प्रो यूज़िक लीग के साथ इस चैनल ने यूज़िक रियलिटी शोज़ का चेहरा बदल दिया है। लीक से हटकर एक अनोखा फॉर्मेट प्रस्तुत करते हुए ज़ी टीवी ने 26 फरवरी 2021 से दुनिया की पहली यूज़िक लीग चैंपियनशिप शुरू की है। जहां खेल की दुनिया में हमने कई लीग प्रतियोगिताएं देखी हैंए वहीं इस अनोखी यूज़िक लीग में भारत के अलग.अलग क्षेत्रों की 6 टीमें एक यूज़िकल चैंपियनशिप में मुकाबला करती नजर आ रही हैं। इनमें से हर टीम को बॉलीवुड एवं स्पोर्ट्स जगत की जानी.मानी सेलिब्रिटीज़ सपोर्ट कर रही हैं। इसमें कप्तानों के रूप में टॉप प्लेबैक सिंगर्स हैं। इनके अलावा हर टीम में एक रियलिटी शो स्टार और एक नई आवाज भी शामिल है। इन 6 ज़ोनल टीमों की कप्तानी करने के लिए मिका सिंह, कैलाश खेर, साजिद खान, शान, अंकित तिवारी, जावेद अली, असीस कौर, भूमि त्रिवेदी, आकृति कक्कर, पायल देव, नेहा भसीन और शिल्पा राव को चुना गया है। इस दौरान पंजाब लायन्स के कैप्टन मिका सिंह ने अपनी टीम मेंबर्स असीस कौर और रुपाली जग्गा के साथ मस्त कलंदर गाने पर एक जोरदार एक्ट करके सभी को मोहित कर लिया। हालांकि आने वाले एपिसोड्स में वो कुछ और दिलचस्प खुलासे और ऐलान करके दर्शकों को चौंकाने जा रहे हैं। शूटिंग के दौरान मिका ने होस्ट करण वाही के साथ गपशप करते हुए मजाक में कहा कि अब वो शादी के लिए लड़की ढूंढ़ रहे हैं। हालांकि इसके लिए उनकी बड़ी दिलचस्प शर्त है और इस शर्त में उन्होंने इंडियन प्रो यूज़िक लीग के ब्रांड एंबेसडर सलमान खान को शामिल कर लिया है।इंडियन प्रो यूज़िक लीग में पंजाब लायन्स के कैप्टन मिका सिंह ने कहाए ष्मैं निश्चित तौर पर शादी के लिए लड़की ढूंढ़ रहा हूं। शायद मुझे इंडियन प्रो यूज़िक लीग में कोई मिल भी जाएए लेकिन मैं शादी तभी करूंगा जब सलमान खान शादी करेंगे। तब तक मैं अपनी बैचलर लाइफ एंजॉय करता रहूंगा और जैसा कि साजिद भाई ने पहले कहा है, सलमान भाई के बाद मैं ही इंडस्ट्री का एकमात्र फॉरएवर बैचलर हूं तो जब तक हो सकेमैं तब तक अपने इस टैग को बरकरार रखना चाहूंगा। मिका सिंह के इस खुलासे ने तो आप सभी को चौंका दिया होगा।



# एकता कपूर ने अजमेर दरगाह में जियारत की



**जयपुर।** फिल्म और टीवी सीरियल निर्माता एकता कपूर ने शुक्रवार को अजमेर स्थित सूफी संत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में जियारत की। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इस अवसर पर एकता कपूर के साथ वेब शो द मैरीड वुमन के कलाकार रिद्धि डोगरा और मोनिका डोगरा भी उनके साथ थी। जयपुर यात्रा के दौरान एकता कपूर ने बृहस्पतिवार को राजस्थान की महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश के साथ मुलाकात की।

## क्विक न्यूज

### प्रहलाद साहू बने जिला साहू संघ जांजगीर के सचिव



**जैजैपुर।** जिला साहू संघ जांजगीर चांपा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष डॉक्टर खिलावन साहू एवं अन्य पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह शारदा मंगलम जांजगीर में संपन्न हुआ। प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष अर्जुन हिरवानी के मुख्य आतिथ्य एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मोतीलाल साहू के अध्यक्षता तथा बिलासपुर सांसद अरुण साहू एवं जांजगीर-चांपा के विधायक नारायण चंदेल तथा अन्य अतिथियों की उपस्थिति में शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष डॉक्टर खिलावन साहू द्वारा जैजैपुर नगर के युवा शिक्षक प्रहलाद साहू को जिला सचिव का दायित्व सौंपा गया। प्रहलाद साहू को जिला साहू संघ जांजगीर चांपा का सचिव बनाए जाने पर साहू समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित किया है। प्रहलाद साहू इसके पूर्व जिला साहू संघ जांजगीर चांपा के युवा प्रकोष्ठ के सचिव रह चुके हैं।

# डबल मर्डर बना पुलिस के लिये चुनौती, देह व्यापार से जुड़ी इन दो महिलाओं को, क्यों और किसने उतारा मौत के घाट?

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



रतनपुर में शनिवार सुबह मिली दो महिलाओं की लाश के संबंध में अब तक कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। पुलिस आश्वस्त है कि दोनों महिलाएं देह व्यापार से जुड़ी हुई थी। अगर यह सच है तो फिर चौंकने की वजह यह है कि दोनों रिश्ते में सौतेली मां बेटी थी। इन लाशों की पहचान साइंस कॉलेज के पास डबरी पारा सरकंडा में रहने वाली 40 वर्षीय अनीता सिंह और लाल खदान महमंद में रहने वाली 30 वर्षीय शोभा सिंह के रूप में हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई है कि मरने से पहले दोनों महिलाओं के साथ शारीरिक संबंध बनाये गए थे। इतना ही नहीं घटनास्थल पर कुछ इस्तेमाल हुई सामग्री भी मिले हैं। असल में बाईपास के इस इलाके से गुजरने वाले ट्रक यहां ढाबे पर रुकते हैं। ट्रक ड्राइवरो की जरूरतों को पूरा करने के लिए यहां पर भोजन से लेकर शराब और शबाब उपलब्ध है। यही कारण है कि आसपास अवैध शराब से लेकर जिस्मफरोशी का कारोबार खूब फल फूल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जब से ट्रेन ट्रेनों का परिचालन बंद हुआ है तब से इस इलाके में बड़ी संख्या में किन्नर भी सक्रिय हो चुके हैं, जो ट्रक चालकों से पैसे वसूली के साथ देह व्यापार भी चला रहे हैं, जिस कारण उनका इस इलाके में देह व्यापार के लिए आने वाली महिलाओं के साथ अक्सर झगड़ा होता रहता है। पुलिस को शक है कि इस घटना के पीछे किन्नरों का भी हाथ हो सकता है। तो वही यहां से गुजरने वाले ट्रक ड्राइवरों द्वारा हत्या करने की भी पूरी आशंका है। शुरुआती जांच में पता चला है कि ट्रक जैक लीवर से इन दोनों पर हमला किया गया है। वैसे पुलिस को सबसे महत्वपूर्ण सुराग टावर लोकेशन से मिलने वाले हैं। पुलिस पता लगा रही है कि घटना के वक्त इस क्षेत्र में मोबाइल टावर की जद में कौन-कौन से मोबाइल नंबर आये थे, जिनसे जानकारियां जुटाई जाएंगी। वहीं शुक्रवार शनिवार की दरमियानी रात इलाके में देखे गए संदिग्धों की भी तलाश और उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस को घटनास्थल पर आपत्ति जनक वस्तु मिले थे जिन्हें जांच के लिए लैब भेज दिया गया है। यही पुलिस के लिए महत्वपूर्ण सुराग हो सकता हैं। आरोपी के पकड़े जाने के बाद इसका मिलान किया जाएगा। जांच के दौरान पुलिस को मृत महिलाओं के आसपास टॉर्च, चादर, कंबल, कंडोम मोबाइल मिला है। फोन से मिले कॉल डिटेल की भी जांच पुलिस कर रही है। पता चला है कि महिलाओं पर जानलेवा वार करने के बाद उन्हें खैर खुण्डी की पहाड़ी से नीचे फेंक दिया गया होगा। डॉग स्क्वाड का खोजी कुत्ता पहले एक ट्रक तक गया फिर पास ही मौजूद वकील खान के ढाबे में जाकर रुक गया। अनुमान है कि हत्यारे ढाबा में खाना खाने गए होंगे। फिलहाल इन सभी सबूतों के बाद भी हत्यारे पुलिस से कोसों दूर है, लेकिन फिर भी आईजी रतनलाल डांगी ने दावा किया है जल्द ही आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होंगे। पुलिस हत्या की वजह की तलाश कर रही है। मुमकिन है कि देह व्यापार में लिप्त महिलाओं के साथ पैसे के लेनदेन को लेकर ग्राहकों से क झगड़ा हुआ होगा। देह व्यापार में लिप्त महिलाओं में प्रतिस्पर्धा की लड़ाई भी मुमकिन है। किन्नरों के साथ टकराव के पहलू से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। इस इलाके में देह व्यापार करने वाली अन्य महिलाओं से भी पुलिस पूछताछ कर रही है, जिससे महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। लेकिन इस घटना ने रतनपुर पुलिस के लिए नई चुनौती पेश की है। बाईपास रोड के निर्माण के बाद से भारी वाहनों की आमदरफ्त इसी मार्ग से हो रही है। यहां सिर्फ नई सड़क ही नहीं बनी है बल्कि नए तरह के अपराध भी जन्म लेने लगे हैं। जुआ सट्टा, अवैध शराब और देह व्यापार। जो रतनपुर पुलिस के लिए किसी खतरे की घंटी से कम नहीं है। अगर इसपर जल्द लगाम न कसा गया तो रतनपुर में आने वाले दिनों में भी इसी तरह के अपराधो की पुनरावृत्ति होती रहेगी। इसलिए बेहद जरूरी है कि इस इलाके में पुलिस की एक चौकी बनाई जाए।

# नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपी पकड़ाए

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कोतवाली थाना क्षेत्रान्तर्गत कोष्टापारा कोतरारोड में रहने वाली सेवती साहू पति नरेश साहू उम्र 26 वर्ष पता द्वारा चिरमिरी, कोरिया निवासी सुरेश कुमार उर्फ गोलू साहू एवं प्रसाद कुमार नाहक के विरूद्ध नौकरी लगाने के नाम एक लाख रूपये की ठगी करने की शिकायत लेकर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर से मिली। थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा नौकरी के नाम पर ठगी की रिपोर्ट आने की जानकारी पुलिस अधीक्षक को अवगत कराए। जिस पर पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा अपराध कायमी कर तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम कोरिया रवाना करने के लिए निर्देशित किए। निर्देशों पर कोतवाली स्टाफ चिरमिरी कोरिया से दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया। जिन्हें धोखाधड़ी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। जानकारी के अनुसार पांच मार्च को कोष्टापारा कोतरारोड में रहने वाली सेवती साहू रिपोर्ट दर्ज कराई कि शादी के पहले वर्ष 2017 में संजीवनी नर्सिंग होम सांवडिया परिसर में रहकर पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान सहेली के परिचित सुरेश कुमार उर्फ गोलु साहू पिता देवी प्रसाद साहू निवासी डोमन हिल कोलेरी जिला कोरिया के रायगढ़ आने पर जान पहचान हुआ। सुरेश बताया कि उसके साथी प्रसाद कुमार नाहक नौकरी लगवाने एवं कम्प्युटर नर्सिंग व डिग्री कोर्स का सर्टिफिकेट बनवाने का कार्य करते हैं। आवश्यकता पड़ेगी तो तुम्हारा भी काम कर देंगे कहकर अपना मोबाईल नंबर देकर गया। दूसरी बार सुरेश साहू से मुलाकात होने पर उसने बताया कि वे अपने साथियों के साथ मिलकर बीएससी का सर्टिफिकेट बनवाकर कहीं पर भी नौकरी लगवा सकते हैं। तब उनके झांसे में आकर सेवती साहू अपना नौकरी लगवाने एवं सर्टिफिकेट बनवाने की बात की तो सुरेश कुमार साहू दो लाख दस हजार रुपये लगने की बात बोला तो सेवती सहमत हो गई और अपना आधार कार्ड 10 वीं, 12 वीं का मार्कशीट और फोटो दी तथा 10 अक्टूबर 2018 को सेवती का पति नरेश साहू द्वारा 01 लाख रूपये सुरेश साहू के सेन्ट्रल बैंक खाता में जमा कराया।

# 20 जिलों के प्रतिभागियों को पीछे छोड़ नीतू स्वर्णकार बनी मिसेज छत्तीसगढ़, कहा- पति और परिवार वालों का बड़ा योगदान

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



उद्गम फाउंडेशन, सन एंड सन ज्वैलर्स और उड़ान भारत संस्था के सहयोग से छत्तीसगढ़ के 20 जिलों में आयोजित फैशन फ्यूशन 2021के लिए अलग-अलग तिथियों में ऑडिशन एवं कंपटीशन आयोजित कराया गया था ।इसमें तीन वर्गों से मिस्टर मिस एवं मिसेज चुना गया। बिलासपुर जिले में यह प्रतियोगिता 19 दिसंबर 2020 को रामा मैग्नेटो मॉल बिलासपुर में श्रीमती कविता सोनी के द्वारा आयोजित की गई थी जिसकी विजेता श्रीमती नीतू सुरेंद्र स्वर्णकार रही ।इसके बाद रायपुर क्लब परायसो ,मारुति लाइफ़स्टाइल में 3 मार्च 2021 को मिस्टर एवं मिसेस छत्तीसगढ़ की प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई जिसमें अलग-अलग तीनों वर्गों के 40 प्रतिभागी शामिल हुए ।प्रतियोगिता पूर्व संचालक द्वारा दो दिवसीय ग्रुमिंग क्लासेस अक्षय नायक( मिस्टर यूनिवर्स )एवं कोमल सोनी काकरिया (उड़ान भारत फाउंडर) के द्वारा कराया गया। मुख्य अतिथि सांसद सुनील सोनी और राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा किरणमयी नायक व अन्य अतिथि शामिल हुए। निर्णायक मंडल में प्रेरणा ढा बर्दे ( मिसेज इंडिया ग्लोबल क्वीन आफ क्वीन) अमन रतन वर्मा( सेलिब्रिटी होस्ट) श्वेता पड्डा ( मिस इंडिया 2015 सेलिब्रिटी शो स्टॉपर )स्पंदना पल्ली (फेमिना मिस इंडिया छत्तीसगढ़ )श्रीमती मोहसिना अली (छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट) एवं डॉ अजय सहाय( एमडी मेडिसिन रायपुर) थे ।स्पर्धा के निर्णायक दिन अलग-अलग राउंड में कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें श्रीमती नीतू स्वर्णकार को छत्तीसगढ़ का विजेता का खिताब दिया गया। प्रतियोगिता के अंत में सभी प्रतियोगियों से अलग-अलग सवाल पूछे गए जिसमें नीतू स्वर्णकार से दो बेटियों की मां एवं वर्किंग होने के नाते उनके लिए भगवान और बड़ा कौन होता है तो उन्होंने मां को बड़ा बताया और कहा कि मां हीजन्म देती है और मां ही बताती है कि भगवान कौन है। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान सिम्स में लेखा शाखा में कार्यरत नीतू स्वर्णकार के पति पुलिस विभाग में टी आई है। उनका मायका कांकेर में है तो ससुराल सरिया जिला रायगढ़ में है। नीतू स्वर्णकार ने बताया कि मिस छत्तीसगढ़ तक पहुंचने के लिए उनकी सास उनके ससुर तथा पति का बड़ा योगदान है। ससुर श्यामसुंदर स्वर्णकार तथा सास रेणुका स्वर्णकार ने मुझे लगातार प्रोत्साहित किया । मेरी 9 और 7 साल की दो बेटियां हैं ।मिसेस छत्तीसगढ़ चुने जाने के बाद मैं बहुत उत्साहित हूं और मिसेज इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेने की पूरी तैयारी कर रही हूं प्रतियोगिता जून माह में आयोजित है।

# शक्ति में विधानसभा अध्यक्ष सहित कांग्रेसी नेताओं का हुआ स्वागत

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



शक्ति विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत, छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, एवं छत्तीसगढ़ शासन गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास 6 मार्च को अपने प्रवास पर शक्ति पहुंचे, इस दौरान तुर्री से शक्ति मार्ग पर शहर की प्रवेश सीमा में ईदगाह चौक के पास शक्ति प्रेस क्लब शक्ति के अध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक- 4 के पार्षद ईश्वर लोधी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में वार्ड वासियों सहित नागरिकों ने आगंतुकों का ढोल बाजे एवं आतिशबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया, इस दौरान शक्ति प्रेस क्लब शक्ति के अध्यक्ष ईश्वर लोधी के साथ जहां सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भी विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश के राजस्व मंत्री का स्वागत किया तो वही लोगों की भीड़ स्वागत करने के लिए उमड़ पड़ी एवं इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष एवं राजस्व मंत्री ने लोगों से आत्मीय ढंग से मुलाकात करते हुए लोगों की समस्याएं सुनी तथा सबका हालचाल जाना इस दौरान शक्ति प्रेस क्लब शक्ति के अध्यक्ष ईश्वर लोधी ने भी विभिन्न जानकारियां विधानसभा अध्यक्ष को दी, तथा उन्हें शहर विकास को लेकर अवगत कराया, इस दौरान ईदगाह चौक में विभिन्न जनप्रतिनिधि तथा पत्रकार साथी भी उपस्थित रहे, इसके पश्चात विधानसभा अध्यक्ष पूर्व जनपद सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता साधेश्वर गबेल के निवास पहुंचे जहां उन्होंने विगत दिनों गबेल परिवार में संपन्न शुभ विवाह के दौरान नव युगल जोड़े को आशीर्वाद प्रदान किया तथा गबेल परिवार की ओर से विधानसभा अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत करते हुए जलपान भी कराया गया, इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष को अनेकों ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याओं का ज्ञापन सौंपा जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को इसका निराकरण करने की मांग की।

### संकल्प हॉस्पिटल अंबिकापुर की प्रतिष्ठित चिकित्सक स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकिता गोयल पहुंची



पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

6 मार्च को अम्बिकापुर शहर से 10 किलोमीटर सुदूर कतकालो ग्राम में प्रेमलता गोयल, डॉ. अंकिता गोयल एवं अलका गर्ग ने पहुंचकर श्रीमद भागवत कथा में उपस्थित ग्रामीण महिलाएं, पुरुष युवा, बच्चों के बीच शिक्षा स्वच्छता एवं बीमारियों से बचने के लिए स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। प्रेमलता ने कहा की आपकी जो भी स्वास्थ्यगत समस्याये है डॉ. अंकिता गोयल को जरूर दिखाएं तथा गांव के समिति अध्यक्ष ने कहा कि आप फिर यहां पहुंचकर स्वास्थ्य कैंप जरूर लगाएं हमारे ग्रामीण जन को जिससे कि फायदा होगा, श्री राम की कृपा से आप यहां आए और हमारा उत्साह बढ़ाया हमें संस्कृति के साथ ही साथ शिक्षा एवं संस्कारों का भी ध्यान देना है हम स्वस्थ रहेंगे तब यह सब कार्य कर सकेंगे।

# नगर पंचायत अड़भार में कार्यशाला सम्पन्न

**सक्ती।** नगर पंचायत अड़भार में दिनांक 07.03.2021 दिन-रविवार को स्वच्छ्ता संकल्प देश का, हर रविवार विशेष सा कार्यक्रम /आई ई सी कैम्पेन के तहत निकाय के महिला लीडर्स, स्वच्छ्ता दीदीयों तथा निकाय के सफाई कर्मियों को आमंत्रित कर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गीला, सूखा और घरेलू हानिकारक कचरे के निपटान एवं प्रबंधन विषय पर जानकारी दिए जाने उपरान्त संबंधितों को सम्मानित किया गया,उक्त कार्यक्रम में मान. जनप्रतिनिधिगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, स्वच्छ्ता दीदियाँ, सफाई कर्मचारी, एवं निकाय समस्त अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# पटवारी से अधिवक्ता बने संतोष पाण्डेय और राज्य अधिवक्ता परिषद के पूर्व पदाधिकारियों के बीच चल रहा आरोप प्रत्यारोप, पूर्व अध्यक्ष प्रभाकर चंदेल ने कहा - निलंबित अधिवक्ता संतोष पाण्डेय फ्राड है

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




राज्य अधिवक्ता परिषद के पूर्व पदाधिकारियों और पटवारी की नौकरी छोड़ अधिवक्ता बने संतोष पाण्डेय के बीच आरोप प्रत्यारोप जारी है ।दोनो पक्ष एक दूसरे पर आरोप लगा रहे है पूर्व अध्यक्ष प्रभाकर सिंह चंदेल ने प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि निलंबित पटवारी और अधिवक्ता संतोष पांडेय आदतन अपराधी है, फ्रॉड है। अपने गुनाहों को छुपाने और बचने के लिए काला कोट पहन लिया है। एक फर्जी वकील 27 हजार असली वकीलों के बीच मे आ गया और प्रेक्टिस कर रहा है ये दुर्भाग्यजनक बात है। मैं अधिवक्ता परिषद के वर्तमान पदाधिकारियों से गुजारिश करना चाहता हूं कि उसके खिलाफ सख्त और जल्द करवाई करें, क्योकि वह ब्यक्ति एक मिनट के लिए भी बैंड पहनने का अधिकार नही रखता। श्रीचंदेल ने कहा कि संतोष पांडेय निलम्बित पटवारी, उसके खिलाफ अनेकों जांच चल रही है। इन्ही सबसे बचने के लिए ही उसने छलपूर्वक और गलत जानकारी देते हुए राज्य अधिवक्ता परिषद में अपना पंजीयन कराया है। पंजीयन कराते समय उसने शपथ पत्र में बताया है कि वो पटवारी थे लेकिन ब्रेक्र्स ले चुके है। जबकि वह पटवारी के पद से निलंबित हुए है, वह ब्रेक्र्स नही लिया है।उसके खिलाफ जांच चल रही है और हर महीने उसे 17261 रुपए जीवन निर्वाहभत्ता दिया जा रहा है। इस संबंध में संतोष पांडेय के खिलाफ हुई तो जांच में सही पाया गया है। राज्य अधिवक्ता परिषद के सामान्य सभा मे प्रस्ताव पारित किया गया था कि श्रीपांडेय का पंजीयन निरस्त किया जाय और उसके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाय। उसके खिलाफ करवाई होती इसके पहले हमारा कार्यकाल समाप्त हो गया। अभी विशेष समिति का गठन किया गया है आगे की करवाई विशेष समिति को करना चाहिए।

#### ऐसा ऑडियो या वीडियो है तो सार्वजनिक करे

श्री चंदेल से जब पूछा गया कि आप पर पैसे मांगने का आरोप लग रहा है तो उन्होंने कहा कि उनका ये आरोप पूरी तरह निराधार है। यदि इस संबंध में उनके पास कोई सबूत है, चाहे वो ऑडियो के रूप में हो या वीडियो के रूप में हो तो उसे सार्वजिक करे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अधिवक्ता परिषद के अध्यक्षो के खिलाफ षड्यंत्र करते रहते है। ये संतोष पांडेय उन्ही षडयंत्रकारियो के साथ जाके मिल गए है। ऐसे लोगो की संख्या 10 से 15 लोग ही है। इन्हें पूरा कोर्ट जनता है। 26 हजार अधिवक्ताओ ने मुझे अपना अध्यक्ष बनाया था। यदि उनका भरोसा मुझमे है तो ये चंद षड्यंत्रकारी लोग उनका कुछ नही बिगाड़ पाएंगे।

### विश्व महिला दिवस पर विशेष - गांव-गांव में साइकिल से घूमकर स्वास्थ्य जागरुकता की जलाई अलख

# रायगढ़ की मदर टेरेसा प्रतिमा, आदिवासी क्षेत्र में 1,000 से अधिक करा चुकी है संस्थागत प्रसव

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय से उत्तर-पूर्व की दिशा में मात्र 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है आदिवासी क्षेत्र बिंजकोट। भालू प्रभावित, वानरों-सर्पों से भरा वन क्षेत्र, यहां व आसपास के 4 अन्य गांव के ग्रामीण कम ही शिक्षित हैं फिर भी बीते 25 साल से यहां एक भी प्रसव घर में नहीं हुआ है। प्रसव के दौरान किसी भी गर्भवती की मौत नहीं हुई है। सिर्फ दो महिलाओं का ऑपरेशन से प्रसव हुआ है। शिशुवती महिलाओं को क्या खाना है क्या नहीं, गर्भवती महिलाओं की देखभाल और 2,700 आबादी वाले इन इलाकों में हर बच्चे का टीकाकरण समय पर होता है। इसका कारण है 54 साल की प्रतिमा दास। वो अपनी साइकिल से दो दशक से अधिक समय से गांव में घूम-घूमकर स्वास्थ्य की अलख जगा रही हैं। कहने को तो वह नर्स के पद पर कार्यरत हैं, लेकिन उन्हें इन ग्रामीण इलाकों में बहुत ही सम्मान हासिल है। ग्रामीणों के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग में उन्हें रायगढ़ की मदर टेरेसा कहा जाता है। उन्होंने 1,000 से अधिक संस्थागत प्रसव कराए हैं। प्रसूता की पूरी देखभाल प्रतिमा ही करती है। बीते 25 साल वे बिंजकोट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बतौर नर्स अपनी सेवाएं दे रही है। जब वह यहां आई थी तब सड़क भी नहीं थी, एक कमरे में उन्हें स्वास्थ्य केंद्र चलाना पड़ता था। भालू कभी भी केंद्र में आ जाता, सांप तो केंद्र में डेरा डाले रहते थे। वहां के लोग इतने शिक्षित भी नहीं थे इसलिए दवा-इलाज के बारे में लोगों को बिलकुल पता नहीं था, बीमारी होने की सूचना पर वह किसी के घर जाती तो लोग दरवाजा बंद कर लेते थे एवं अपशब्द कहकर घर से भगा देते थे। धीरे-धीरे उन्होंने लोगों के मन में विश्वास जताया कि दवा और इलाज दोनों सरकारी है और मुफ्त में उपलब्ध है। समय के साथ लोग और प्रतिमा दोनों का एक दूसरे के प्रति लगाव बढ़ता गया और बिंजकोट, नवापाली, बोईरडीह, धनुआडेरा और एकताल के ग्रामीण हर किसी छोटी से छोटी स्वास्थ्य संबंधी समस्या के लिए सबसे पहले अपनी दास दीदी-बुआ-फूफ्फू-मौसी के पास आते गए। अब अपने कार्यक्षेत्र के अंदर आने वाले पांच गांव के अलावे आधा दर्जन दूसरे गांव के लोग भी उनके पास ही आते हैं।

**लोगों की सेवा में आता है आनंद- प्रतिमा** - प्रतिमा बताती है झोलाछाप डॉक्टर्स की पकड़ गांव में बहुत ज्यादा होती है। उनके इलाज से लोगों को दूर रखना पहली प्राथमिकता है। कई बार इन झोलाछाप से उनकी बहस भी हुई है। ग्रामीणों को विश्वास में लेकर इन झोलाछाप का प्रभाव अब धीरे-धीरे इन इलाकों में कम हो रहा है। शादी नहीं करने की बात पर प्रतिमा कहती है मैं 24 घंटे लोगों की सेवा के लिए तैयार रहती हूं, मेरे प्रति इन गांवों में बहुत सम्मान है इसलिए मुझे कभी भी और किसी भी समय डर नहीं लगा। शादी के बाद जीवन में एक बंधन आ जाता जो मेरे सेवा भाव में बाधा डालता। इसलिए मैं बिना शादी किए लोगों की सेवा से बहुत खुश हूं। पांच गांव में कौन सी महिला गर्भवती है। किसके बच्चे का टीका होने वाला है, कौन सी किशोरी को माहवारी संबंधी ज्ञान देना है यह सब मुझे पता रहता है, यही मेरी जिंदगी है और मेरी खुशी भी यही है। स्वास्थ्य विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व खंड चिकित्सा अधिकारी का हमेशा से मुझे भरपूर सहयोग मिलता रहा है।

**हमारे लिए इलाज यानी प्रतिमा फूफ्फू-** बिंजकोट के ग्रामीण शेष कुमार बताते हैं मैं अपने बचपने से दास फूफ्फू को देख रहा हूं। हम किसी भी बीमारी का नाम सुनते ही तुरंत उनके पास जाते हैं। वो ही हमारे लिए डॉक्टर, अस्तपताल, इलाज और दवा सब कुछ है।

# भारत तिब्बत सहयोग मंच की प्रदेश कार्यसमिति घोषित, अभिमन्यु राठौर बनाये गए प्रदेश मंत्री

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय संयोजक इंद्रेश के मार्गदर्शन एवं चंद्रशेखर साहू (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन) के निर्देशन में प्रदेश महामंत्री चंद्रशेखर बघेल की अनुशंसा से, प्रदेश अध्यक्ष कैलाश गुप्ता ने मंच की प्रदेश कार्यसमिति की घोषणा आज की, घोषित कार्यसमिति में जांजगीर के अभिमन्यु राठौर को बड़ी जवाबदारी देते हुए प्रदेश मंत्री बनाया गया है। राठौर वर्तमान में भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक भी हैं। इसके पूर्व वे विद्यार्थी परिषद के जिला सहसंयोजक का दायित्व निर्वहन कर चुके हैं,उनकी नियुक्ति पर लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है। हर्ष व्याप्त करने पर प्रशांत सिंह ठाकुर, अनुराग तिवारी, जितेंद्र देवांगन, पंकज अग्रवाल, सुदीप उपाध्याय, राहुल सेन, सजीव राठौर, सागर राठौर, शिव कश्यप, प्रकाश कहरा, प्रमोद कहरा, सोमा राठौर, हेमंत पैगवार, के साथ अन्य लोग उपस्थित थे एवं सभी ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

















सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403